सूर्योदय : 6:54
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 22
न्यूनतम : 8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-195 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 04 जनवरी 2026
14 रजब 1447 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# 125 साल बाद भारत की विरासत लौटी

## ■ बौद्ध भिक्षुओं के सामने पीएम मोदी ने किया जिक्र



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भगवान बुद्ध से जुड़ी वस्तुओं की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये वस्तुएं भारत की अनमोल विरासत का हिस्सा हैं। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पवित्र पिपरहवा अवशेष वियतनाम, थाईलैंड और रूस जैसे देशों की यात्रा कर चुके हैं, जहां बौद्ध धर्म को मानने वाले लोग बड़ी संख्या में हैं। इन देशों में लोगों ने बड़ी श्रद्धा से इन अवशेषों के दर्शन किए। दक्षिण दिल्ली के किला राय पिथोरा सांस्कृतिक परिसर में लाइट एंड लोटस रेलिक्स ऑफ द अवेकंड वंस नाम की प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध की यह साझा विरासत दिखाती है कि भारत सिर्फ कूटनीति और अर्थव्यवस्था से नहीं, बल्कि आस्था व आध्यात्मिकता के गहरे रिश्तों से भी जुड़ा है।

उन्होंने याद दिलाया कि सरकार और गोदरेज समूह के हस्तक्षेप से ये पवित्र अवशेष 125 वर्षों से अधिक समय बाद भारत लाए गए हैं। मोदी ने कहा कि दोनों ने मिलकर पिछले साल मई में हांगकांग में इनकी नीलामी रोकी थी। प्रधानमंत्री ने बौद्ध विद्वानों, राजनयिकों और अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कहा, भारत के लिए, बुद्ध के पवित्र अवशेष केवल अवशेष नहीं हैं, बल्कि हमारी वंदनीय विरासत व सभ्यता का एक अटूट हिस्सा हैं।

मोदी ने कहा, भारत न केवल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का संरक्षक है, बल्कि उनकी परंपरा का जीवंत वाहक भी है। वाराणसी के पास सारनाथ, जहां भगवान बुद्ध ने पहला उपदेश दिया था, उनकी कर्मभूमि है। मोदी ने नेपाल के लुम्बिनी, जापान के तो-जी मंदिर और किंकाकु-जी, चीन के शीआन में स्थित जायंट वाइल्ड गूज पैगोडा व मंगोलिया के गांडन मठ की अपनी यात्राओं को याद किया।

### बुद्ध सबके हैं सबको जोड़ते हैं

प्रधानमंत्री ने कहा, भगवान बुद्ध सबके हैं... सबको जोड़ते हैं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली समझता हूं, क्योंकि भगवान बुद्ध का मेरे जीवन में बहुत ही गहरा स्थान रहा है। मेरा जन्म जिस वडनगर में हुआ, वो बौद्ध शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र था। जिस भूमि पर भगवान बुद्ध ने प्रथम उपदेश दिए, वो सारनाथ आज मेरी कर्मभूमि है। भारत केवल भगवान बुद्ध के पावन अवशेषों का संरक्षक नहीं है, बल्कि उनकी परंपरा का जीवंत वाहक भी है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध से जुड़े अवशेष बुद्ध के संदेश की जीवित उपस्थिति है।

# भारत-विरोधी कौन लोग भाजपा ने कांग्रेस से पूछा



**नई दिल्ली।** बीजेपी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर बहुत ही गंभीर संदेह जताया है। पार्टी ने उनकी वियतनाम यात्रा की खबरों के बीच कांग्रेस से सवाल पूछा है कि जब कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी उन्हें किसी स्कूल तक के कार्यक्रम में बुलाना जरूरी नहीं समझते तो फिर विदेशी विश्वविद्यालयों में उन्हें बुलाने वाले लोग कौन हैं?

दरअसल, दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद के जेल में होने पर जिस तरह से कुछ अमेरिकी सांसदों ने भारत को चिट्ठी लिखी है, उससे राहुल पर बीजेपी ज्यादा भड़की हुई है। क्योंकि, इनमें ऐसे भारत-विरोधी लोग हैं, जिनसे यात्रा के दौरान राहुल पर मुलाकात के आरोप हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का विदेश दौरा पिछले साल दिसंबर में संसद सत्र से ही फिर चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अमित शाह ने 373 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास

## ■ अंडमान-निकोबार को केंद्र की सौगात



**श्री विजयपुरम।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जोर देकर कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 10 वर्षों में देश के खजाने में एक प्रमुख योगदानकर्ता बन जाएगा। उन्होंने यह आशा भी व्यक्त की है कि दो वर्षों में भारत वर्तमान में चौथे स्थान से आगे बढ़कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

दरअसल, अमित शाह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 373 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे, जिसे उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में एक तीर्थ स्थल बताया। द्वीपसमूह में अंतरराष्ट्रीय माल ढुलाई परियोजना, तेल अन्वेषण परीक्षण और अन्य विकासात्मक परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि द्वीपों के इस समूह को कभी देश के खजाने पर बोझ माना जाता था।

श्री विजयपुरम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, इन 11 वर्षों में जो परिवर्तन हुआ है, वह भारतीय जनता पार्टी की देश की हर इंच भूमि को भारत माता मानने की अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है। इसी पहल के तहत आज नौ प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और दो अन्य परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। एक ही दिन में 373 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। इसमें 229 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एक एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र भी शामिल है, जो सुरक्षा उद्देश्यों के लिए एक व्यापक एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र होगा, जो भारत के किसी भी विकसित शहर में मौजूद केंद्रों के समकक्ष होगा।

उन्होंने अपने बयान में कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि के तहत, मुझे विश्वास है कि अगले 10 वर्षों के बाद यह द्वीपसमूह देश के खजाने में एक प्रमुख योगदानकर्ता होगा।

# दालमंडी के चौड़ीकरण में तेजी लाएं

## ■ वाराणसी में बोले सीएम- वेडिंग जोन बनाकर जाम का करें समाधान



**वाराणसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने दालमंडी सड़क चौड़ीकरण हेतु भूमि अधिग्रहण के कार्यों को शीघ्रता से किए जाने के साथ ही सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इससे संबंधित न्यायालयों में लंबित मामलों की उचित पैरवी कर शीघ्रता से निस्तारण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में बाढ़ बचाव से सम्बन्धित कार्यों हेतु जनप्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए उनके सुझावों को भी प्रस्तावों में शामिल करें। वरुणा नदी पुनरोद्धार हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

नाविकों से लगातार संवाद बढ़ाये जाने पर जोर दिया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। कहा कि, घाट श्रद्धालुओं के लिए है जो पवित्रता का स्थल है, वहां किसी भी तरह का धरना प्रदर्शन तथा अराजकता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी हर कार्य की मॉनिटरिंग करें तथा किसी भी स्तर पर यदि बाधा परिलक्षित होती है तो उसका अविलंब निस्तारण कराए। ताकि अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि सीवरेज तथा पेयजल हेतु नगर निगम तथा जलनिगम अपनी कार्यप्रणाली पर गंभीरता से नजर रखें।

# प्रदेश में साइबर अपराध पर नकेल कसेंगे खास तरह के कमांडो

**लखनऊ।** साइबर अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए साइबर कमांडो की एक टीम तैयार की गई है। आधुनिक उपकरणों और साइबर संबंधी जानकारी से ये कमांडो लैस हैं। टीम को मुख्यालय में तैनात किया गया। फिलहाल कमांडो जिले, जोन व रेंज के पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। इससे साइबर अपराध को रोकने और अपराधियों को गिरफ्त में लेने में आसानी होगी।

डीजी साइबर व सीआईडी के मुताबिक 15 सदस्यीय टीम को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईटी कानपुर व राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के एक्सपर्ट के साथ साथ गुजरात के साइबर विशेषज्ञों ने ट्रेनिंग दी गई है। जिसमें तकनीकी जानकारी दी गई है कि किस तरह से साइबर अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# भाजपा विधायक पंचतत्व में विलीन, मंत्री-विधायकों ने दिया कंधा

## ■ बरेली में सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि



**बरेली।** फरीदपुर से भाजपा विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल के निधन का दुखद समाचार पाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को बरेली पहुंचे। उनके साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी थे। मुख्यमंत्री ने पहले दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि दी और उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। फिर एक कमरे में कुछ पल बैठकर दिवंगत विधायक की पत्नी व दोनों बेटियों व बेटे ईशान से दुख साझा किया और उन्हें हिम्मत रखने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री के पूछने पर दिवंगत विधायक की बेटी शिल्पी ग्वाल ने बताया कि वह बरेली में ही रक्षा संपदा अधिकारी के पद पर नियुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने विधायक की दूसरी बेटी और बेटे ईशान के कॅरिअर के बारे में भी जाना। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया, कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, हिम्मत रखिए... हम सभी आपके साथ हैं। पूरी भाजपा आपके साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्याम बिहारी लाल के न रहने से पार्टी की बड़ी क्षति हुई, उसकी भरपाई नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि इश्वर की मर्जी के आगे हम लोग भी कुछ नहीं कर कसते हैं। इस दौरान वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख भी थे। मुख्यमंत्री के रवाना होने के बाद दिवंगत विधायक के अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हुई। फूल-मालाओं से सजाकर उनकी अंतिम यात्रा की तैयारी होने लगी थी।

कुछ देर बाद उनके पार्थिव शरीर को भाजपा के झंडे में लपेट कर घर से बाहर लाया गया और उसे अंतिम यात्रा के लिए वाहन पर रखा गया। दोपहर एक बजे आवास से अंतिम यात्रा फरीदपुर के लिए निकली। घर से बाहर स्वर्गवाहन तक पार्थिव शरीर को लाने के दौरान मंत्री-विधायकों ने उन्हें कंधा दिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कंधा दिया। शोकाकुल परिवार से मिलने के दौरान मुख्यमंत्री ने अंतिम संस्कार की व्यवस्थाओं और इंतजामों को जानने के लिए डीएम को दिवंगत विधायक के घर बुलाया।

### योगी ने परिवार को दी सांत्वना

मुख्यमंत्री शनिवार सुबह शक्तिनगर कॉलोनी स्थित दिवंगत विधायक के घर पहुंच गए थे। इसके बाद वह 10.58 बजे वापस त्रिशूल एयरपोर्ट के लिए निकल गए थे। इस बीच 15 मिनट मुख्यमंत्री ने दिवंगत विधायक के शोकाकुल परिवार के साथ बिताया। परिवार को सांत्वना देकर कहा कि पूरी पार्टी इस दुख की घड़ी में आपके साथ है।

# अमेरिका ने वेनेजुएला पर की कार्रवाई

## ■ ट्रंप का दावा, मादुरो को देश से बाहर ले गए अमेरिकी सैनिक



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उनके सुरक्षाबलों ने वेनेजुएला में एक बड़ी कार्रवाई की और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को देश से बाहर ले गए। ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर इसकी जानकारी देते हुए कहा, अमेरिका ने वेनेजुएला में बड़े स्तर पर हमला करके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया है और उनको देश से बाहर ले जाया गया है। यह ऑपरेशन अमेरिकी एजेंसियों के साथ मिलकर किया गया।

उन्होंने कहा कि इस बारे में विस्तृत जानकारी शनिवार अपरान्ह 11 बजे (स्थानीय समयानुसार) एक संवाददाता सम्मेलन में दी जाएगी। इससे पहले वेनेजुएला की राजधानी काराकस में शनिवार तड़के कई जोरदार धमाकों और विमानों के उड़ान भरने की आवाजें सुनी गईं। इससे निवासियों में दहशत फैल गई। अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के अनुसार, काराकस के कई हिस्सों में लोग शक्तिशाली धमाकों और उसके बाद कम ऊंचाई पर उड़ रहे विमानों की आवाज से जाग गए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने आसमान में चमक और शहर के कुछ इलाकों, खासकर रणनीतिक और सैन्य ठिकानों के पास से धुआं उठता देखा। रिपोर्टों के मुताबिक, धमाके की आवाज सुनकर कई लोग डर से अपने घरों से बाहर निकल आये थे। धमाकों के बाद कुछ इलाकों में बिजली गुल होने की खबर है। सुरक्षा बल प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी कर रहे हैं, वहीं अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। वेनेजुएला सरकार ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है। काराकास और अन्य जगहों पर धमाकों की खबर के बाद सरकार ने इसे देश के कई हिस्सों पर अमेरिका का किया गया 'बहुत ही गंभीर सैन्य हमला' करार दिया है।

# बस्तर रेंज में बड़ा नक्सल विरोधी अभियान, मुठभेड़ में 14 माओवादी ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर रेंज में नक्सल विरोधी अभियानों के अंतर्गत शनिवार को सुरक्षा बलों ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए 14 माओवादियों को ढेर कर दिया है। बीजापुर एवं सुकमा जिलों के दक्षिणी क्षेत्रों में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना के आधार पर संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया और अभियान के दौरान अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ों में कुल 14 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं।

बस्तर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दक्षिण बस्तर क्षेत्र में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीमें सर्च ऑपरेशन पर रवाना की गई थीं। बीजापुर जिले में शनिवार सुबह लगभग पांच बजे से डीआरजी और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ शुरू हुई, जो लंबे समय तक जारी रही। वहीं सुकमा जिले में भी सुबह करीब आठ बजे से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी चालू है। इन कार्रवाइयों में बीजापुर जिले से दो तथा सुकमा जिले से 12 माओवादियों के शव बरामद किए गए, इस तरह कुल 14 माओवादी मारे जा चुके हैं।

# सपा सरकार बनने पर महिलाओं को हर साल 40 हजार

## ■ अखिलेश ने की घोषणा, प्रदेश को भाजपा ने दिया धोखा



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से हर वर्ग त्रस्त है। भाजपा जनता को गुमराह करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाएगी। मंत्रिमंडल विस्तार के नाम पर जनता को धोखा देने के लिए मंत्री बनाएगी। भाजपा को हटाने के लिए सावधान रहकर राजनीति करनी है। वर्ष 2027 में सपा की सरकार बनने पर महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये देकर उनकी मदद की जाएगी। यह मदद पात्र महिलाओं के लिए होगी।

सपा अध्यक्ष शनिवार को विभिन्न जिलों से प्रदेश सपा मुख्यालय पर आए कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर विभाग में लूट मची है। यूरिया खाद से लेकर धान खरीद तक में कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था सभी को बर्बाद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों की सही कीमत नहीं मिल रही है। दुग्ध उत्पादकों को दूध का सही दाम नहीं मिल रहा है। बिचौलिए मुनाफा कमा रहे है और उन्हें मुनाफाखोरों को सरकार का संरक्षण है। जनता को भाजपा सरकार की विफलताएं बतानी होंगी। भाजपा सरकार हर मामले में फेल हो गई है। बजट को लेकर गुमराह नहीं होना है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी और पूर्व सांसद अरविंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### सावित्री बाई फुले की मनाई जयंती

सपा मुख्यालय पर देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। अखिलेश ने कहा कि भारत में महिला शिक्षा की ज्योति जलाकर महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करने वाली सावित्री बाई फुले महान समाज सेविका भी थीं।

**चिंताजनक** — एम्स की रिसर्च में 18 से 45 वर्ष के युवाओं को ज्यादा खतरा

# भारत में अचानक युवाओं की क्यों हो रही मौत, बड़ा खुलासा

## ■ हर पांचवीं मौत की वजह अब भी रहस्य




**नई दिल्ली।** भारत में युवाओं की अचानक मौत एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। चिंता की बात यह है कि 20 से 40 वर्ष की उम्र के बिल्कुल स्वस्थ दिखने वाले लोग बिना किसी चेतावनी के अचानक गिरकर दम तोड़ रहे हैं।

कोरोना महामारी के बाद ऐसे ही कई वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहे हैं। शादी में नाचते व्यक्ति, बैडमिंटन खेलते खिलाड़ी या दोस्तों के साथ चलते युवक के अचानक गिरने के वायरल वीडियो ने इस डर को और बढ़ाया है। इन वीडियो में दावा किया जा रहा है कि स्वस्थ दिखने वाले युवाओं की अचानक कार्डियक अरेस्ट की वजह से मौत हो रही है। डॉक्टरों को 30 व 40 की उम्र के लोगों में अचानक, अप्रत्याशित मौतों की चिंता है।

इस समस्या को समझने के लिए, एम्स नई दिल्ली ने एक नई रिसर्च की है, जो इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में प्रकाशित हुआ है। यह अध्ययन भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की एक बड़ी परियोजना का हिस्सा है। इसका मकसद यह पता लगाना था कि अचानक मौतें कितनी बार होती हैं, उनके कारण क्या हैं और खासकर युवा वयस्कों में इनसे जुड़े जोखिम कारक क्या हैं। इस अध्ययन में 2,214 लोगों के पोस्टमॉर्टम की जांच की गई। इनमें से 180 मौतें (8.1प्रतिशत) अचानक मृत्यु की श्रेणी में आईं। चौंकाने वाली बात यह रही कि इनमें से 103 मौतें (57.2 प्रतिशत) 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं की थीं। अधिकतर मामलों में परिजनों ने बताया कि मृतक घटना से पहले तक पूरी तरह स्वस्थ लग रहे थे।

भारत में अचानक मौतों का कोई आधिकारिक नेशनल रिकॉर्ड नहीं है, खासकर युवा वयस्कों में। एम्स नई दिल्ली के फोरेंसिक मेडिसिन और पैथोलॉजी विभागों के शोधकर्ताओं ने मई 2023 से अप्रैल 2024 के बीच किए गए 2,214 मेडिको-लीगल पोस्टमॉर्टम का विश्लेषण किया। रिसर्च में सामने आया कि 21.3 प्रतिशत मामलों में पूरी जांच के बाद भी मौत की स्पष्ट वजह नहीं मिल सकी। इन्हें नेगेटिव ऑटोप्सी कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे मामलों में दिल की इलेक्ट्रिकल (रिदम) जिम्मेदार हो सकती हैं, जो शरीर में कोई संरचनात्मक बदलाव नहीं छोड़तीं और सामान्य पोस्टमॉर्टम में पकड़ में नहीं आतीं। पीएसआरआई हार्ट इंस्टीट्यूट के चेयरमैन ने कहा कि यह अध्ययन युवाओं में समय से पहले होने वाली कोरोनरी आर्टरी डिजीज की गंभीरता को दिखाता है।

### हृदय रोग के कारण सबसे अधिक युवाओं की मौत

एम्स द्वारा की गई इस रिसर्च का सबसे अहम निष्कर्ष यह है कि युवाओं में अचानक मौत का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग है। 42.6 प्रतिशत मामलों में मौत की वजह दिल से जुड़ी बीमारियां रहीं। पोस्टमॉर्टम में पाया गया कि कई युवाओं की हृदय धमनियों में 70 प्रतिशत से ज्यादा रुकावट थी। सबसे ज्यादा प्रभावित धमनी लेफ्ट एंटीरियर डिसेंडिंग पाई गई, जो जानलेवा हार्ट अटैक का सामान्य पैटर्न है। रिसर्च के अनुसार, यह बात विशेष रूप से चिंताजनक है कि इन व्यक्तियों में से अधिकांश ने हार्ट से जुड़ी कोई भी दवा नहीं ली थी, कई मामलों में तो दिल की समस्याओं के लिए कभी जांच भी नहीं करवाई गई थी। अध्ययन के अनुसार, इसका मतलब यह है कि युवा भारतीयों में घातक दिल की बीमारी अक्सर बिना किसी चेतावनी के चुपचाप बढ़ रही होती है।

# 300 किमी. तक मार करेगा रॉकेट

## ■ देश की डिफेंस कंपनी को सेना से मिला 292 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना अपनी रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम को और मजबूत करने के लिए स्वदेशी डिफेंस कंपनी नाइब लिमिटेड के साथ 292 करोड़ रुपये का एक बड़ा सौदा करने जा रही है। इस सौदे के तहत सेना को ग्राउंड इक्विपमेंट, एक्सेसरीज और खास तरह के रॉकेट मिलेंगे। यह खरीद सेना की लंबी अवधि की योजनाओं का हिस्सा है, जिसका मकसद दुश्मन पर तेजी से और गहराई तक मार करने की क्षमता को बढ़ाना है।

नाइब कंपनी ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में बताया है कि उन्होंने भारतीय सेना के साथ एक सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। इस कॉन्ट्रैक्ट के तहत नाइब, यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम के लिए ग्राउंड इक्विपमेंट, एक्सेसरीज, ईएसपी (इलेक्ट्रॉनिक सपोर्ट मेजर्स) और एम्युनिशन (गोला-बारूद) का निर्माण और सप्लाई करेगी। यह सिस्टम खास इसलिए है क्योंकि यह 150 किलोमीटर और 300 किलोमीटर तक की दूरी पर मार करने वाले अलग-अलग तरह के रॉकेट दाग सकता है। इस पूरे सौदे की कुल कीमत 292.69 करोड़ रुपये है, जिसमें सभी टैक्स शामिल हैं।

नाइब खुद को एक ऐसी डिफेंस प्रोडेक्ट कंपनी बताती है जो भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए जरूरी सिस्टम और पुर्जे बनाती है। सूत्रों के मुताबिक, यह ऑर्डर इजरायली पल्ससिस्टम के लिए है। खास बात यह है कि यह खरीद इमरजेंसी प्रोक्योरमेंट (ईपी) रूट के तहत की जा रही है। इसका मतलब है कि सेना को यह सामान जल्दी चाहिए। कंपनी अगले 12 महीनों के अंदर किश्तों में इस ऑर्डर को पूरा करके सप्लाई करेगी। यह इमरजेंसी प्रोक्योरमेंट (ईपी) की सुविधा मई 2020 में चीन के साथ हुए एलएसी के तनाव के बाद शुरू की गई थी।

# सपा कार्यालय लोहिया भवन में क्रान्ति ज्योति माता सावित्री बाई फुले की धूमधाम से मनाई गई जयंती



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन में क्रान्ति ज्योति माता सावित्री बाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पार्टी ज़िला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव तथा संचालन पार्टी महासचिव अंसार महलूद नें किया।इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओ एवं नेताओं नें उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें शद्धांजलि दी संगोष्ठी में एकत्र कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने कहा कि सावित्री बाई फुले पहली महिला शिक्षिका,समाज सुधारक तथा कवित्री थी।इन्होने महिलाओं, पिछडो एवं दलितों की शिक्षा एवं उत्थान के लिए बहुत काम किये। वह सभी समाज के वर्गों को शिक्षा प्रदान करने की पछ्धर थी। उन्होंने बाल विवाह तथा सती प्रथा जैसी कुरीतियों का घोर विरोध किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को नायगांव महाराष्ट्र में हुआ, उन्हें भारत की पहली महिला शिक्षिका के रूप में जाना जाता है उन्होंने बालिकाओं और वंचित वर्गों की शिक्षा के लिए जीवन भर कड़ा संघर्ष किया, उन्होंने छुआछूत को मिटाने के लिए जिंदगी भर लड़ाई लड़ी और महिला शिक्षा व छुआछूत बिठाने के लिए अपना पूरा जीवन अर्पित कर दिया। उन्होंने रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़कर आधुनिक नारीवाद की नींव रखी । संगोष्ठी को पूर्व एम एल सी शशांक यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष मो कयूम खा, सांसद प्रतिनिधि अशोक वर्मा, आनन्द पटेल, आकाश गुप्ता, रिजवान उस्मानी आदि नें भी सम्बोधित किया।इस अवसर पर संजीव वर्मा, आरिफ खान, सुभाष कश्यप, शहनवाज, धर्मेंद्र राजवंशी, रविशंकर वर्मा, रमन मनार, रजनीश वर्मा, रोहित वर्मा, पुष्पराग, रामनिवास निषाद, मनोज कुमार, उमेश कुमार भी उपस्तिथि थे।

## पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा और आस्था का माहौल

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर धौरहरा क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान किया। इसके बाद कफारा स्थित प्रसिद्ध श्री लीला नाथ मंदिर और धौरहरा नागेश्वर नाथ मंदिर, नारायणेश्वर नाथ में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में हवन-पूजन कर भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की। कई भक्तों ने श्री सत्यनारायण व्रत कथा का श्रवण किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न की। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं ने पुरोहितों को दान-दक्षिणा दी। पौष पूर्णिमा पर्व को लेकर मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने पर्व को पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

## गढ़ी पावर हाउस पर तैनात विद्युत टीजीटू कर्मचारी रामगोपाल राणा की मौत

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** गढ़ी पावर हाउस पर तैनात विद्युत टीजीटू कर्मचारी रामगोपाल राणा 45 वर्ष की मौत हो गई। परिजनों ने अधीक्षण अभियंता की प्रताड़ना से मौत होने का आरोप लगाया और शव लेकर कोतवाली पहुंच गए। देखते देखते बड़ी संख्या में विद्युत कर्मचारी भी पहुंच गए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता के खिलाफ नारेबाजी कर गिरफ्तारी की मांग की। मृतक के परिजनों ने कार्रवाई के लिए तहरीर दी। मृतक के बहनोई महादेव ने बताया कि अधीक्षण अभियंता ब्रह्मपाल कर्मचारियों को काफी परेशान करते हैं। शुक्रवार को उन्होंने देर रात तक बंद कमरे में बैठक कर रामगोपाल राणा को डांटा। देर रात वो घर पहुंचे और पूरी रात सो नहीं सके। सुबह तड़के पांच बजे उनकी हालत बिगड़ी। जिला अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई।

## लगभग 15 फीट लंबा और लगभग 40 किलो वजन का मिला एक विशालकाय अजगर



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शारदा नगर वन रेंज के थाना फ़रधान क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमानलाला में मिला एक विशालकाय अजगर। अजगर लगभग 15 फीट लंबा और लगभग 40 किलो वजन होगा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम। वन विभाग की टीम के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर लिया गया है।

## 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, 01 नफर वांछित अभियुक्त गगन पुत्र राजेश नि0ग्राम इमलिया थाना हैदराबाद जनपद खीरी, को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

## साल के पहले दिन धूप खिलने से मिली थोड़ी राहत के बाद मौसम ने फिर ली करवट

**घना कोहरा और शीतलहर के चलते गलन ने लोगों को किया परेशान**

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** साल के पहले दिन धूप खिलने से मिली थोड़ी राहत के बाद शुक्रवार को मौसम ने फिर करवट ले ली। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर के चलते गलन ने लोगों को परेशान कर दिया। हालात ऐसे रहे कि दिन चढ़ने के बाद भी सर्दी से राहत नहीं मिली और लोग पूरे दिन अलाव जलाकर तापते नजर आए। सड़कों, बाजारों और मोहल्लों में जगह-जगह अलाव सुलगते रहे। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार भले ही न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस से बढ़कर आठ डिग्री पर पहुंच गया, लेकिन तेज सर्द हवाओं ने सर्दी का असर कई गुना बढ़ा दिया न्यूनतम तापमान आठ डिग्री और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर करीब दस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से शीतलहर चलती रही, जिससे पूरा दिन ठिठुरन बनी रही। घने कोहरे और धुंध के कारण दृश्यता भी प्रभावित रही। सुबह के समय सड़कों पर वाहन चालकों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। 170 के करीब पहुंचा एक्यूआई -मौसम की मार का असर वायु गुणवत्ता पर भी पड़ा। धुंध और सर्द हवाओं के चलते एक्यूआई बढ़कर 170 के करीब पहुंच गया, जिससे हवा की गुणवत्ता मध्यम से खराब श्रेणी में दर्ज की गई।

## पुलिस ने दबोचा शातिर चोर, तांबे की तार व चाकू बरामद

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना सदर बाजार पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 06.10 किग्रा तार व एक नाजायज चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना सदर बाजार प्रभारी कपिल देव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 21 दिसंबर को वादिया की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ वादिया के घर से एसी के कापर पाइप व बिजली के फिटिंग का सामान चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री देव ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक विमल कुमार सैनी तथा सुशील कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने छोटी लाईन के पास से चोरी की घटना में प्रकाश में आये एक वांछित आरोपी रजत पुत्र राजेश निवासी रामनगर मल्हीपुर रोड थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के एक नाजायज चाकू व बिजली के तार कुल वजन 6 किलो 100 ग्राम बरामद कर आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

### पत्रकार के पुत्र पर सरियों व बैल्टों से किया जानलेवा हमला

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत गोविंद नगर पार्क में घूमने आये दो नाबालिग लड़कों के साथ दर्जनभर युवकों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया।

कोतवाली सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत रामनगर निवासी एक दैनिक समाचार पत्र के संपादक मौ.फारूख ने कोतवाली सदर बाजार में दी तहरीर में बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा मौ.अजहर अपने दोस्त हिमांशु के साथ बीती देर शाम गोविंद नगर पार्क में घूमने गये थे। इसी दौरान वहां मौजूद मुकुल, मोईन, प्रियांशु आदि समेत दर्जनभर लड़कों ने उनके बेटे मौ.अजहर व हिमांशु पर जानलेवा हमला कर सरियों से बैल्टों से पीट-पीटकर घायल कर दिया। जिसकी सूचना मौहल्लेवासियों ने तुरंत डायल 112 पर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मियों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया, जबकि हमलावर आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने कोतवाली प्रभारी से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

### श्रद्धापूर्वक मनाया सिद्ध पीठ मां शाकंभरी देवी का प्रकाटोत्सव

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** सिद्ध पीठ मां शाकंभरी देवी का प्रकाटोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां शाकंभरी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई।

पुरानी मंडी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में आचार्य पंडित प्रगीत कौशिक महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने भगवती शाकंभरी एवं सदगुरु देव भगवान के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मां शाकंभरी का दिव्य भव्य श्रृंगार पुष्प, शाक, सब्जी, फल-फूल, ड्राई फरूट एवं विभिन्न प्रकार के मिष्ठान इत्यादि से किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। सभी साधक शिष्य परिवारों ने अतिथियों का स्वागत किया और समाज की सुख समृद्धि की कामना शांति एवं कल्याण की प्रार्थना की। इस दौरान श्रद्धालुओं को छप्पन भोग व्यंजन एवं भोजन का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान आचार्य नितिन शांडिल्य, पंडित ललित शर्मा, पंडित कौशिक, प्रयत्न, प्रगीत, अक्षय अग्रवाल, संकेत गोयल, संजय बंसल, उदित वर्मा, आदित्य सैनी, सत्यम विश्वकर्मा, श्रीमती प्रेरणा कौशिक, श्रीमती आरजू शर्मा, श्रीमती रितु मित्तल, श्रीमती रिद्धि वर्मा आदि मौजूद रहे।

## घर में घुसकर महिला को उतारा मौत के घाट,बेड पर पड़ा मिला शव

**पॉलिथीन से बंधा हुआ था मुंह, एसएसपी ने घटना के खुलासे हेतु,चार टीमों का किया गठन**

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना दातागंज क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों द्वारा महिला को उसके घर में ही मौत के घाट उतार देने का मामला सामने आया है।महिला का शव घर में पड़े बेड पर लटका मिला है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पापड़ हमजापुर निवासी बर्तन कारोबारी राम अवतार के घर पर घटना उस वक्त हुई जब उनकी पत्नी मुन्नी देवी घर पर अकेली थी,उनका नाती उन्हें शुक्रवार रात में ही उनके घर छोड़कर गया था। शनिवार सुबह जब वह रोज की तरह अपने घर से नहीं निकली तब पड़ोसियों द्वारा उनके घर जाकर देखा गया तो उनके घर का दरवाजा खुला हुआ था, उन्हें आवाज लगाने पर जब उनका कोई जवाब नहीं आया तो पड़ोसियों द्वारा घर के अंदर जाकर देखा गया जहां बेड पर मुन्नी देवी का शव पड़ा मिला।लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।बताया जाता है कि मृतका तथा उनके पति राम अवतार अपनी बेटी के यहां जनपद शाहजहांपुर के तिलहर गए हुए थे।शुक्रवार रात्रि में मृतका मुन्नी देवी अपनी बेटी के पुत्र के साथ अपने घर लौट आई थीं जबकि उनके पति तिलहर में ही रुक गए थे।शनिवार सुबह मुन्नी देवी का शव उनके ही घर में मिला है।सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह,एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी तथा सीओ दातागंज के के तिवारी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा में दे दिए गए हैं।एसएसपी द्वारा घटना के खुलासे हेतु चार टीमों का गठन कर दिया गया है।





मृतका के पति ने पुलिस को बताया है कि उनके घर से रुपया तथा सामान भी गायब है।एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के पति अपनी बेटी के यहां जन्मदिन उत्सव में शामिल होने के लिए तिलहर गए हुए थे।मृतका मुन्नी देवी को उनका नाती घर पर छोड़कर गया था शनिवार सुबह मुन्नी देवी की डेड बॉडी मिली है जिनका पॉलिथीन से मुंह बंधा हुआ मिला है,कुछ सामान तथा पैसा गायब होने की बात भी सामने आई है जिसकी छानबीन की जा रही है।

उन्होंने बताया कि घटना के खुलासे हेतु चार टीमों का गठन कर दिया गया है जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## सैनी समाज ने की ज्योतिबा व सावित्री बाई फुले को भारत रत्न देने की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती को महिला शिक्षिका घोषित कर ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न प्रदान किए जाने की मांग की।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले का महिलाओं को शिक्षित करने में और महिलाओं को जागरूक करने में सबसे बड़ा योगदान है। इसलिए संगठन की मांग सरकार द्वारा जल्दी पूरी की जानी चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि संगठन द्वारा लगातार समय-समय पर सावित्रीबाई फुले व महात्मा ज्योतिबा राव फुले को भारत रत्न देने की मांग पर उठाई जा रही है, जिसको सरकार को जल्द पूरा करना चाहिए।

प्रदेश महिला अध्यक्ष सुनीता सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम किया है और आज उनकी बदौलत ही महिलाएं जागरूक होकर विभिन्न क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। ज्ञापन देने वालों में उपाध्यक्ष अशोक सैनी, एडवोकेट विक्रम सैनी, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुनीता सैनी, ऋतु सैनी, वेदपाल सैनी, अतर सिंह सैनी, सुनीता सैनी, बीना सैनी, ऋषिपाल सैनी, चरण सिंह सैनी, सुरेंद्र सैनी, अभिषेक सैनी, आशीष सैनी, मनीष सैनी, अजय सैनी, सतीश कश्यप, एडवोकेट दीपक सैनी आदि उपस्थित रहे।

## लिटिल एंजल्स स्कूल ने की हिंदी वक्तव्य प्रतियोगिता आयोजित

**बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान किया प्राप्त**

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** बच्चों में हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से लिटिल एंजल्स स्कूल में हिंदी वक्तत्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा आठ की आराध्या चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। न्यू माधोनगर स्थित स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी कल्याण देव, विश्वकर्मा महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रीति मित्तल, पत्रकार खेमचंद सैनी व लिटिल एंजेल स्कूल के प्रधानाचार्य मनीष मंगल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का आयोजन चार श्रेणियों में किया गया। जिसमें प्रथम श्रेणी में कक्षा 7 व 8 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें जायद, भवया, लवी, आराध्या, आराध्या चौहान, दिव्यश्री ने भाग लिया। जिसमें कक्षा



8 की आराध्या चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दूसरी श्रेणी में कक्षा 5 व 6 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें फलक, वर्णिका, रचित, तृषा, रितिका, कश्वी, कबीर, वत्सल, रमसा, असना , अक्षिता, आस्था, स्तुति, काव्या ने भाग लिया। जिनमें प्रथम स्थान पर कक्षा 6 से फलक, द्वितीय स्थान पर रचित व तृतीय स्थान पर आस्था सैनी रही। तृतीय श्रेणी में कक्षा 3 व 4 के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिनमें अदिति कल्याण, वाणी आकर्षित , आरव, रवि, प्रीशा, सांची, जवीरिया, आराध्या सैनी, लक्ष्य, विराट व सोना ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर आव्या, द्वितीय स्थान पर सोना व तृतीय स्थान पर अदिति कल्याण रहे।

चतुर्थ श्रेणी में कक्षा 1 व 2 के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिनमें काशवी ,नायरा, विधान, भावय, कार्तिक, प्रियांश, हमजा, आराध्या, वालिया, रोमन, जिक्रियांन, कनिका, मरियम ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर कश्वी, द्वितीय स्थान पर कार्तिक, तृतीय स्थान पर नायरा रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती राधिका मंगल, विद्यालय व्यवस्थापक प्रणेश कुमार, श्रीमती सुनीता, श्रीमती राजबाला, श्रीमती मीनू, सिमरन, श्रीमती अनु गुलाटी, सुदीक्षा, इशिका, मालविका, कोमल, श्रीमती हिमांशी आदि समेत अभिभावक भी उपस्थित रहे। संचालन विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्रीमती तुलिका शर्मा ने किया।

## पंच प्यारों की अगुवाई में निकला नगर कीर्तन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पूरब के उपलक्ष में श्री गुरु सिंह सभा द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सरप्रस्ती तथा पंच प्यारों की अगुवाई में भव्य नगर निकाला गया।

नगर कीर्तन पंजाबी गुरुद्वारा गौशाला रोड से प्रारंभ होकर मोरगंज, शहीद गंज, नेहरू मार्केट, घंटाघर, कुतुबशेर चौक होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरुद्वारा रोड पर संपन्न हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्टाल लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

नगर कीर्तन में सबसे आगे जीप पर नगाड़ा नगर कीर्तन के आगमन का संदेश दे रहा था। इसके बाद घोड़ों पर सवार निहंग सिंह, फौजी बैंड, छोटे बच्चे, पांच निशान साहिब एवं पांच प्यारे चल रहे थे। उनके पीछे सजी पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश सुशोभित थे। विभिन्न प्रभात फेरियों के जत्थे, गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, गुरु तेग बहादुर स्कूल एवं गुरु नानक बॉयज इंटर कॉलेज के बच्चों ने शबद कीर्तन एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाई। रणजीत अखाड़ा एवं बाहर से आई गतका पार्टियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन कर संगत को निहाल किया। पंजाबी गुरुद्वारा पहुंचने पर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में प्रधान सुजसबीर सिंह, मीत प्रधान प्रमिंद्र सिंह कोहली, जनरल सेक्रेटरी अमनप्रीत सिंह, गुरुपरब संयोजक प्रभजोत सिंह, गुरविंद्र सिंह कालरा, जसवंत सिंह बत्रा, सतविंद्र सिंह माकन, दलजीत सिंह बवेजा सहित हरेंद्र सिंह चड्ढा, छवप्रीत सिंह, रणजीव सिंह हरजी, तेजिंदर सिंह डंग, इंद्रप्रीत सिंह चड्ढा, कोषाध्यक्ष प्रितीपाल सिंह जुनेजा, करणदीप सिंह, इंद्रजीत सिंह खालसा, एम.पी. सिंह चावला, बलबीर सिंह धीर, इंद्रजीत सिंह बत्रा, तेजपाल सिंह, जगमोहन सिंह, जसबीर सिंह बग्गा, हरप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह बग्गा, डॉ. स्वर्णजीत सिंह, प्रविंद्रपाल सिंह, बलबीर सिंह भाटिया, परमजीत सिंह चड्ढा, दीदार सिंह सेठी, रघुबीर सिंह, इंद्रजीत सिंह गुरकिरपा, गुरमीत सिंह शंटी, उपकार सिंह सेठी, तरनजीत सिंह बग्गा आदि मौजूद रहे।

## नगरायुक्त ने रात दस बजे कड़कड़ाती ठंड में किया रैन बसेरों का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरी ने सर्द हवाओं और कड़ाके की ठंड के बीच रात दस बजे के बाद रैन बसेरों का निरीक्षण किया और विभिन्न स्थानों पर निगम द्वारा जलवाये जा रहे अलावों का जाजया लिया। उन्होंने रैन बसेरों व अलाव की व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। नगरायुक्त शिपू गिरि ने कड़कड़ाती सर्दी में रात दस बजे के बाद नगर निगम द्वारा संचालित शहर के सभी रैन बसेरों का निरीक्षण किया। जनमंच परिसर स्थित स्थायी व अस्थायी रैन बसेरे में तो व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली लेकिन स्टेशन के बाहर अस्थायी रैन बसेरे में व्यवस्थाएं ठीक न पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी जतायी और रैन बसेरे की व्यवस्था देख रहे कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने रेलवे स्टेशन के सामने स्थित अस्थायी रैन बसेरे में नीचे पुआल बिछाने और वहां अलाव के लिए पर्याप्त लकड़ियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

नगर निगम द्वारा सड़क पर खुले आसमान के नीचे रात बिताने वाले बेघर लोगों को रैन बसेरो तक लाने के लिए चलायी जा रही ई-रिक्शाओं का पूरी तरह मूवमेंट रखने पर जोर देते हुए नगरायुक्त ने कहा कि जो लोग नशा कर रहे हैं या मानसिक रुप से कमजोर है उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भेजे और यदि कोई अवांछित तत्व मिलता है तो पुलिस विभाग को सूचित करें। उन्होंने शहर में जलवाये जा रहे अलावों का भी जायजा लिया। नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को उक्त व्यवस्थाओं की लगातार मॉनीटरिंग करने के भी निर्देश दिए।

## जिला पंचायत की तैयारियों में जुटें कार्यकर्ता: वाहिद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं से एसआईआर अभियान में अधिक से अधिक वोट बनवाने एवं जिला पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया गया तथा भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए दलित एवं महिलाओं के उत्थान में कार्य करने का संकल्प लिया। स्थानीय अंबाला रोड स्थित जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने जीवन भर महिला उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि वह महिलाओं को अधिक से अधिक शिक्षित करने की पक्षधर थी, जिसके चलते आज महिलाएं विकास के बल पर आज महिलाएं



शिक्षा के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत का चुनाव आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी की महत्वपूर्ण कड़ी है इसलिए सभी कार्यकर्ता जिला पंचायत चुनाव में सफलता के लिए जुट जाए ताकि पार्टी की अधिक से अधिक उम्मीदवार चुनाव जीत सके

प्रदेश सचिव मजाहिर राणा, पूर्व मंत्री विनोद तेजियान व चौधरी साजिद ने कहा कि जिला पंचायत के चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव होने है। इसलिए सभी कार्यकर्ता पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर 2027 के चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। प्रदेश सचिव रूही अंजुम, जिला महासचिव जितेंद्र राणा बाबा ने कहा कि एसआईआर में पीडीए प्रहरी की भूमिका निभाते हुए अधिक से अधिक वोट बनवाने का कार्य करें जो हमारी जीत में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

बैठक को महिला सभा की जिलाध्यक्ष महजबी खान, जिला उपाध्यक्ष हसीन कुरैशी, चौधरी अब्दुल गफूर, किरण पाल राणा, राजेश शर्मा, रमेश पंवार, राजकुमार घाटहेडा, फैसल सलमानी, मुस्तकीम राणा, सुदेश गुर्जर, आरिफ अच्छन यादव, काशिफ अल्वी, महजबी खान, हसीन कुरैशी, इमरान मलिक आदि ने भी संबोधित किया।

# जोशों खरोश से मनाई गई हज़रत मौला अली की यौमे-ए-पैदाइश

**शहर में दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर स्टाल लगाकर मिष्ठान और चाय, हलवा किया वितरित**

अवधनामा संवाददाता





**महोबा।** जिले में हजरत अली की यौम-ए पैदाइश जोशो खरोश और उत्साह के साथ मनाई गई। यौम ए पैदाइश पर शहर में दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर स्टाल लगाकर राहगीरों और आसपास के लोगों को चाय, पानी, हलवा, दूध, जलेबी और मिष्ठान वितरित किया गया। स्टालों के पास लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। शहर के सुभाष चौकी चौराहे पर हजरत अली की यौम-ए-पैदाइश पर खादिमाने हुसैन कार्यकारिणी समिति के तत्वाधान पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर अधिकारियों और धर्म गुरुओं ने पहुंचकर हजरत अली के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का आहवान किया।

हजरत अली की यौम ए पैदाइश पर शनिवार को सुभाष चौक, ऊदल चौक, आल्हा चौक, जुमा बाजार, रेलवे स्टेशन तिराहा, हवेली दरवाजा, मकनियापुरा, भटीपुरा, चौसियापुरा, मदीना मस्जिद चौराहा, लवकुश नगर तिराहा सहित दो दर्जन से अधिक स्थानों पर स्टाल लगाकर लोगों को मिष्ठान के साथ साथ हलवा, बिरयानी, चाय पानी, बिस्किट आदि वितरित किया। हवेली दरबाजा में काफी मशीन लगाकर राहगीरों को काफी वितरित की गई। हजरत अली के यौम ए पैदाइश पर कई स्टालों के पास डीजे पर नातिया कलाम बजते रहे, यौम-ए-पैदाइश को लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। सुभाष चौकी चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में काजी ए शहर कारी मौलान आफाक हुसैन ने कहा कि मौला अली ने कुबूल किया जो नबी की बारगाह का मकबूल हुआ और जो मौला अली से अलग हुआ वो नबी की बारगाह से मरदूद हुआ। कहा कि नबी की बारगाह में पहुंचने के लिए अली की गुलामी जरूरी है। हजरत अली के मर्तबे का क्या कहना उनकी पैदाइश ही हरम-ए-काबा में हुयी। काजी शहर ने कहा कि नबी की नींद पर नमाज-ए-असर कुर्बान कर दी और नबी ने उनकी नमाज को अदा करने के लिए डूबा हुआ सूरज वापस किया। जलसे के बाद आखिर में सलातो-सलाम और दुआ की गयी और लंगर वितरित किया गया।

सदर उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडेय ने कहा कि हजरत अली ने आपसी भाईचारे का संदेश दिया हैं, हम सभी को उसके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। समिति के अध्यक्ष अलताफ हुसैन ने कहा कि हजरत अली पैगम्बर मुहम्मद के चचाजाद भाई और दामाद थे। इन्हें मुसलमानों के खलीफा के तौर पर जाना जाता है। हजरत अली का जन्म मक्का में हुआ था और इनका निकाह हजरत पैगम्बर मोहम्मद साहब की बेटी फातिमा से हुआ था। इनके बेटे हुसैन ने कर्बला की लड़ाई में भूखे-प्यासे रहकर बताया कि जेहाद किसे कहते हैं।

नियाज मोहम्मद ने कहा कि हजरत अली ने दुनिया को इंसानियत, भाईचारा का पैगाम दिया। उन्होंने सिखाया कि अपने दुश्मन से भी प्यार करो ताकि वो दोस्त बन जाए। कहा कि सब्र के साथ साथ दूसरों की सेवा ही सच्ची दौलत है। इस मौक पर मनोज तिवारी, किश्चियन धर्म गुरू राजेंद्र, धीरेंद्र शास्त्री, दाऊ तिवारी, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता, मनु गुप्ता, अब्दुल हादी, जाहिद काजी, सईद लम्बरदार, इरफान, बब्लू लम्बरदार सहित अन्य धर्म के लोग मौजूद रहे।

# शहर में गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाशपर्व पर बैंडबाजों के बीच निकली भव्य शोभायात्रा

**शोभा यात्रा में जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल, वाहे गुरुजी की खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह आदि उदघोष से गूंजा शहर**

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिले में सिख समुदाय के दसवें गुरु, गुरू गोविंद सिंह का 359वां प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा में श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के पाठ का आयोजन किया गया, इसके बाद सत्संग सभा, भजन कीर्तन सहित अन्य कार्यक्रम दिन भर गुरूद्वारा में चलते रहे। प्रकाश उत्सव के मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ साथ पुरुषों व बच्चों ने भाग लिया। सिख समुदाय ने गुरूद्वारा में पुष्पांजलि कार्यक्रम भी आयोजित किया, जिसमें गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। परिसर में अरदास के बाद लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सारा दिन लंगर चखा। लंगर के बाद सिख समुदाय के लोगों ने डीजे, बैंडबाजों के बीच शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख चौराहो और परंपरागत मार्गो से होते हुए पुनः गुरूद्वारा में आकर समाप्त हुई।

शनिवार को गुरूद्वारा परिसर से अपरांहन तीन बजे गुरुद्वारा प्रबंध समिति के सदस्य सरदार जसपाल सिंह, सरदार पप्पू सिंह के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा डीजे और बैंडबाजों के साथ आल्हा चौक, तहसील चौराहा, सर्राफा चौराहा, मैन बाजार, ऊदल चौक से होते हुए देर शाम गुरूद्वारा परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में आगे युवाओं के अलावा अश्व नृत्य करते चल रहे थे, तो वहीं पीछे पीछे महिलाएं सबद कीर्तन करती चल रही थी, इसके अलावा पंच प्यारे हाथ में तलवार लिए पैदल आगे आगे चल रहे थे। पंच प्यारों के पैर में कंकड़ व अन्य चुभनशील वस्तु न लग सके इस गरज से महिलाएं नंगे पैर झाडू लगाती हुई चल रही थी। शोभा यात्रा में जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल, वाहे गुरुजी की खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह आदि उदघोष से नगर गूंज उठा।

शोभा यात्रा में पंजाब से आए सरदारों ने अखाड़े में तलवारों से हैरतअंगेज कर्तव्य दिखाउ जिसे देखने के लिए सड़कों के दोनो तरफ लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। प्रकाश उत्सव के मौके पर एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि हम सभी को गुरू गोविंद सिंह ने सच्चाई का रास्ता दिखाया है, हमे उनके बताए गए रास्ते पर चलना चाहिए।

इस मौके पर डीएवी इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी, आल्हा परिषद के अध्यक्ष दाऊ तिवारी, आशीष अवस्थी, डॉ. ज्ञानेश्वर अवस्थी, संतोष कुमार पटैरिया सहित तमाम वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। गुरूद्वारा में जुटी भारी भीड़ को समिति के लोगों ने बैठाकर सारा दिन लंगर खिलाया गया साथ ही राह में आने जाने वालो को भी वितरित किया गया। शोभा यात्रा दौरान सुरक्षा की दृष्टि से चौराहो पर पुलिस बल तैनात रहा, जो व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में जुटा रहा।

# पीबीएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अब आधुनिक सुविधा उपलब्ध



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** पूर्वांचल क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पीवीएस सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल की स्थापना की गई है यह अस्पताल सभी राष्ट्रीय मानव को पूरा करते हुए आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से सुशोजित है। यह बातें अस्पताल के अधिष्ठाता डॉ0 पीबी सिंह ने आयोजित पत्रकार वार्ता के दरमियान पत्र प्रतिनिधियों को बताया। उन्होंने बताया कि,वर्तमान समय अस्पताल में यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी,ऑर्थोपेडिक्स, मेडिसिन, जनरल सर्जरी,मेडिकल एवं सर्जिकल आई.सी.यू. तथा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी की अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। भविष्य में यहाँ गुर्दा प्रत्यारोपण (किडनी ट्रांसप्लांट) सहित अन्य सुपर स्पेशलिटी विभागों के विकास की भी योजना है,जिससे पूर्वांचल के मरीजों को इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े।

# हज़रत अली के जन्मदिन पर महफ़िल ए मिलाद का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**अली जयंती पर विशेष**

**गोरखपुर।** हज़रत अली के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को अकील अब्बास रिज़्वी के सौजन्य से पारम्परिक रूप से आयोजित होने वाली महफ़िल ए मिलाद का आयोजन इस्लाम चक, जाफरा बाज़ार में किया गया। इस मौके पर तिलावत ए कुरान से मिलाद का आगाज़ मौलाना शमशाद अब्बास कुम्मी ने किया और हज़रत अली के जन्म पर सबको बधाई देते हुए उनकी जीवनशैली के बारे में उपस्थित लोगो को बताया और उनकी दी हुई शिक्षाओं को ग्रहण करने की सलाह दी।

मौलाना शमशाद ने इस अवसर पर बताया कि हजरत अली इस्लाम के पैगंबर हज़रत मोहम्मद (स0अ0) के दामाद और कर्बला के अमर शहीद इमाम हुसैन के पिता थे। इस्लाम की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार में हज़रत अली का बहुत बड़ा योगदान था। अन्य वक्ताओं ने भी हज़रत अली के जीवन और उनके विचारों को आज के युग की ज़रूरत बताते हुए कहा कि जब पैग़म्बर मुहम्मद (स.) ने इस्लाम का सन्देश दिया तो इस्लाम कुबूल करने वाले हज़रत अली पहले व्यक्ति थे।

हज़रत अली इब्ने अबी तालिब (अ.स.) पैगम्बर मुहम्मद (स.अ.) के चचाजाद भाई और दामाद थे। दुनिया उन्हें महान योद्धा और मुसलमानों के ख़लीफ़ा के रूप में जानती है। इस्लाम के कुछ फिरके उन्हें अपना इमाम तो कुछ उन्हें वली के रूप में मानते हैं। हज़रत अली ने वैज्ञानिक जानकारियों को बहुत ही रोचक ढंग से आम आदमी तक पहुँचाया। उन्होंने अंडे देने वाले और बच्चे देने वाले जानवरों में फर्क को इस तरह बताया कि जिनके कान बाहर की तरफ होते हैं वे बच्चे देते हैं और जिनके कान अन्दर की तरफ होते हैं वे अंडे देते हैं। हज़रत अली ने इस्लामिक थियोलोजी को तार्किक आधार दिया। कुरान को सबसे पहले कलमबद्ध करने वाले भी हज़रत अली ही हैं। इस अवसर पर आयोजित महफ़िल ए मिलाद में उपस्थित शायरों ने हज़रत अली की शान में अपना कलाम पेश किया। क़मर अब्बास ने कहा कि ÷हक़ का इरफ़ान जो पाया तो अली याद आया । ई0 कैंसर रिज़्वी ने कहा कि तेरह रजब है आज, विलादत अली की है। काबे में पैदा होना फ़ज़ीलत अली की है। आगा मोहम्मद मेहदी एडवोकेट ने कहा कि हो फ़साहत या बलाग़त या हो कोई मार्का, कौन ठहरा है अली ए मुर्तज़ा के सामने । हम जलाये थे अक़ीदत से, रखा उसने भरम, वो दिया रौशन है उल्फत का, हवा के सामने । महफ़िल ए मिलाद में जव्वाद रिज़्वी, मौलाना ज़फर अब्बास, मौलाना आसिफ, अली मिर्ज़ा, आगा मेहदी, वसी अख्तर, नायाब हैदर शबी हल्लौरी आदि ने अपने कलाम पेश किया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना शमशाद अब्बास कुम्मी ने किया।

# श्री भगवान के 85वी जन्मोत्सव एवं माननसेवा महायज्ञ में कई भारतीय संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** इंटरनेश्नल वेदान्त सोसाइटी अपने प्रतिष्ठाता एवं उपास्य श्री भगवान जी के 85वीं जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। महमूरगंज स्थित श्रृंगेरी मठ मे आयोजित हुआ दो दिवसीय कार्यक्रम, महासचिव स्वामी प्रबुद्धानन्द पुरी महाराज ने इस महोत्सव के बारे में जानकारी जानकारी देते हुए बताया कि,दो दिवसीय कार्यक्रम में पूजा पाठ एवं भंडारा के साथ कई कार्यक्रम आयोजित हुआ।

उन्होंने बताया कि लंदन और हॉलैंड सेक्टर से आए भक्त का दीक्षा संपन्न हुआ। इसके अलावा 7 व्हील चेयर दिव्यांगों के लिए माता अनन्दमयी अस्पताल को दान दिया गया। वही विमल चन्द्र घोस दिव्यांग विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के रोजगार हेतु एक टी-शर्ट प्रिटिंग मशीन एवं विद्यालय जाने के लिए 13 छात्राओं को तथा 8 छात्रो को साईकल दिया।

श्री भगवान के महान जीवन,तथा 30-40 वर्ष व्यापी विश्वभर में उनके महान कार्य,माननबसेवा, बिस्वप्रेम तथा सत्य सनातन धर्म के आदर्शो के प्रतिष्ठा का अध्ययन यह वक्त चिंतन किया गया,इस आयोजन पर देश-विदेश से भगवान जी के हजारों भक्त कार्यक्रम में पहुंचे।

इस अवसर पर अध्यात्मिक प्रवचन,भजन,नृत्य तथा संगीत के कार्यक्रम आयोजन हुआ। आज के भंडारा में लगभग ढाई हजार लोग भगवान जी के प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्रह्मचारी वासुदेव चैतन्य ने किया।

# सपा जिला कार्यालय पर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** आज समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा/गोष्ठी आयोजित की गई. पार्टी के स.प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता ने बताया कि इस मौके पर उपस्थित सभी नेता, कार्यकर्ताओं ने सावित्रीबाई फुले जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र एवं इस मातृभूमि और समाज के लिए किए गए संघर्ष को याद किया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा पौराणिक व्यवस्था में महिलाओं के पास शिक्षा का अधिकार नहीं था महिलाएं पठन-पाठन का कार्य नहीं कर सकती थी उस दौरान माता सावित्रीबाई फुले न सिर्फ खुद पढ़ी बल्कि समाज की अन्य महिलाओं में उन्होंने शिक्षा के प्रति जागृति पैदा की और दूसरी महिलाओं को भी पढ़ाया और आज इतिहास में उन्हें शैक्षिक क्रांति के एक शिलालेख के तौर पर याद किया जाता है। जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले का जीवन आज भी हमें प्रेरणा देता है और ये बताता है कि कोई व्यक्ति जब समाज की लिए जीना प्रारंभ कर देता है फिर उसकी जीवनज्योति सदा-सर्वदा ऐतिहासिक धरोहर बनकर अमर हो जाती है इसलिए हम सबको अपने साथ-दूसरों की जिंदगी भी बदले ऐसे प्रयास करने चाहिए, संपूर्ण परिवर्तन एक साथ नहीं हो सकता लेकिन एक दिन बदलाव जरूर होता है, सावित्रीबाई फुले ने पहली बार सिर्फ 9 बालिकाओं को पढ़ाने की शुरुआत की थी और आज उस बदलाव की नींव पर खड़ी इमारत हम सब के सामने है। इस दौरान अरविंद यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा, अमन सूर्यवंशी जिलाध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब वाहिनी, नरेंद्र सिंह यादव विधानसभा अध्यक्ष भोजपुर, अजब सिंह शाक्य ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मदाबाद, रामपाल सिंह यादव जिला सचिव, राजपाल यादव एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष छात्र सभा, शिवम पटेल, सुधीर शाक्य ब्लॉक अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, शिवकुमार बाथम, अतुल बाथम, डॉ0 संजय यादव, जयराम यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया

**फर्रुखाबाद।** जनपद के थाना क्षेत्रो में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया जिसमें आज नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के दृष्टिगत् थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1098/181/112/ 1090/1076 व महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया। थाना जहानगंज पुलिस द्वारा थाना महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया। महिला थाना एवं कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना शमसाबाद पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया। थाना कादरीगेट पुलिस और थाना कमालगंज पुलिस द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1098/181/112/ 1090/1076 व महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया।

# डीएम एसपी द्वारा मेला रामनगरिया मेला परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया गया



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** मेला रामनगरिया के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा थाना कादरीगेट क्षेत्रान्तर्गत मेला परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यातायात डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई एंव सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल को मुस्तैद रहने तथा श्रद्धालुओं के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए उनकी सहायता करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन मेले में आने वाले हर श्रद्धालु की सुरक्षा और सेवा के लिए समर्पित है।

## मेला मेला रामनगरिया में महिला के गिरे पर्स को पुलिस ने महिला को सौंपा

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट क्षेत्रान्तर्गत पांचाल घाट श्रीरामनगरिया मेले में एक महिला का पर्स गिर गया । मेले में ड्यूटी पर तैनात पुलिस उपाधीक्षक श्री अभय वर्मा ने सूचना प्राप्त होने पर मेले में घोषणा करवाने के साथ-साथ महिला की पहचान करने का प्रयास किया। शीघ्र ही पीड़ित महिला की पहचान कर पुलिस उपाधीक्षक द्वारा व्यक्तिगत रूप से पर्स पूर्ण सामग्री सहित महिला को वापस सौंपा गया।

# कबीर फाउंडेशन के तत्वावधान में महिला कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** तहसील कुलपहाड़ के अजनर गांव के सुखानंद हाईस्कूल में कबीर फाउंडेशन के तत्वावधान में महिला कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले महिलाओं को कला से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाए जाने को लेकर आधा दर्जन बालिकाओं को सिंचाई प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वह स्वयं का रोजगार कर अपनी आजीविका चला सके। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी मृणालिनी श्रीवास्तव बताया कि यह प्रशिक्षण बालिकाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अग्रणी कदम है। कहा कि महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने के अभियान से उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिलती है, जिससे वे घर बैठे आय अर्जित कर सकती हैं, आत्मविश्वास बढ़ता है, और लैंगिक असमानता व गरीबी के दुष्चक्र को तोड़ने में मदद मिलेगी। फाऊन्डेशन के जिला संचालक कालका प्रसाद गुप्ता ने बताया प्रशिक्षण शिविर मे 50 रजिस्ट्रेशन हो गये है और इन प्रशिक्षक का प्रशिक्षण भी शुरू कर दिया। बताया कि अप्रैल 2026 में सिलाई का एक और बैच शुरू किया जाएगा, इसके बाद कंप्यूटर शिक्षा के दो बैच संचालित किए जाएंगे, जिसके लिए जल्द ही पंजीयन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष फूलसिह तोमर, उप प्रबंधक सुरेश पाठक, धर्मपाल राजपूत, आलोक नगरिया, पूर्व प्रधानाचार्य बृजगोपाल सिंह, प्रशिक्षक घनश्याम नामदेव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर सिंह मौजूद रहे।

# श्रद्धा भक्ति के साथ गुरु गोरखनाथ की तपोस्थलीय ऐतिहासिक गोरख पर्वत की पैदल चलकर लगाई परिक्रमा



**महोबा।** गुरू गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में शनिवार को बर्फीली हवाओं और ठंड के बीच प्रातः श्रद्धालुओं ने पौष माह की पूर्णमासी पर विश्व शांति के लिए गुरु गोरखनाथ की तपोस्थलीय ऐतिहासिक गोरख पर्वत की पैदल चलकर परिक्रमा लगाई। परिक्रमा में श्रद्धालु श्रद्धा, भक्ति, राम नाम की धुन व ओम नमः शिवाये उद्घोष के साथ हाथों में धर्मिक ध्वज लेकर परम्परागत मार्गो से होते हुए चल रहे थे। परिक्रमा समाप्ति के बाद शिव मंदिर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्णमासी के महत्व और श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण वनवास काल दौरान गोखारगिरि आने पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला साथ ही समिति प्रमुख ने लमटेरा प्रस्तुत कर प्रसाद वितरण किया। शिव तांडव मंदिर परिसर में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि पौष पूर्णिमा के दिन किए गए स्नान, दान और जप तप का फल कई गुना बढ़ जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन गंगा, यमुना, नर्मदा आदि पवित्र नदियों में स्नान करने से जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं और मन निर्मल होता है। उन्होंने बताया कि चौदह वर्ष के वनवास काल के समय भगवान राम, माता सीता व लक्ष्मण इस पर्वत पर रहे थे, जिसका सीता रसोई व रामकुंड इसके जीवंत प्रमाण है और तभी से यह पर्वत कामदगिरि पर्वत की तरह पुन्य फल प्रदान करने वाला बन गया है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शहर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर जागरूकता रैली का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व पर मिशन शक्ति अभियान के तहत शहर के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ लोगों को जागरूक करने के लिए प्रमुख मार्गो से जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त किए जाने के लिए लोगों जानकारी देकर प्रेरित शपथ ग्रहण कराई गई।

कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की संरक्षण अधिकारी संगीता राजपूत ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत लड़की की शादी की उम्र 18 वर्ष और लड़के की शादी की उम्र 21 वर्ष है और अगर इससे कम उम्र में शादी होती है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। कहा कि इस अधिनियम का उल्लंघन करने पर 2 साल तक की कैद और 1 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है, यह एक गैर जमानती और संज्ञेय अपराध है। श्याम बाबू विश्वकर्मा ने बताया गया कि बाल विवाह से लड़कियों के स्वास्थ्य शिक्षा और भविष्य पर गंभीर रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है साथ ही घरेलू हिंसा की शिकार भी होना पड़ सकता है, बाल विवाह से कम उम्र में विवाह उनका बचपन और भविष्य दोनों छीन लेता है।

# रामनगरिया मेले का शुभारंभ, गंगा किनारे उमड़ा आस्था का सैलाब

**पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर 30 हज़ार से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी**

अल्ताफ उल्लाह खान संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** गंगा नदी के पंचाल घाट पर शनिवार को श्री रामनगरिया मेला 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ मेले की शुरुआत की। मेले में देश-प्रदेश से हजारों साधु-संत और कल्पवासी गंगा किनारे कुटिया बनाकर एक माह तक रहेंगे और नियमित स्नान, पूजा-पाठ करेंगे।

मेले में धर्म, साधना, भक्ति और पारंपरिक रीति-रिवाज़ों का संगम देखा जा रहा है। मेले के पहले ही दिन से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पंचाल घाट पर पहुंच रहे हैं। भक्ति, पूजा, जप-तप और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद ले रहे हैं। मेले में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उ0प्र0द्वारा स्थापित प्रदर्शनी का शुभारंभ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने फीता खोलकर किया गया, प्रदर्शनी में भी श्रद्धालुओं और आगंतुकों की अच्छी भीड़ देखने को मिली। लोग स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला-बाल विकास, स्वरोज़गार और कृषि योजनाओं के बारे में रुककर जानकारी ले रहे है। कई परिवारों ने बच्चों और बुजुर्गों के साथ प्रदर्शनी का दौरा किया और योजनाओं का लाभ समझा। इस तरह मेले में धार्मिक और सांस्कृतिक अनुभव के साथ-साथ सरकारी योजनाओं और सामाजिक जागरूकता का भी अच्छा समन्वय देखने को मिला।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि श्री रामनगरिया मेला इस बार भी बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हुआ है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सभी सुविधाओं और सुरक्षा के इंतज़ाम कर दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि मेले में सुरक्षा के लिए एक कोतवाली और 11 पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। सात वॉच टावर पर आधुनिक यंत्र और शस्त्रों से लैस पुलिसकर्मी तैनात हैं। पूरे क्षेत्र को सुरक्षा दृष्टि से छावनी में तब्दील किया गया है।

इस वर्ष मेला परिसर को विशेष रूप से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाता गंगा तट, आकर्षक प्रवेश द्वार, भव्य मंच और सुसज्जित कल्पवास क्षेत्र मेले की भव्यता को और बढ़ा रहे हैं। रात्रि में गंगा तट का दृश्य श्रद्धालुओं के लिए आस्था और सौंदर्य का अद्भुत अनुभव प्रदान कर रहा है। मेले में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य, लोकगीत, रामकथा, भजन-कीर्तन और विकास प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र हैं।

**मेले का ऐतिहासिक महत्व :** रामनगरिया मेले का इतिहास वर्षो पुराना है। पांचाल क्षेत्र में गंगा तट पर लगने वाला यह मेला समय के साथ जनपद का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बन गया। मेला सचिव/अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार ने बताया कि मेला श्रीरामनगरिया हमारी आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इस बार मेले को भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं।

## कल्पवास का विशेष महत्व

मेला श्रीरामनगरिया में कल्पवास का विशेष धार्मिक महत्व है। दूर-दराज से आए साधु-संत और श्रद्धालु पूरे एक माह तक गंगा तट पर कल्पवास करते हैं। मान्यता है कि कल्पवास से आत्मशुद्धि होती है और पुण्य की प्राप्ति होती है। कल्पवासी गंगा स्नान, जप-तप, दान और संयमित जीवन का पालन करते हैं।

## नववर्ष पर बिजली संकट से परेशान गोसाईगंज, विभाग पर मनमानी का आरोप

**गोसाईगंज -अयोध्या।** नए वर्ष के पहले ही दिन गोसाईगंज नगर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में विद्युत संकट ने लोगों को परेशान कर दिया। 1 जनवरी को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। 2 जनवरी को भी सुबह कटौती के बाद दोपहर में आपूर्ति सामान्य हो सकी।बिजली कटौती के कारण पानी की समस्या भी गंभीर हो गई, जिसका सबसे अधिक असर नगर पंचायत की गरीब बस्तियों में देखने को मिला। भीषण ठंड में बिजली न होने से हीटर व ब्लोअर जैसे साधनों से वंचित परिवारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कई उपभोक्ताओं ने खराब स्मार्ट मीटर बदले जाने के बावजूद बिल न आने की शिकायत की। व्यापार मंडल के पूर्व मंडलीय उपाध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से सुबह की कटौती तत्काल बंद कराने की मांग की है।

## गोसाईगंज विधानसभा 2027: सपा के दावेदार सक्रिय, भाजपा को कड़ी चुनौती के संकेत



*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज -अयोध्या।** 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर गोसाईगंज सीट पर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। समाजवादी पार्टी से टिकट पाने के लिए कई संभावित प्रत्याशी क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं और जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार राम लोटन निषाद को उनकी पार्टी ने चुनाव की तैयारी करने को कहा है, हालांकि क्षेत्रीय पकड़ कमजोर होने के कारण उनकी राह आसान नहीं मानी जा रही। वहीं स्थानीय जनता के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले रामसागर वर्मा लगातार जनसंपर्क कर अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं।क्षेत्रवासियों का कहना है कि रामसागर वर्मा की मिलनसार छवि है और वे हर वर्ग से सीधे जुड़े हुए हैं। चर्चा है कि भाजपा की ओर से खब्बू तिवारी या अभय सिंह मैदान में उतर सकते हैं, लेकिन जनता बाहुबली राजनीति से दूरी बनाती नजर आ रही है। बेरोजगारी और महंगाई को लेकर भाजपा के प्रति नाराजगी का लाभ विपक्ष को मिल सकता है।उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा चुनाव में रामसागर वर्मा ने बसपा प्रत्याशी के रूप में करीब 50 हजार मत प्राप्त किए थे। वहीं मनीराम वर्मा के पुत्र धीरेंद्र वर्मा भी सपा टिकट की उम्मीद में जनसंपर्क में जुटे हैं। अब सभी की निगाहें सपा के अंतिम फैसले पर टिकी हैं।

## माता सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती पर शिक्षा व सामाजिक चेतना का संदेश

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विकासखंड मया के ग्राम पंचायत बोधिपुर में सामाजिक क्रांति की अग्रदूत माता सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा अयोध्या मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अंधकारमय है। उन्होंने सावित्रीबाई फुले के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने 1851 में बालिकाओं की शिक्षा की शुरुआत कर समाज को नई दिशा दी। विमल ने बहुजन महापुरुषों के इतिहास को सामने लाने की आवश्यकता पर बल दिया और बसपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों को रेखांकित किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब बैठक में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने पत्रकारों से मांगे सुझाव, पार्किंग व स्मार्ट सिटी पर हुई चर्चा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रेस क्लब में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने पत्रकारों से शहर के विकास को लेकर सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा, जिससे आम जनता और व्यापारियों को राहत मिलेगी। विधायक ने बताया कि नरेंद्रालय क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी का अर्थ केवल आधुनिक सुविधाएं नहीं, बल्कि शहर को सुंदर, सुव्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाना है। ओवरब्रिज के नीचे रेहड़ी-पटरी वालों को कार्य करने के लिए स्थान उपलब्ध कराने की भी योजना है, ताकि उनका रोजगार प्रभावित न हो। बैठक में महापौर ने बताया कि किसी भी महानगर में यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैरियर लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाती है और जहां अधिक भीड़ रहती है, वहां बैरियर लगाए जाते हैं नहीं तो हटा दिया जाता है। पुलिस प्रशासन ने जानकारी दी कि पंचकोसी परिक्रमा मार्ग को जल्द ही शुरू किया जाएगा और संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।इस अवसर पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने भी अपने विचार रखे। बीकापुर विधायक आलोक सिंह चौहान भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने की।

बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सुमन गुप्ता, जयप्रकाश सिंह, के.के. मिश्रा, समीर शाही, उग्रसेन मिश्रा, विवेकानंद पाण्डेय, राकेश यादव, राजेंद्र कुमार दूबे,पवन पांडेय, बृजेश सिंह, रूपेश श्रीवास्तव, नरेंद्र मिश्रा, महेंद्र, गुलजार खान,अनिल निषाद, नवनीत कौशल, ओमप्रकाश सिंह सहित कई अन्य पत्रकार व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## निर्धन व जरूरतमंदों को किया कंबल वितरण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित नव वर्ष के शुभारंभ पर साप्ताहिक सेवा पखवाड़ा मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत शहर में भ्रमण कर नए वर्ष के दिन निर्धन जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के संस्थापक बसंत राम ने बताया कि मां शांति सेवा फाउंडेशन का उद्देश्य है सेवा कार्य जिससे जरूरतमंद लोग लाभान्वित हो सके। नए वर्ष पर धनवान लोग नववर्ष की खुशी धूमधाम से मनाते हैं ऐसे में फाउंडेशन परिवार निर्धन असहाय को सहयोग कर नया वर्ष मनाता है फाउंडेशन परिवार द्वारा साप्ताहिक पखवाड़ा का आयोजन 1 तारीख से 7 तारीख तक चलेगा जिसमें प्रथम दिन कंबल वितरण दूसरे दिन अलाव की व्यवस्था तीसरे दिन गाय को भोजन सेवा चौथे दिन स्वान को भोजन सेवा एवं पानी की व्यवस्था के साथ पांचवें दिन बंदर को भोजन सेवा छठे दिन चाय एवं जलपान वितरण सातवें दिन शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम ठंड को देखते हुए किया गया है जिससे निर्धन, असहाय राहगीरों को सुविधा दिया जा सके। इन कार्यक्रमों से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और अन्य लोग भी अपने क्षेत्र में सेवा करेंगे इससे समाज में भाईचारा बढ़ेगा। कार्यक्रम की अतिथि उप निरीक्षक श्रुति कनौजिया ने कंबल वितरण कर चौक घंटा घर से शुभारंभ किया सुरक्षा कर्मी समाज की रक्षा के लिए अपनी खुशी को मार कर सेवा करते हैं नव वर्ष की बधाई देते हुए उत्कृष्ट सेवा के लिए फाउंडेशन परिवार ने चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार मिश्रा एवं उप निरीक्षक श्रुति कनौजिया को मां शांति आईकॉनिक अवार्ड से सम्मानित किया।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों की समीक्षा, दूसरे चरण को लेकर दिए गए दिशा-निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने करियप्पा व देवकाली मंडल के प्रमुख महानगर पदाधिकारियों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ अंगूरीबाग स्थित एक गेस्ट हाउस में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में पहले चरण में किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए दूसरे चरण की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने निर्देश दिया कि दूसरे चरण में बूथ स्तर तक सक्रियता और बढ़ाई जाए तथा पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने, त्रुटियों के सुधार और मृतक मतदाताओं के नाम हटाने का कार्य पूरी गंभीरता से किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए, इसके लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर संपर्क कर जागरूकता फैलानी होगी।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संगठनात्मक समन्वय के साथ कार्य करते हुए दूसरे चरण को लक्ष्य आधारित बनाया जाए। शक्ति केंद्र संयोजकों की भूमिका को अहम बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक शक्ति केंद्र पर कार्ययोजना बनाकर जिम्मेदारियां तय की जाएं। उन्होंने तकनीकी संसाधनों के सही उपयोग, ऑनलाइन आवेदन की जानकारी और समयबद्ध फॉलोअप पर विशेष जोर दिया।

बैठक में पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया। अंत में निर्णय लिया गया कि दूसरे चरण के दौरान नियमित समीक्षा बैठकें कर प्रगति का आंकलन किया जाएगा। मौके पर तिलकराम मौर्या, रवि सोनकर, दिव्य प्रकाश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रुदौली को मिली ऐतिहासिक सौगात: 1 करोड़ से बनेगा बहुउद्देश्यीय अम्बेडकर पार्क

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विधानसभा क्षेत्र रुदौली के ग्राम कूढ़ासादात में बहुउद्देश्यीय अम्बेडकर पार्क के पर्यटन विकास कार्य को शासन से स्वीकृति मिल गई है। यह परियोजना 1 करोड़ की लागत से विकसित की जाएगी।यह उपलब्धि विधायक रामचन्द्र यादव के सतत प्रयासों और प्रभावी पैरवी का परिणाम है। परियोजना को वित्तीय वर्ष 2025-26 में पर्यटन विभाग की सूची में शामिल किया गया है।पार्क के निर्माण से क्षेत्र को सामाजिक, सांस्कृतिक व पर्यटकीय गतिविधियों का नया केंद्र मिलेगा। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व विधायक रामचन्द्र यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे रुदौली के विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया।

## गोसाईगंज सीएचसी में जल्द मिलेगी LFT/KFT जांच की सुविधा

**गोसाईगंज-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एलएफटी/केएफटी (लीवर व किडनी फंक्शन टेस्ट) मशीन पूरी तरह चालू कर दी गई है। हालांकि मरीजों को इसका लाभ लेने के लिए अभी लगभग एक पखवाड़े का इंतजार करना होगा।सीएचसी प्रभारी डॉ. राणा रवि प्रकाश ने बताया कि मशीन संचालन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण हेतु श्रीराम अस्पताल अयोध्या भेजा जा रहा है। प्रशिक्षण पूरा होते ही जांच सुविधा शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल सीबीसी जांच सेवा बहाल हो चुकी है। इस सुविधा को शुरू कराने में सभासद आरती जयसवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर मांग उठाई थी।

## आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय: उपलब्धियों से भरा रहा वर्ष 2025

**कुमारगंज-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के लिए वर्ष 2025 उपलब्धियों से भरा रहा। प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने नैक से ++ ग्रेड प्राप्त किया।विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला संस्थान बना जहां एग्री टूरिज्म परियोजना शुरू हुई। प्राकृतिक खेती के लिए इसे नोडल सेंटर घोषित किया गया। 17 नए डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए गए, साथ ही कई नए पीएचडी पाठ्यक्रमों की भी शुरुआत हुई। हालांकि उपलब्धियों के साथ कुछ चुनौतियां भी रहीं, जैसे पुराने कर्मचारियों के वेतन संबंधी मुद्दे। इसके बावजूद विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध व अधोसंरचना विकास में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की।

### सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षकों का सम्मान, विदाई समारोह आयोजित

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ व राजस्व निरीक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में सोहावल तहसील में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक संतोष दूबे, राधेश्याम चौरसिया व एलआरसी डॉ. पृथ्वीराज पांडेय को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लेखपाल अब्दुल हक अंसारी के राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने पर भी बधाई दी गई। समारोह में उपजिलाधिकारी सविता राजपूत, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा शिविर में सैकड़ों पशुओं का उपचार

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विकास खंड सोहावल की ग्राम सभा मोइया कपूरपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया।शिविर में पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन, रोग रोकथाम और प्रबंधन की जानकारी दी। इस दौरान 412 बड़े व 338 छोटे पशुओं का निःशुल्क उपचार कर दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जज्बा और हौसला किसी का मोहताज नहीं होता: सदर विधायक गोल्ड मेडलिस्ट रोमा गुप्ता व समीर खान हुए सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** शनिवार को फरेंदा रोड स्थित रॉयल एनफील्ड बुलेट एजेंसी के सामने कंपनी के मालिक राकेश गुप्ता की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक जयमंगल कनौजिया रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एवं भाजपा युवा नेता प्रमोद गुप्ता तथा जनकल्याण सेवा संस्थान की अध्यक्ष ऐश्वर्या गुप्ता उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिम के क्षेत्र में देश-विदेश में जनपद का नाम रोशन करने वाले गोल्ड मेडलिस्ट रोमा गुप्ता एवं समीर खान को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सदर विधायक जयमंगल कनौजिया ने अपने संबोधन में कहा कि जज्बा और हौसला किसी का मोहताज नहीं होता। उन्होंने कहा कि अति पिछड़े गांव से निकलकर रोमा गुप्ता ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर न सिर्फ जनपद या प्रदेश, बल्कि पूरे देश में अपनी पहचान बनाई है। वहीं समीर खान ने भी विदेश जाकर जिम के माध्यम से गोल्ड मेडल हासिल कर महाराजगंज का नाम रोशन किया है। यह जनपद के लिए गर्व की बात है।

विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एवं भाजपा युवा नेता प्रमोद गुप्ता ने कहा कि जिम के क्षेत्र में गांव से निकलकर रोमा गुप्ता और समीर खान ने देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी गोल्ड मेडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। उन्होंने ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए आयोजनकर्ता राकेश कुमार गुप्ता और जनकल्याण सेवा संस्थान की अध्यक्ष ऐश्वर्या गुप्ता को धन्यवाद दिया।

जनकल्याण सेवा संस्थान की अध्यक्ष ऐश्वर्या गुप्ता ने कहा कि जिले का नाम रोशन करने वाले हर व्यक्ति का सम्मान होना चाहिए, चाहे वह शिक्षा, खेल या समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान दे रहा हो। ऐसे आयोजनों से युवाओं का मनोबल बढ़ता है और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं।

कार्यक्रम के अंत में आयोजन एवं संचालन कर रहे राकेश गुप्ता ने कहा कि रोमा गुप्ता और समीर खान ने महाराजगंज जनपद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है।


इन दोनों खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर जनपद के अन्य युवा भी अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम देश-विदेश में रोशन करेंगे।

इस अवसर पर संजीव शुक्ला, विनोद कुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, करुणेश गुप्ता, उमेश कुमार गुप्ता, राजू शर्मा, खुशलेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मणिकांत द्विवेदी, अभिषेक मोदनवाल, राहुल सागर, उमेश पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

**कुमारगंज -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी नहर सराय हेमराज के पास अयोध्या-रायबरेली हाईवे पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान राजकरन यादव उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी खरियौन के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकरन यादव किसी निजी कार्य से अपनी बाइक से मिल्कीपुर जा रहे थे। जैसे ही वे सराय हेमराज के पास हाईवे पर कट क्रॉस कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजकरन यादव सड़क पर बाइक सहित गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही कुमारगंज थाना पुलिस सक्रिय हुई। उपनिरीक्षक विमल यादव एवं कांस्टेबल शशिकांत मिश्रा तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायल को इलाज के लिए कुमारगंज स्थित संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय पहुंचाया तथा उनके परिजनों को भी हादसे की सूचना दी।सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद राजकरन यादव की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है तथा घटना के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने हाईवे पर कट प्वाइंट पर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## विराट हिन्दू सम्मेलन भव्य एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न




*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** चन्द्रा चिल्ड्रेन पार्क, निचलौल नगर में दिनांक 03 जनवरी को आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन गरिमामय, अनुशासित एवं राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजीव नयन विभाग प्रचारक, सिद्धार्थनगर रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना एवं महाभारत के दृश्य गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात राजीव नयन जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया। अनुशासनबद्धता एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। मुख्य वक्ता राजीव नयन ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज देश के प्रत्येक कोने में हिन्दू सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं। हिन्दू धर्म सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की भावना रखता है और हिन्दू समाज के संगठित होने से ही राष्ट्र एवं विश्व का कल्याण संभव है।

अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में मातृशक्ति, भगवा ध्वज, भारतीय शिक्षा प्रणाली, संस्कृति संरक्षण एवं सामाजिक एकता जैसे विषयों पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम के अंत में जितेन्द्र पाल सिंह द्वारा सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात भारत माता की आरती के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

इस अवसर पर मधु त्रिपाठी, प्रेम बहादुर, शिवचरण, मदन, शिवनाथ, दुर्गा, अरुण, अभिषेक, शम्भु, दिनेश सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जनपद में18 पुलिसकर्मियों के हुए तबादले

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने पुलिस महकमे में व्यापक स्तर पर फेरबदल किया है। जारी आदेश के तहत 18 उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी व आरक्षियों को विभिन्न थानों, चौकियों और शाखाओं में स्थानांतरित किया गया है।

तबादला सूची के अनुसार चौकी प्रभारी अड्डा बाजार थाना नौतनवा उपनिरीक्षक मनीष तिवारी, चौकी प्रभारी चिउटहा थाना सिंदुरिया उपनिरीक्षक अनुराग प्रकाश पाण्डेय तथा थाना परसमालिक में तैनात उपनिरीक्षक संजय कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं उपनिरीक्षक अखिलेश यादव को पुलिस लाइन से थाना श्यामदेउरवा भेजा गया है।

उपनिरीक्षक अजय कुमार उपाध्याय को चौकी प्रभारी सेवतरी थाना परसमालिक से प्रभारी सम्मन सेल बनाया गया है, जबकि उपनिरीक्षक मनीष पटेल को चौकी प्रभारी बागापार कोतवाली से जनसुनवाई सेल भेजा गया है।

उपनिरीक्षक योगेंद्र कुमार को प्रभारी सम्मन सेल से चौकी प्रभारी अड्डा बाजार थाना नौतनवा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह को चौकी प्रभारी पकड़ी थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी सेवतरी थाना परसमालिक, उपनिरीक्षक रमेश वरुण को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी पकड़ी थाना कोतवाली तथा उपनिरीक्षक सारिका सिंह को थाना श्यामदेउरवा से चौकी प्रभारी चिउटहा थाना सिंदुरिया बनाया गया है।

उपनिरीक्षक जटाशंकर को चौकी प्रभारी भगवानपुर थाना सोनौली से चौकी प्रभारी बागापार थाना कोतवाली, उपनिरीक्षक अजय कुमार को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी भगवानपुर थाना सोनौली और उपनिरीक्षक छोटे लाल को थाना नौतनवा से चौकी प्रभारी सिसवामुंशी थाना भिटौली भेजा गया है।

वहीं उपनिरीक्षक गौरव यादव को जनसुनवाई सेल से चौकी प्रभारी सोनौली थाना सोनौली तथा उपनिरीक्षक दिलीप कुमार को थाना परसमालिक से थाना सोहगीबरवा स्थानांतरित किया गया है। इसके साथ ही कांस्टेबल पंकज यादव को थाना बृजमनगंज से थाना श्यामदेउरवा, कांस्टेबल ओम प्रकाशको थाना श्यामदेउरवा से थाना बृजमनगंज भेजा गया है। सौरभ कुमार को न्यायालय सुरक्षा से अभियोजन शाखा में तैनाती दी गई है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह फेरबदल पूरी तरह प्रशासनिक आवश्यकता और कार्यकुशलता को ध्यान में रखते हुए किया गया है, जिससे जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

## हत्या का आरोप लगाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की

**मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** बीते बुधवार को चौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत निचलौल-चौक मार्ग पर पड़री-टीकर सिवान में सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में मोटरसाइकिल सहित संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। इस घटना को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए चौक पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। इसी क्रम में शनिवार को मृतक के पिता सिंहासन के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने सेखुई से पैदल न्याय मार्च निकाला। मार्च करते हुए ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और नारेबाजी कर गौतम के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा न्याय की मांग की। सूचना मिलते ही चौक थानाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी सिद्धार्थ ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया।

## पूरे माह आयोजित होंगे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सम्मेलन

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद महाराजगंज में बालिका सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनवरी 2026 माह में प्रत्येक रविवार को ÷बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ÷ विषय पर सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों का आयोजन जनपद के सभी थानों के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों एवं स्थानों पर किया जाएगा।

प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार यह सम्मेलन माह के चारों रविवार 4 जनवरी, 11 जनवरी, 18 जनवरी और 25 जनवरी 2026 को आयोजित होंगे। प्रत्येक रविवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सम्मेलन कर आमजन, महिलाओं, छात्राओं और अभिभावकों को बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

पहले रविवार 4 जनवरी को कोतवाली क्षेत्र के सवरेजी, सिंदुरिया के पिपरा कल्याण, घुघली के बेलवा टीकर, महिला थाना क्षेत्र के तरकुलवा सहित कुल 20 स्थानों पर सम्मेलन होंगे।

दूसरे रविवार 11 जनवरी को मुंडेरा कला, कचनपुर, पकड़ी सिसवा, बांसीपार बैजौली, मुड़िला तिवारी जैसे स्थानों पर आयोजन होगा।

तीसरे रविवार 18 जनवरी को खेम पिपरा, हरखोड़ा, भरवलिया, बैकुंठपुर, पिपराखादर सहित कई गांवों में कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

चौथे रविवार 25 जनवरी को रघौरी भावचक, मधनिया, बरवा चमेनिया, चिरहरां, पंकरछिया तिवारी समेत अन्य स्थानों पर सम्मेलन होंगे।

सम्मेलनों में बालिकाओं की शिक्षा, बाल विवाह रोकथाम, कन्या भ्रूण हत्या निषेध, सरकारी योजनाओं की जानकारी और महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारी, थाना स्तर के पुलिस अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहुएं, शिक्षक और जनप्रतिनिधि भी इसमें भाग लेंगे।

# हज़रत अली के जन्म दिवस पर हल्लौर में अली डे का हुआ आयोजन

❍ हज़रत अली ने हमेशा दुनियां को सच्चाई और इंसाफ के रास्ते पर चलने का पैगाम दिया : मौलाना शाहकार हुसैन



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पैगंबर -ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा स अ. के दामाद और शिया मुसलमानों के पहले इमाम हजरत अली अलैहिस्सलाम की यौमे पैदाइश जन्मदिन के मौके पर गावँ में जश्न का माहौल रहा। कस्बे की विभिन्न मस्जिदों रौज़े और घरों, प्रतिष्ठानों पर रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई। जगह जगह महफिल का आयोजन किया गया शायरों ने हजरत अली की शान में कलाम व कसीदे पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी।

शुक्रवार की रात हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में मौलाना शाहकार हुसैन जैदी की अध्यक्षता में जश्ने अली का आयोजन किया गया। जश्न ए अली की शुरुआत अब्बास अली के तिलावते कलाम पाक से हुआ तत्पश्चात नाते पाक शादाब संजू ने पेश किया। इसके बाद मुकामी शायरों द्वारा कलाम व कसीदे का जो दौर शुरू हुआ उसका सिलसिला देर रात तक चलता रहा। मुकामी शायरों ने अपने अपने अंदाज में मौला अली की शान में कसीदा पेश किया। महफ़िल का संचालन महबूब अलीग ने किया। महफ़िल आयोजक तशबीब हसन ने आये हुए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। इसी रात मोहम्मद हैदर के आवास पर तथा शनिवार सुबह गांव की विभिन्न मस्जिदों व घरों पर महफ़िल आयोजित हुई जिसमें बड़ी तादात में मुकामी शायरों ने शिरकत की। इसके अलावा सुबह से लेकर शाम तक कस्बे की मस्जिदों व घरों में महफ़िल का सिलसिला चलता रहा। इसी क्रम में शनिवार की दोपहर 2-30 बजे जुलूसे हैदरी दरगाह परिसर हल्लौर से अली ब्वॉयज़ कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ो मोटर साइकिल के साथ निकला जो बैदौला होते हुए डुमरियागंज पहुँचा जहाँ जमाल हैदर करबलाई ने तकरीर की।

तकरीर के बाद जुलूस वापस हल्लौर आकर मुख्य मार्ग पर आयोजित हज़रत अली जयंती अली डे कार्यक्रम में सम्मिलित हो गया। जुलूस प्रभारी निरीक्षक मय हमराहियों के नेतृत्व में रहा। हज़रत अली जयंती अली डे के मौके पर मौलाना शाहकार हुसैन ने मौलाए कायनात हज़रत अली के जीवन पर रोशनी डालते हुए कहा कि हज़रत अली ने हमेशा दुनियां को सच्चाई और इंसाफ के रास्ते पर चलने का पैगाम दिया। कार्यक्रम को मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई व अज़ीम हैदर ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व कामियाब हैदर बबलू, आले रजा, हसन जमाल व हानी, मुमताज़, शारिब, नौशाद हल्लौरी ने कलाम पेश किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान ताक़ीब रिज़वी, आफताब हैदर, हसन ताक़ीब रिज़्वी, कसीम रिज़्वी, खुर्शीद अहमद, काज़िम रजा, इशरत जमील, शबलू, तसकीन हैदर, बब्बू, नेहाल, शाहिद अंजू, मोहम्मद मीसम, राहिब, सलमान,खुशनूद, अली ताहिर, हैदर, शानू, नफासत, शाहरुख बबलू, शम्स हैदर, वसी हैदर, जानशीन किसान, पप्पू, बबलू विलियम, राकी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। अंत मे कार्यक्रम आयोजक इन्तेज़ार हुसैन शबाब ने आये हुए लोगो का शुक्रिया अदा किया।

हज़रत अली जयंती अली ब्वॉयज़ कमेटी के तत्वावधान में आयोजित अली डे के मौके पर अकीदतमंदों द्वारा कैंडी, चिप्स, मिठाई, अंगूर, केक, समोसा, बिस्किट, चाय, काफी कार्यक्रम में मौजूद लोंगो के अलावा बस्ती डुमरियागंज मार्ग पर आने जाने वाहनों के ड्राइवरों व सभी मुसाफिरों में वितरित किया।

### इमाम अली के जन्मदिन पर हुआ भव्य भंडारा

मौलाए कायनात शिया मुसलमानों के पहले इमाम हज़रत अली अस के जन्मदिन के मौके पर मोमनीन हल्लौर द्वारा आयोजित भव्य भंडारा में क्षेत्र के सभी धर्मों के लोगों ने शिरकत कर पूड़ी सब्ज़ी हलवा का स्वाद चखा। इस मौके पर मौलाना महबूब अलीग ने आये हुए लोगों को हज़रत अली अस के जीवन और क्यों मनाया जाता है को विस्तार से उपस्थित लोगों को बताया। इस मौके पर आसिफ, खुशबू, कामयाब, अमानत, नफीसुल हसन, महफ़ूज़ मैक्स, बबलू, गुड्डु, शानू, उम्मीद का विशेष योगदान रहा।

# सावित्रीबाई फुले जी की जयंती पर सपा जिला कार्यालय पर अर्पित किया गया श्रद्धा सुमन




❍ आगामी 22 जनवरी को डीएम कार्यालय पर सपा करेगी धरना प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सपा जिला कार्यालय पर शनिवार को जिला कार्य समिति की मासिक बैठक सपा जिला अध्यक्ष लाल जी यादव जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। तत्पश्चात भारत की प्रथम शिक्षिका महान समाज सुधारक क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले जी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और उनके जीवन पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए उनके पदचिन्हो पर चलने का संकल्प लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष लाल यादव जी ने कहा कि भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियां देश के लिए घातक है पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है प्रदेश में गिरती हुई कानून व्यवस्था, पुलिसिया उत्पीड़न, बढ़ती हुई महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है। देश और प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार का सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास तथा किसानों की आय दोगुने करने का नारा एकदम झूठा एवं छलावा है। किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहा है और सरकारी धान क्रय केंद्र जो सिर्फ कागजो में चल रहे हैं जिसके कारण किसान अपने धान को नहीं बेच पा रहा है। भाजपा सरकार की जन विरोधी तथा लोकतंत्र विरोधी नीतियों के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर आगामी 22 जनवरी को समाजवादी पार्टी की तरफ से एक विशाल धरना प्रदर्शन लोकतंत्र बचाओ- संविधान बचाओ कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन जिला महासचिव कमरुज्जमा खान ने किया। बैठक में पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह, वरिष्ठ सपा नेता नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, राममिलन भारती, मो इदरीश पटवारी, अनूप यादव, कमाल अहमद खान, प्रदीप पथरकत, श्रीमती रिंदु पासवान, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, फिरोज आलम, रामू यादव, कृष्णनाथ, बृजभान, रामसेवक लोधी, चंद्रभान पहलवान, मो हारुन, चंद्रजीत जोखन चौधरी, हरी नारायण, बबलू खान, चंद्रहास, विजय, चंचल, जय प्रताप, लव कुश, अंगद व नुरुल हुदा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बढ़नी की सड़कों पर मौत बन दौड़ रहे डंपर



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** मिट्टी खनन का केंद्र बन चुका बढ़नी क्षेत्र में जहां इस समय नगर पंचायत बढ़नी की सड़कों पर दर्जनों डंपर सड़क पर मौत बनकर दौड़ रहे हैं। वहीं कुछ डंपर गाडियां बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रहे हैं ताकि कोई सड़क दुघर्टना होने पर बचा जा सके।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बताया जाता है कि ढेबरुआ थाना अंतर्गत बढ़नी क्षेत्र के कुछ जगहों पर मशीनों की मदद से तेजी से मिट्टी निकाली जा रही है। यह मिट्टी ढोने के लिए रोड पर लगभग दर्जनों डंपर चल रहे हैं। चौंकाने वाली और सबसे गंभीर बात यह है कि इनमें से कुछ डंपरों में नंबर प्लेट ही नहीं है। कुछ लोगों का दबी जुबान से कहना है कि चालक अपनी गाड़ी का रनिंग नंबर बनाने के चक्कर में ओवर स्पीड में चलते हैं। वे जानबूझकर नंबर प्लेट हटाकर चल रहे हैं, ताकि दुर्घटना होने पर उनकी पहचान न हो सके और वे कानूनी कार्रवाई से बच निकलें। नगर पंचायत बढ़नी बस स्टाप चौराहे से लेकर घरुआर मोड़ तक भीड़ भाड़ वाली इन जगहों पर भी तेज रफ्तार, बिना नंबर वाले डंपरों के कारण राहगीरों का चलना पूरी तरह से दुस्वार हो गया है। रोड से सटे घरों में मिट्टी भरना और जाम की समस्या से स्थानीय लोग परेशान नजर आ रहे हैं। लोगों ने ऐसे गाड़ी चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# मेला परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी ने किया गहनता पूर्वक अवलोकन

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** जनपद के विकासखंड परसपुर स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के ÷पसका संगम मेला÷ के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेला परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया तथा मौके पर उपस्थित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि मेला अवधि के दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से साफ-सफाई कराए जाने, कूड़ेदान की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, एंबुलेंस एवं आवश्यक दवाओं की समुचित व्यवस्था मेला स्थल पर उपलब्ध रहे।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का चेयरमैन ने किया ज़ोरदार स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल की सीमा पर स्थित नगर पंचायत बढ़नी में उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र भेंट किया। शुक्रवार को नगर पंचायत बढ़नी के पचपेड़वा तिराहा पर नमो योग मुद्रा पार्क के निकट सांसद जगदंबिका पाल के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि आज सांसद जगदंबिका पाल के जन्मदिवस के अवसर पर मै उनके दीर्घायु होने की कामना करता हूँ वे हमारे अभिभावक हैं। कहा कि बढ़नी नगर सहित सिद्धार्थ नगर के विकास को गति देने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी। नगर पंचायत बढ़नी के आन बान शान और विकास करने में मैं कोई कसर नही छोड़ूंगा ये मेरा आप सभी से वादा है।

कहा कि जितना एक मां अपने बच्चे से प्यार करती है सांसद जी उससे भी ज्यादा अपने क्षेत्र की जनता से प्यार करते है। कार्यक्रम आयोजक चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने नगर विकास मंत्री से झोली फैलाकर अपने नगर पंचायत के विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए करबद्ध निवेदन किया और आए हुए सभी आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। अन्त में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री साधना चौधरी ने सांसद जगदंबिका पाल को जन्मदिन की शुभकामना देते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस दौरान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान , भाजपा नेता गोविंद माधव, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, लालजी त्रिपाठी, सिद्धार्थ पाठक, चिंकू यादव , बृजेश अग्रहरि, अमित मौर्या, अभिषेक यादव, रईस अहमद सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# हज़रत अली अस की जश्ने मौलूदे काबा पर कटघर कमाल गांव में महफ़िल

❍ हैदर की सदाओ के साथ निकला जुलूस ए हैदरी

**दानिश मेहदी/ पद्मनाभ मिश्र**



**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** 13 रजब के मौके पर मौला अली अलैहिस्सलाम की विलादत के उपलक्ष्य में शनिवार को कटघर कमाल गांव में भव्य महफिल और जुलूसे हैदरी का आयोजन किया गया। जश्न के दौरान राष्ट्रीय व जनपद स्तर के शायरों ने मौला अली की शान में मनकबत, कसीदा और क़ता पेश कर महफिल को रौनक बख्शी। शायरों की दिलकश पेशकश पर पूरी फिजा 'हैदर-हैदर' की सदाओं से गूंज उठी।

पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के उत्तराधिकारी हजरत इमाम अली की विलादत पर आयोजित जश्ने मौलूदे काबा महफिल में सागर बनारसी ने पंक्तियां पढ़ीं– 13 रजब अली से यह बोला खुदा का घर, किबला मुझे तो आपने काबा बना दिया। वहीं फैयाज बरेलवी ने अपनी मनकबत में अकीदत पेश करते हुए कहा– तुम अपने नाम सितारों की जिंदगी कर लो, अगर अली के गुलामों से दोस्ती कर लो जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। देर शाम तक चली महफिल में मेहंदी जलालपुरी, काजिम जार्चवी, फाजिल जरेलवी, खुर्शीद मुजफ्फरनगरी समेत अन्य शायरों ने भी खिराजे अकीदत पेश की। कार्यक्रम का संचालन अनीस जायसी ने किया। महफिल के दौरान मौलाना सुल्तान हुसैन ने मौला अली की हयाते जिंदगी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। महफिल के बाद भव्य जुलूसे हैदरी निकाला गया। इस अवसर पर मौलाना सैयद तनवीर अब्बास, मौलाना सैयद कम्बर अब्बास, मौलाना सैयद नूरूल हसन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मौलूदे हरम कमेटी के तत्वाधान में निकला जुलूस ए हैदरी भारी संख्या में लोगों ने लिया भाग

**अवधनामा संवाददाता**



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** हज़रत अली का जन्म दिन नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। हज़रत अली के जन्म दिवस 13 रजब के अवसर पर मौलूद-ए-हरम कमेटी के तत्वावधान में मोहल्ला जाफराबाद स्थित रौजा हजरत अब्बास परिसर से निकले जुलूस में हैदरी नारों की गूंज रही। दोपहर बाद निकले जुलूस में तिरंगा झण्डा लहराते हुए हजारों की संख्या में बूढ़े,नौजवान, बच्चे जोश व खरोश से या अली के नारे लगा रहे थे। इब्ने अली जाफरी के संयोजन में निकला जुलूस मोहल्ले का भ्रमण करता हुआ सराय चौक पहुंचा,जो डॉ सुरेश के आवास से होता हुआ थाना के सामने से यादव चौराहे पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया।

रौजा हज़रत कासिम में पहुंचे जुलूस के दौरान उलमाओं ने जलसे को खिताब करते हुए कहा कि मौलाअली का त्याग,तपस्या,सेवा सम्पूर्ण मानव जाति के उत्थान व आत्मा विकास के लिए आदर्श है। मौलानाओं ने जलसे में मौजूद अकीदतमंदो को त्याग, तपस्या और मानव सेवा का संकल्प दिलाया। जलसे में सामिन हाजी,मोहम्मद बाकर, अमीन जलालपुरी,अली असगर, साजिद जलालपुरी,कल्बे हसन, अंसर जलालपुरी आदि शायरों ने अपनी शायरी के माध्यम से हज़रत अली के जीवन के विभिन्न पहलुओं को उकेरा।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने मे पूर्व पालिकाध्यक्ष हाजी कमर हयात अंसारी, भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरी, अली अब्बास,अहसन रज़ा मीसम अली असगर, मौलाना अली असगर मशहदी,मौलाना रहबर सुल्तानी,इनाम हुसैन जाफरी, मोहम्मद अब्बास राजा,काजिम,अमीर हैदर, सैफ़अब्बास राजू,मास्टर शरीफ़ अहमद,कौसर अली, विवेक कुमार यादव, राकेश सिंह, मनोज कुमार, आबिद असगर,सैफ़ अली, जैगम, मेंहदी रज़ा आदि उपस्थित रहे। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कस्बा इंचार्ज जैद अहमद पुलिस बल के साथ नज़र रखे हुए थे।

## रंगदारी मांगने व जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 817/2025 धारा 191(2), 191(3), 126(2), 308(4), 109, 115(2), 351(3) बीएनएस से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त - अर्जुन सिंह पुत्र श्रीमान सिंह निवासी कोयली जंगल थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा को कोयली बीरन रोड के किनारे मैदान से गिरफ्तार कर लिया गया। आज दिनांक 03.01.2026 को उ0नि0 अंकित सिंह चौकी प्रभारी मिश्रौलिया मय हमराह द्वारा दिनांक 17.10.25 को रंगदारी मांगने व जानलेवा हमला करने के प्रकरण में हुई पुलिस मुठभेड़ से संबंधित अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पतारसी-सुरागरसी व क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे, मुखबिर की सूचना पर उक्त प्रकरण से संबंधित वांछित आरोपी अभियुक्त अर्जुन सिंह पुत्र श्रीमान सिंह निवासी कोयली जंगल थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा को कोयली बीरन रोड के किनारे मैदान से गिरफ्तार कर लिया गया।

## अल इल्म स्टडी सेंटर का मनाया गया स्थापना दिवस




**अवधनामा संवाददाता, डुमरियागज सिद्धार्थनगर।** हल्लौर अल इल्म स्टडी सेंटर का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया सदर मौलाना शाहकार जैदी ने कहा कि हम लोगों ने एक कोशिश की थी कि हल्लौर में एक स्टडी सेंटर हो जिसमें हल्लौर के छात्र/छातराये यही से हर शिक्षा अपनाये और उनको दर दर की ठोकरें न खानी पड़े और आज हम ने कदम बढ़ाते हुए आगे बढ़ रहा हू जिसकी हमें बहुत खुशी हुई इस अवसर पर मेहमान ए खुसूसी तशबीब हसन संचालन महबूब अलीगढ़, ताक़ीब रिजवी, जमाल हैदर, डॉ वज़ाहत हुसैन, आयात रिज़वी, कसीम रिज़वी, इंतज़ार हुसैन, हसन जमाल, अली जावेद राहिब रिजवी आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला उत्पीड़न मामलों की सुनवाई 7 जनवरी को

**अवधनामा संवाददाता, गोण्डा।** प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय तथा उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से 07 जनवरी को जनपद में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम पूर्वान्ह 11 बजे से सर्किट हाउस में आयोजित होगा। जनसुनवाई के उपरांत आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी किया जाएगा। गोंडा में महिला आयोग की सदस्या ऋतु शाही की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। सभी पीड़ित महिलाएं जनसुनवाई में अपनी बात रख सकती है। । इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सहित संबंधित पुलिस अधिकारी जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे। आयोग का यह प्रयास महिला शिकायतों के त्वरित निस्तारण, प्रशासनिक समन्वय और जमीनी स्तर पर निगरानी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## कांग्रेसी नेता स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ मिश्र के स्मृति में जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया गया

**अवधनामा संवाददाता, रुपईडीह।** बनगाई में शनिवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं गांधी वादी कांग्रेसी नेता स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ मिश्र के स्मृति में वरिष्ठ व प्रबुद्ध वर्ग के नागरिकों का सम्मान समारोह तथा गरीब, निर्धन, असहाय, साधू संतों को कंबल वितरण किया गया। कंबल एवं सम्मान पा कर गरीबों का चेहरा खिल उठा।कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत एसडीएम एवं जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक राम भवन तिवारी व सेवानिवृत्त प्रवक्ता उमाशंकर तिवारी ने सामूहिक रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ मिश्र को नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन परिचय के बारे में बताते हुए कहा कि गरीबों का सहयोग एवं प्रबुद्ध वर्ग का सम्मान से बड़ा कोई कार्य नहीं होता है। लोगों को ऐसे कार्यो में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। व्यक्ति कभी माता-पिता के ऋण को अदा नहीं कर सकता। माता-पिता की सेवा से बड़ा कोई सेवा नहीं होती। लोगों को माता-पिता की सेवा करने के लिए सभी को प्रेरित किया। पूर्व ब्लाक प्रमुख स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ मिश्रा के ज्येष्ठ पुत्र जितेंद्र नाथ मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा, राकेश मिश्रा, भूपेंद्र नाथ मिश्रा, राधा देवी, अरुणा मिश्रा,एकता मिश्रा, अनामिका मिश्रा, पिंकी मिश्रा, रमा मिश्रा, आराध्या, सरा मिश्रा,अर्चिता, चंदन मिश्रा ने प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करते हुए क्षेत्र से आए सैकड़ों गरीब, निर्धन, असहाय, साधू संतों को कंबल वितरण किरते हुए भोज करा कर अनेक उपहार दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत प्रवक्ता उमाशंकर तिवारी व संचालन पंडित मुचकुन्द पति त्रिपाठी ने की। इसमें पूर्व प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश पाण्डेय, प्रधान पप्पू शुक्ला, सेवानिवृत शिक्षक सत्य देव तिवारी, दिनेश मिश्रा, कौशल पति त्रिपाठी, अनिल कुमार पांडेय, अरबिन्द पाण्डेय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# मां तिलेसरा देवी पीजी कालेज से निकली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

❍ सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

❍ हेलमेट व यातायात नियमों के पालन को लेकर गांव-गांव पहुंची सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

❍ युवाओं की सहभागिता से सड़क दुर्घटनाओं में कमी संभव : डॉ. सुधीर




**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज, भसड़ा टांडा, जनपद अम्बेडकर नगर के प्रांगण से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा2026 के अंतर्गत एक भव्य जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से हुआ, जो भसड़ा, पहाड़पुर एवं बलया जगदीशपुर गांवों से होकर गुजरी। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां, पोस्टर और बैनर लेकर हेलमेट पहनना जरूरी है, जीवन अनमोल है–सुरक्षा अपनाएं, यातायात नियमों का पालन करें जैसे नारे लगाए।

रैली में शामिल छात्राओं ने राह चलते लोगों, दोपहिया वाहन चालकों और ग्रामीणों को हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट के उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों के पालन से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं मुख्य नियंता डॉ0 सुशील कुमार ने छात्रों को सुरक्षित यातायात की आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 अश्वनी कुमार , एन0एस0एस0 कार्यक्रमाधिकारी श्री अभिषेक पांडेय (प्रथम इकाई) एवं डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव (द्वितीय इकाई) ने भी छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि हेलमेट और यातायात नियमों का पालन न केवल स्वयं की सुरक्षा करता है, बल्कि दूसरों के जीवन को भी सुरक्षित बनाता है। रैली में महाविद्यालय के शिक्षकगण सुनील कुमार वर्मा, अरुण कुमार, डॉ0 अमित शर्मा, सुश्री अंशिका रानी, शिव प्रकाश सहित अन्य प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

छात्र-छात्राओं में रिंका, गरिमा गौड़, मोनिका, स्नोव्हाइट, साक्षी वर्मा, रूपाली, रुचि प्रजापति, शर्तिमा, सोनाली, प्रीति सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अंत में रैली का समापन पुनः महाविद्यालय परिसर में हुआ, जहां सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा के नियमों को स्वयं अपनाने और समाज में प्रचार-प्रसार करने की शपथ दिलाई गई। यह रैली सड़क सुरक्षा का संदेश देने में सफल रही।

# मारपीट कर घायल करने के आरोपी को पुलिस ने किया गया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा ।** थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 06/2026 धारा 115(2), 352, 351(3), 118(2) बीएनएस से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त- लल्लन चौहान पुत्र बाऊर चौहान ग्राम भीखमपुर (निदूरा) थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को उसके घर ग्राम भीखमपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। वादी पवन चौहान पुत्र वाउर चौहान निवासी ग्राम भीखमपुर (निदूरा) थाना- वजीरगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना वजीरगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 31.12.25 को विपक्षी भाई लल्लन चौहान पुत्र वाउर चौहान द्वारा जमीन के हिस्सेदारी के विवाद को लेकर प्रार्थी को गाली गुप्ता देकर मारपीट की है ।

वादी की तहरीर पर थाना वजीरगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 03.01.2026 को थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त- लल्लन चौहान पुत्र बाऊर चौहान ग्राम भीखमपुर (निदूरा) थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को उसके घर ग्राम भीखमपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## दूषित पानी का हत्याकांड

कितना अभिशप्त और कलंकित शहर है इंदौर! जिस शहर को स्वच्छता के लिए लगातार राष्ट्रीय सम्मान मिल रहा है, उसी शहर में लोग दूषित पानी पीने से मर रहे हैं। यह इंदौर का काला सच है! इससे विरोधाभासी त्रासदी और क्या होगी? हमें नए साल की शुरुआत में ही ऐसा शोकाकुल, संतप्त, अफसोसनाक, व्यवस्था के 'फालतूपन', संवेदनहीनता और मंत्री जी के 'घंटे' पर विश्लेषण करना पड़ रहा है, लिहाजा हमारी विवशता समझिए। यह त्रासद घटना मप्र के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के चुनाव-क्षेत्र के भागीरथपुरा की है। क्या विडंबना और अंधेरगर्दी है कि नर्मदा के पानी की लाइन में मल की पाइपलाइन जुड़ गई और लोग वही विषाक्त पानी पीते रहे! आखिर यह नालायकी कैसे संभव है? यदि यह हत्याकांड (हम इसे हत्याकांड ही मानेंगे) सामने न आता, तो न जाने कितनी और अर्थियां उठानी पड़तीं? विषाक्त पानी पीने से अभी तक 14 मौतें हो चुकी हैं और 32 मरीजों की स्थिति गंभीर बताई गई है। उनमें से अधिकतर अस्पतालों के आईसीयू में उपचाराधीन हैं। ईश्वर उन्हें नई जिंदगी दें। अस्पतालों में 201 मरीज भर्ती हैं। कुल 8571 प्रभावित लोगों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 338 संक्रमित पाए गए हैं। अब हैजा फैलाने वाले घातक विषाणु भी मिले हैं। मप्र सरकार बेशक अफसरों को निलंबित करे या बर्खास्त कर दे अथवा सूली पर चढ़ा दे, लेकिन जिन परिवारों के चिराग बुझे हैं, कमाऊ पूत भरी जवानी में चले गए हैं, बड़ों के साये भी छिन गए हैं, क्या उनकी क्षतिपूर्ति संभव है? ऐसी किसी भी त्रासद घटना की क्षतिपूर्ति की ही नहीं जा सकती। जिन लोगों ने गुस्से या आक्रोश में सरकारी चेक कबूल करने से इंकार कर दिया है, हम उनकी हिम्मत की दाद देते हैं। सरकार या राजनीतिक नेतृत्व को कभी-कभार 'लाल आंखें' दिखाना सही होता है। कैलाश विजयवर्गीय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में हैं और मालवा के सबसे ताकतवर नेता के तौर पर गिने जाते हैं। उन्होंने पत्रकारों से भिड़ते हुए कहा-फोकट के सवाल मत पूछें।'' इससे उनकी मानसिकता स्पष्ट हुई है। वह मौत के आंकड़ों को 'घंटा' करार दे रहे हैं। क्या ऐसे नेता को जनता को खारिज नहीं कर देना चाहिए? दरअसल सवाल खोखले नारों, दावों और सतही शृंगार का है। इंदौर पर ग्लैमर और आकर्षण थोपा जा रहा है। वह स्वच्छता का शहर भी नहीं है। यह हमारा दावा है, क्योंकि हमने इंदौर को नंगी आंखों से देखा है। वहां अराजकता और अतिक्रमण चारों ओर देखा जा सकता है। इंदौरवाले अव्वल दर्जे के 'खाऊ' हैं, लेकिन नर्मदा नदी के तट पर बसे शहर में चेतावनीपूर्ण जल-संकट की स्थितियां हैं। गर्मियों में लोगों को पानी के टैंकर खरीद कर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ती हैं। किसी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री या खुद जनता ने पानी के संकट की कभी भी चिंता नहीं की। अब इंदौर को इतना विकसित बनाने की योजनाओं पर काम चल रहा है कि प्रधानमंत्री का दूसरा आवास वहीं बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री इंदौर में बस कर क्या करेंगे? इंदौर को सिर्फ ऊपर से सजाने-संवारने की कोशिशें की जाती रही हैं। यह कैसा शहर है, जहां 95 फीसदी से अधिक दोपहिया चालक हैलमेट ही नहीं पहनते, लाल बत्ती की गंभीरता से नहीं मानते और वाहन आपस में लगभग काटते, टकराते चलते रहते हैं। ऐसे शहर को बेनकाब करना जरूरी है। हत्याकांड के बाद जिन सैंपलों की रपटें सार्वजनिक हो चुकी हैं, उनमें फीकल कॉलिफार्म, ई-कोलाई, विब्रियो, क्लेबसेला और प्रोटोजोआ सरीखे खतरनाक और जानलेवा बैक्टीरिया पाए गए हैं।

**सवाल यह नहीं है कि पानी में सीवर कैसे मिला, असली सवाल यह है कि चेतावनियों के बावजूद इसे रोका क्यों नहीं गया? हर बार की तरह इस बार भी जांच समितियां बनीं, मुआवजे की घोषणाएं हुईं और कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। भले ही अपर नगर आयुक्त को इंदौर से हटा दिया है और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जिम्मेदारी वापस ले ली है। लेकिन, क्या इतना काफी है? इस तरह की 'रूटीन' कार्रवाई जिम्मेदारों को सबक नहीं देतीं, बल्कि पीड़ितों का मजाक बनाती हैं। क्या इन दिखावे की कार्रवाइयों से मृतकों का प्रायश्चित हो गया?**

# इन्दौर की जल-त्रासदी और प्रशासनिक लापरवाही का नंगा चेहरा



ललित गर्ग

स्वच्छता रैंकिंग में लगातार टॉप पर आने वाले इंदौर में दूषित पेयजल की वजह से हुई मौतें कथनी और करनी की असमानता की पोल खोलती भयावह लापरवाही का नतीजा हैं। स्थानीय लोगों का यह आरोप बेहद गंभीर है कि पानी की क्वॉलिटी को लेकर लगातार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई और दुर्भाग्य से इतनी बड़ी वारदात के बाद भी अदालत को दखल देकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने का आदेश देना पड़ रहा है। यह केवल एक दुर्घटना नहीं है और न ही इसे तकनीकी खामी कहकर टाला जा सकता है। यह घटना उस व्यवस्था का क्रूर और नंगा सच है, जो स्वच्छता के तमगों से सजी हुई है लेकिन भीतर से सड़ चुकी है। जिस शहर को लगातार सात वर्षों तक देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया जाता रहा, वहीं दूषित पेयजल के कारण पंद्रह निर्दोष लोगों की मौत हो जाना पूरे तंत्र पर एक गहरा प्रश्नचिह्न है। यह त्रासदी साबित करती है कि चमकदार रैंकिंग और पुरस्कार जीवन की वास्तविक सुरक्षा का विकल्प नहीं हो सकते। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन में सीवर का पानी मिल गया, जिससे हजारों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। सौ से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हुए, सैकड़ों बीमार पड़े और अनेक परिवार हमेशा के लिए उजड़ गए। सभ्य समाज में यह कल्पना ही आत्मग्लानि से भर देने वाली है कि जिस पानी को जीवनदायिनी मानकर पिया गया, वही सीवर की गंदगी से मिला हुआ था।

सबसे अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि यह सब अचानक नहीं हुआ। नागरिकों ने पहले ही दूषित पानी की शिकायतें की थीं। पानी के रंग, गंध और स्वाद में बदलाव की जानकारी दी गई थी, लेकिन नगर निगम, जलप्रदाय विभाग और स्वास्थ्य तंत्र कुंभकर्णी नींद में सोए रहे। प्रशासन तब हरकत में आया जब मौतें हो चुकी थीं। यह लापरवाही नहीं, बल्कि गहरी संस्थागत असंवेदनशीलता, क्रूरता एवं अमानवीयता है। यह उस प्रशासनिक संस्कृति का परिणाम है जिसमें फाइलें और औपचारिकताएं मानव जीवन से अधिक मूल्यवान हो गई हैं। सवाल यह नहीं है कि पानी में सीवर कैसे मिला, असली सवाल यह है कि चेतावनियों के बावजूद इसे रोका क्यों नहीं गया? हर बार की तरह इस बार भी जांच समितियां बनीं, मुआवजे की घोषणाएं हुई और कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। भले ही अपर नगर आयुक्त को इंदौर से हटा दिया है और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जिम्मेदारी वापस ले ली है। लेकिन, क्या इतना काफी है? इस तरह की 'रूटीन' कार्रवाई जिम्मेदारों को सबक नहीं देतीं, बल्कि पीड़ितों का मजाक बनाती हैं। क्या इन दिखावे की कार्रवाइयों से मृतकों का प्रायश्चित हो गया? क्या इससे भविष्य में ऐसी घटनाएं रुकेंगी? सच्चाई यह है कि जांच समितियां अब जवाबदेही तय करने का नहीं, बल्कि मामले को ठंडा करने का माध्यम बन चुकी हैं। इस दुखद घटना के बाद राजनीतिक बयानबाजी ने लोगों के घावों को और गहरा किया। जिस क्षेत्र में यह त्रासदी घटी, उसके प्रतिनिधि और राज्य के नगरीय विकास मंत्री, जिनके अधीन पेयजल आपूर्ति का विभाग आता है, उनकी असंवेदनशील टिप्पणियों ने जनता के आक्रोश को बढ़ाया। बाद में खेद प्रकट किया गया, लेकिन सवाल यह है कि खेद से क्या उन परिवारों का भविष्य सुरक्षित हो जाएगा, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया? यह सही है कि उमा भारती जैसी वरिष्ठ नेत्री ने दोषियों से प्रायश्चित और दंड की मांग की, लेकिन देश का अनुभव बताता है कि ऐसी मांगें अक्सर समय के साथ फीकी पड़ जाती हैं। मध्य प्रदेश में डबल इंजन वाली सरकार का खूब प्रचार किया जाता है, लेकिन इंदौर की घटना ने दिखा दिया कि यदि



व्यवस्था की पटरियां जर्जर हों, तो इंजन कितने भी हों, दुर्घटना तय है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुधार, क्रियान्वयन और रूपांतरण की बात कही थी और जीवन को सुगम बनाने के लिए प्रणालियों को अधिक अनुकूल बनाने पर जोर दिया था। लेकिन जब नागरिकों को स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा, स्वस्थ चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं ही सुरक्षित रूप से उपलब्ध न हों, तो जीवनयापन को सुगम बनाने की बात खोखली लगती है। सर्वोच्च न्यायालय बार-बार स्पष्ट कर चुका है कि स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित जल का अधिकार संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। इंदौर की यह त्रासदी इस अधिकार का खुला उल्लंघन है। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर पानी में जहरीला पदार्थ मिलाए और उससे लोगों की मौत हो जाए, तो वह गंभीर अपराध माना जाता है। फिर जब प्रशासन की लापरवाही से जहरीला पानी घर-घर पहुंचता है और लोगों की जान जाती है, तो उसे अपराध क्यों नहीं माना जाए? यह गैर-इरादतन हत्या से कम गंभीर मामला नहीं है।

इंदौर की घटना यह भी उजागर करती है कि स्वच्छता रैंकिंग, स्मार्ट सिटी के दावे और चमकदार प्रचार व्यवस्थागत नाकामी को छिपा नहीं सकते। सड़कें साफ हो सकती हैं, दीवारें रंगी जा सकती हैं, लेकिन यदि पाइपलाइनों के भीतर जहर बह रहा है, तो ऐसा विकास जनता के साथ छल है। यह समस्या केवल इंदौर तक सीमित नहीं है। देश के अनेक छोटे-बड़े शहरों में जर्जर पाइपलाइनें, अवैज्ञानिक सीवर व्यवस्था और भ्रष्ट ठेकेदारी तंत्र वर्षों से नागरिकों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कहीं हैजा फैलता है, कहीं पीलिया, कहीं दस्त और संक्रमण, लेकिन हर बार इसे स्थानीय समस्या कहकर टाल दिया जाता है। अब सवाल यह है कि क्या इंदौर की पंद्रह मौतें भी प्रशासन को जगाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं? क्यों नहीं ऐसी घटनाओं को आधार बनाकर प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई का बुलडोजर चलाया जाता? आज जब अवैध निर्माणों और गरीब बस्तियों पर बुलडोजर चल सकता है, तो प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार पर क्यों नहीं? क्यों उन अधिकारियों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज नहीं होते, जिनकी अनदेखी से लोगों की जान चली जाती है? क्यों सेवा से बर्खास्तगी और जेल की सजा जैसे कठोर कदम नहीं उठाए जाते? यह घटना पूरे देश के लिए चेतावनी है। सभी राज्यों और स्थानीय निकायों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का गंभीरता से ऑडिट करना चाहिए। मुख्य पाइपलाइनों का नियमित निरीक्षण हो, सीवर और जल आपूर्ति लाइनों के बीच सुरक्षित दूरी सुनिश्चित की जाए और यह स्पष्ट तय हो कि किस स्तर का अधिकारी किस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार होगा। जवाबदेही केवल कागजों में नहीं, व्यवहार में दिखनी चाहिए। जब तक लापरवाही को अपराध नहीं माना जाएगा और दोषियों को वास्तविक दंड नहीं मिलेगा।

# संकटों से टकराकर निखरता भारत



महेन्द्र तिवारी

**जुलाई में पहलगाम हमले से जुड़ी जांच ने निर्णायक मोड़ लिया। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में तीन आतंकियों को मार गिराया गया, जिनके पास सैटेलाइट फोन और विदेशी सिम कार्ड मिले। यह प्रमाण थे कि आतंकवाद केवल सीमा पार से संचालित ही नहीं, बल्कि तकनीकी रूप से भी उन्नत होता जा रहा है। इस कार्रवाई ने सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और समन्वय को रेखांकित किया।**

वर्ष 2025 इतिहास के पन्नों में एक ऐसे कालखंड के रूप में दर्ज होगा, जिसने अनिश्चितता और उम्मीद के बीच की रेखा को बहुत धुंधला कर दिया। यह वर्ष एक ओर आतंक, दुर्घटनाओं और अव्यवस्थाओं की त्रासद कहानियाँ लेकर आया, तो दूसरी ओर वैज्ञानिक उपलब्धियों, आर्थिक सुधारों और खेलों में ऐतिहासिक सफलताओं का साक्षी भी बना। 2025 ने यह स्पष्ट किया कि भारत केवल संकटों से गुजरने वाला देश नहीं, बल्कि उनसे सीखकर आगे बढ़ने वाला राष्ट्र है।

वर्ष की शुरुआत ही एक चेतावनी के साथ हुई। 29 जनवरी को प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ी अपार भीड़ अचानक नियंत्रण से बाहर हो गई और भगदड़ में 40 से अधिक श्रद्धालुओं की जान चली गई। आस्था के इस महापर्व में हुई यह त्रासदी केवल एक दुर्घटना नहीं थी, बल्कि भीड़ प्रबंधन, प्रशासनिक तैयारी और सुरक्षा मानकों की गंभीर विफलता का आईना थी। इससे उबरने का अवसर भी नहीं मिला था कि 15 फरवरी को दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुंभ यात्रियों की भारी भीड़ के कारण फिर भगदड़ मच गई और 18 लोगों की मौत हो गई। इन घटनाओं ने यह प्रश्न खड़ा किया कि क्या देश बड़े आयोजनों के लिए मानसिक रूप से तो तैयार है, लेकिन व्यवस्थागत रूप से अब भी पिछड़ा हुआ है। इसके बाद गठित न्यायिक आयोग और मुआवज़े की घोषणाएँ राहत तो थीं, पर जानें लौटाने में असमर्थ।

अप्रैल आते-आते देश ने एक और गहरा आघात झेला। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला केवल एक हिंसक घटना नहीं था, बल्कि भारत की सामाजिक एकता पर सीधा प्रहार था। 26 निर्दोष लोगों को धर्म पूछकर मार देना आतंक की उस अमानवीय सोच को दर्शाता है, जो भय के सहारे राजनीति करना चाहती है। 'द रेजिस्टेंसफ्रंट' द्वारा जिम्मेदारी लेने के बाद देश में आक्रोश फैल गया। यह हमला एक मोड़ साबित हुआ, जहाँ से 'सहनशीलता' की जगह 'जीरो टॉलरेंस' की नीति ने स्पष्ट रूप लिया।

इस नीति का व्यावहारिक रूप मई में देखने को मिला। 7 और 8 मई की दरम्यानी रात भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीक प्रहार किए। महज़ 25 मिनट में नौ आतंकी शिविरों का ध्वस्त होना केवल सैन्य सफलता नहीं थी, बल्कि यह संदेश था कि भारत अब शब्दों से नहीं, कार्रवाई से जवाब देगा। 10 मई को पाकिस्तान द्वारा सीजफायर की पहल इस बदले हुए शक्ति-संतुलन का प्रमाण बनी। इस ऑपरेशन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सैन्य क्षमता और रणनीतिक परिपक्वता को स्थापित किया। जून का महीना देश के लिए भावनात्मक रूप से बेहद भारी रहा। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की ड्रीमलाइनर फ्लाइट एआई-171



टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। 242 यात्रियों में से 241 की मौत और ज़मीन पर 34 अन्य लोगों की जान जाना, पूरे देश को स्तब्ध कर गया। तकनीकी कारणों, इंजन फेलियर और सुरक्षा मानकों पर बहस छिड़ी, लेकिन इस त्रासदी ने यह भी दिखाया कि आधुनिक तकनीक के बावजूद मानवीय जीवन कितना असुरक्षित हो सकता है। एकमात्र जीवित बचे यात्री विश्वास कुमार रमेश पूरे देश के लिए आशा और चमत्कार का प्रतीक बन गए।

इसी महीने एक दूसरी खबर ने देश को गर्व का अनुभव कराया। 25 जून को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुँचने वाले पहले भारतीय बने। एग्ज़ियोम-4 मिशन के तहत 18 दिनों तक अंतरिक्ष में रहकर किए गए वैज्ञानिक प्रयोगों ने भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को ठोस आधार दिया। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत नहीं थी, बल्कि गगनयान मिशन और 2035 तक भारतीय स्पेस स्टेशन के सपने की दिशा में एक निर्णायक कदम थी। जुलाई में पहलगाम हमले से जुड़ी जांच ने निर्णायक मोड़ लिया। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में तीन आतंकियों को मार गिराया गया, जिनके पास सैटेलाइट फोन और विदेशी सिम कार्ड मिले। यह प्रमाण थे कि आतंकवाद केवल सीमा पार से संचालित ही नहीं, बल्कि तकनीकी रूप से भी उन्नत होता जा रहा है। इस कार्रवाई ने सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता और समन्वय को रेखांकित किया। सितंबर में देश ने आर्थिक मोर्चे पर एक बड़ा बदलाव देखा। 22 सितंबर से लागू दो-स्लैब जीएसटी प्रणाली ने कर ढांचे को सरल किया। आवश्यक वस्तुओं को करमुक्त करना और उपभोक्ता वस्तुओं पर कर कम करना आम आदमी के लिए राहत लेकर आया। यह सुधार लंबे समय से चली आ रही जटिल कर व्यवस्था को तोड़ने की दिशा में एक साहसिक कदम था, जिसने अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा भरी।

हालाँकि सितंबर का महीना एक और भयावह सच्चाई लेकर आया। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप के सेवन से 24 बच्चों की मौत ने स्वास्थ्य व्यवस्था और दवा नियंत्रण प्रणाली को कठघरे में खड़ा कर दिया। डाइएथिलीनग्लाइकॉल की अत्यधिक मात्रा, लापरवाह निर्माण और मिलीभगत ने यह दिखा दिया कि मुनाफ़े की अंधी दौड़ कैसे मासूम ज़िंदगियाँ निगल सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी और कई राज्यों में प्रतिबंध के बावजूद यह प्रश्न बना रहा कि क्या हमारी निगरानी व्यवस्था पर्याप्त है। नवंबर में देश ने फिर आतंक का काला चेहरा देखा। 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए कार बम विस्फोट में 12 लोगों की मौत हुई। आत्मघाती हमलावर का डॉक्टर होना और 'व्हाइटकॉलरटेरर' का उजागर होना इस बात का संकेत था कि आतंकवाद अब केवल सीमाओं या जंगलों तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षित और शहरी चेहरों के पीछे भी छिपा हो सकता है।

इसी महीने 2 नवंबर को एक सुखद ऐतिहासिक क्षण आया, जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार वनडे विश्व कप जीत लिया। करोड़ों दर्शकों की निगाहों के बीच यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं थी, बल्कि भारतीय समाज में महिलाओं की बदलती भूमिका और स्वीकार्यता का प्रतीक थी। साल के अंत में दिसंबर में नागरिक उड्डयन संकट ने आम लोगों की परेशानियाँ बढ़ाई। नए उड़ान ड्यूटी समय सीमा नियमों के कारण हज़ारों उड़ानों का रद्द होना, लाखों यात्रियों की मुश्किलें और आर्थिक नुकसान ने नीति निर्माण और उसके क्रियान्वयन के बीच की खाई को उजागर किया। भारत के लिए वर्ष 2025 चुनौतियों और उपलब्धियों का एक अनूठा संगम रहा। जहाँ एक ओर आतंकी घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं ने सुरक्षा व तैयारी की कमियों को रेखांकित किया, वहीं दूसरी ओर निर्णायक नीतियों और मजबूत रक्षा समझौतों ने देश का मस्तक गर्व से ऊंचा किया। राजनीतिक स्तर पर पारदर्शिता की उठती मांगों ने लोकतंत्र को और परिपक्व बनाया। अंततः साल 2025 ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि नीतियां स्पष्ट और कारगर हों।

## अंधेरे से उजाले का सफरः लुई ब्रेल और उनकी जादुई लिपि



दिलीप पाठक

(04 जनवरी लुई ब्रेल दिवस)

इतिहास में कुछ ऐसे महान व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने अपनी शारीरिक अक्षमता को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी सबसे बड़ी ताकत बना लिया, या यूं कहें खुद के साथ पूरी मानवता की सेवा की तो अतिशयोक्ति नहीं होगी द्य इन्हीं में से एक नाम है लुई ब्रेल।

लुई ब्रेल वह महामानव थे, जिन्होंने दृष्टिबाधितों की दुनिया में शिक्षा का सूरज उगाया। 4 जनवरी 1809 को फ्रांस के कुपव्रे में जन्मे लुई के जीवन की कहानी किसी चमत्कार से कम नहीं है। मात्र तीन वर्ष की आयु में पिता की कार्यशाला में काम करते समय एक नुकीले औजार से उनकी आँख में चोट लग गई। संक्रमण इतना फैला कि बालक लुई ने अपनी दोनों आँखों की रोशनी खो दी। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था; आँखों की रोशनी जाना उनके जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत थी, शायद उनकी आखों का जाना सिर्फ़ जाना नहीं था बल्कि दुनिया भर के दृष्टिबाधित लोगों के लिए प्रकाश लेकर आना था, और इस पुण्यात्मा ने यही किया।

लुई ब्रेल की मेधा शक्ति बचपन से ही विलक्षण थी। जब उन्होंने पेरिस के रॉयल इंस्टीट्यूशन फॉर ब्लाइंड यूथ में दाखिला लिया, तो उन्होंने पाया कि वहां पढ़ने के लिए इस्तेमाल होने वाली हाउ पद्धति अत्यंत बोझिल थी। इसमें कागज़ पर अक्षरों को उभारकर बनाया जाता था, जिन्हें स्पर्श करके पढ़ना बहुत धीमा और थका देने वाला काम था। लुई को महसूस हुआ कि यदि दृष्टिबाधितों को वास्तव में शिक्षित होना है, तो उन्हें एक ऐसी भाषा की जरूरत है जो उतनी ही तेज हो जितनी कि आँखों से पढ़ी जाने वाली लिपि। लुई ब्रेल के जीवन में निर्णायक मोड़ तब आया जब उनकी मुलाकात फ्रांसीसी सेना के कैप्टन चार्ल्स बार्बियर से हुई। बार्बियर ने सैनिकों के लिए अंधेरे में संदेश पढ़ने हेतु 12 बिंदुओं वाली नाइट राइटिंग (सोनोग्राफी) विकसित की थी। हालाँकि यह तकनीक ध्वनियों पर आधारित थी, लेकिन काफी जटिल और बड़ी थी; एक उंगली से एक साथ 12 बिंदुओं को महसूस करना अत्यंत कठिन था और इसमें व्याकरण का अभाव था। केवल 15 वर्ष की आयु में लुई ने इस चुनौती को स्वीकार किया और गहन विश्लेषण के बाद इसे पूरी तरह रूपांतरित कर दिया। उन्होंने वैज्ञानिक आधार पर पाया कि मनुष्य की उंगली की पोर एक बार में अधिकतम छह बिंदुओं को ही सटीकता से पढ़ सकती है। इसी आधार पर उन्होंने 12 बिंदुओं की जटिलता को घटाकर 6 बिंदुओं के दो कॉलम वाले सेल में समेट दिया। यह छोटा सा दिखने वाला बदलाव दृष्टिबाधितों के लिए एक महान आविष्कार साबित हुआ। लुई का यह 6 बिंदुओं का जादुई खांचा इतना लचीला था कि इससे 63 अलग-अलग संयोजन बनाए जा सकते थे। उन्होंने इसे न केवल वर्णमाला, बल्कि गणितीय सूत्रों, संगीत के नोट्स और वैज्ञानिक प्रतीकों के लिए भी सक्षम बनाया। उनकी इस मेधा शक्ति ने स्पर्श को शब्दों की गति प्रदान की, जिससे दृष्टिबाधितों के लिए शिक्षा और आत्मनिर्भरता के बंद द्वार हमेशा के लिए खुल गए। आज खगोल शास्त्र जैसे जटिल विषयों का ब्रेल लिपि में उपलब्ध होना लुई ब्रेल की इसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

भारत में लुई ब्रेल के योगदान को सदैव उच्च सम्मान दिया गया है। भारत सरकार ने वर्ष 2009 में उनकी 200वीं जयंती के अवसर पर 2 का विशेष स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आज भारत के कोने-कोने में दृष्टिबाधितों के लिए चल रहे संस्थान और ब्रेल प्रेस लुई के सपनों को साकार कर रहे हैं। उनके आविष्कार ने दुनिया सहित करोड़ों भारतीयों को आत्मनिर्भर बनाकर मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। लुई ब्रेल के जीवन के कुछ ऐसे पहलू भी हैं जिनसे दुनिया कम परिचित है। वे न केवल एक आविष्कारक थे, बल्कि एक असाधारण संगीतकार और ऑर्गन वादक भी थे। उन्होंने पेरिस के प्रतिष्ठित चर्चों में संगीत देकर अपनी जीविका चलाई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# विकसित भारत @2047 और दूषित बुनियादी सुविधाए



किशन भावनानी

**मीडिया में चल रही खबरों के अनुसार, स्थानीय नागरिकों द्वारा सैकड़ों बार पार्षद को शिकायतें की गईं, नगर निगम की 311 ऐप पर भी बार-बार शिकायत दर्ज कराई गई, परंतु हर बार केवल आश्वासन मिला, समाधान नहीं। यह स्थिति बताती है कि डिजिटल शिकायत तंत्र तब तक अर्थहीन है, जब तक उस पर संवेदनशील और समयबद्ध कार्रवाई न हो। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि दूषित पानी पीने से ही लोग बीमार पड़े और उनकी मृत्यु हुई।**

वैश्विक स्तरपर विज़न 2047 के तहत भारत स्वयं को एक विकसित राष्ट्र और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। बुनियादी ढांचे, डिजिटल गवर्नेंस, स्मार्ट सिटी, हाईवे, मेट्रो औद्योगिक गलियारों और वैश्विक निवेश के आंकड़े इस प्रगति का दावा करते हैं। किंतु इसी आधुनिक भारत में यदि नागरिक दूषित पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में अपनी जान गंवा दें, तो यह केवल प्रशासनिक विफ़लता नहीं, बल्कि राज्य की नैतिक, संवैधानिक और मानवीय विफलता बन जाती है।1 जनवरी 2026 को इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों ने इसी विरोधाभास को उजागर कर दिया है,जहाँ एक ओर वर्ल्ड क्लास इंडिया की आकांक्षा है, वहीं दूसरी ओर नागरिक जीवन की बुनियादी सुरक्षा भी सुनिश्चित नहीं हो पा रही। स्वच्छ पेयजल का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का अभिन्न हिस्सा है। दूषित पानी से हुई मौतें सीधे-सीधे इस अधिकार का हनन हैं।जब भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की बात करता है, तब ऐसी घटनाएँ यह प्रश्न उठाती हैं कि क्या विकास मानवाधिकारों की रक्षा के बिना संभव है? हाईकोर्ट और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का संज्ञान यह स्पष्ट करता है कि यह मामला केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि संवैधानिक और मानवाधिकार उल्लंघन का है। न्यायपालिका की सक्रियता यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि राज्य अपने कर्तव्यों से पलायन न करे और नागरिकों के जीवन की कीमत राजनीतिक सुविधा के अनुसार न तय की जाए।

साथियों बात अगर हम इंदौर में हुई त्रासदी को समझने की करें तो, जो शहर लगातार कई वर्षों से राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित होता रहा है, वहां नववर्ष के पहले ही दिन दूषित पेयजल से मौतों की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। यह घटना इसलिए और भी गंभीर हो जाती है क्योंकि इंदौर को अक्सर शहरी प्रबंधन, नगर निकाय दक्षता और जनभागीदारी का आदर्श मॉडल बताया जाता रहा है। यदि ऐसा शहर भी अपने नागरिकों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में विफल हो जाए,तो यह प्रश्न केवल इंदौर का नहीं, बल्कि पूरे शहरी भारत की जल सुरक्षा रणनीति पर खड़ा होता है। घटना का केंद्र इंदौर का भागीरथपुरा क्षेत्र है, जहाँ पुलिस चौकी के शौचालय के ठीक नीचे से गुजर रही नर्मदा की मुख्य जल आपूर्ति पाइपलाइन में गंभीर रिसाव पाया गया। इस रिसाव के कारण सीवेज का गंदा पानी सीधे पेयजल लाइन में मिल गया और पूरे वार्ड में दूषित पानी की आपूर्ति होती रही। यह केवल एक तकनीकी खराबी नहीं



थी,बल्कि प्रणालीगत लापरवाही का परिणाम भी होने की संभावना है। मीडिया में चल रही खबरों के अनुसार, स्थानीय नागरिकों द्वारा सैकड़ों बार पार्षद को शिकायतें की गई, नगर निगम की 311 ऐप पर भी बार-बार शिकायत दर्ज कराई गई, परंतु हर बार केवल आश्वासन मिला, समाधान नहीं। यह स्थिति बताती है कि डिजिटल शिकायत तंत्र तब तक अर्थहीन है, जब तक उस पर संवेदनशील और समयबद्ध कार्रवाई न हो। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि दूषित पानी पीने से ही लोग बीमार पड़े और उनकी मृत्यु हुई। वहीं कलेक्टर स्तरपर यह कहा गया कि डिटेल्ड रिपोर्ट और कल्चर टेस्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। यह प्रशासनिक भाषा एक परिचित पैटर्न को दर्शाती है,पहले टालना, फिर जांच, फिर जिम्मेदारी तय करने में विलंब। जबकि वास्तविकता यह है कि जब सैकड़ों लोग अस्पतालों में भर्ती हों, 16 बच्चे प्रभावित हों और मौतों की संख्या बढ़ रही हो, तब प्रशासनिक सतर्कता नहीं बल्कि आपातकालीन जवाबदेही अपेक्षित होती है।

साथियों बात अगर हम मौतों के आंकड़ों पर विवाद- सत्य बनाम आधिकारिक संस्करण इसको समझने की करें तो, इस पूरे मामले में सबसे चिंताजनक पहलू मौतों कीसंख्या को लेकर सामने आया विरोधाभास है। हाईकोर्ट में सरकार की ओर से पेश की गई स्टेटस रिपोर्ट में अब तक केवल 4 मौतों की बात कही गई,जबकि मीडिया से ऐसी खबरें आ रही है क़ि ज़मीनी रिपोर्ट, मीडिया और अस्पतालों के आंकड़ों के अनुसार 15 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। यह अंतर केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि राज्य की पारदर्शिता और नैतिक साहस का प्रश्न है। लोकतंत्र में जब सरकारें मौतों को कम करके दिखाने लगें, तो यह पीड़ितों के प्रति दूसरा अन्याय बन जाता है। न्यायपालिका और मानवाधिकार आयोग की भूमिका इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा जनहित याचिका पर संज्ञान लेना और अगली सुनवाई की तिथि तय करना न्यायिक सक्रियता का संकेत है। वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर मुख्य सचिव को नोटिस जारी करना इस बात की पुष्टि करता है कि यह मामला केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि मानवाधिकार उल्लंघन का भी है।

साथियों बात अगर हम इस त्रासदी को संवैधानिक रूप से समझने की करें तो, भारत का संविधान नागरिकों को केवल शासन की संरचना नहीं देता, बल्कि उन्हेंसम्मानपूर्ण सुरक्षित और गरिमामय जीवन का वचन देता है। अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार केवल सांस लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें स्वच्छ जल, स्वच्छ पर्यावरण और स्वास्थ्य का अधिकार भी निहित है। इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतें इस संवैधानिक वचन के टूटने का प्रतीक हैं। यह घटना केवल एक नगर निगम या राज्य सरकार की विफलता नहीं, बल्कि राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी के उल्लंघन का गंभीर मामला है। स्वच्छ पेयजलन्मूल अधिकार का अविभाज्य हिस्सा भारतीय न्यायपालिका ने समय- समय पर स्पष्ट किया है कि स्वच्छ जल का अधिकार, अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार का अनिवार्य अंग है। सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों में यह स्थापित किया गया है कि यदि राज्य नागरिकों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में असफल रहता है, तो वह संवैधानिक कर्तव्यहीनता का दोषी है।

# 'एआई क्षमताओं से देश को सशक्त बनाने की जरूरत'



**अवधनामा संवाददाता**

**■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की स्किल द नेशन चैलेंज की घोषणा**

**मेरठ।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्किल द नेशन चैलेंज की घोषणा करते हुए नागरिकों, नीति-निर्माताओं, शिक्षकों, प्रोफेशनल्स और युवाओं से आह्वान किया कि वे स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) पर उपलब्ध एसओएआर (स्किलिंग फॉर एआई रेडिनेस) कोर्स में नामांकन कर भारत के एआई सीखने के अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। राष्ट्रपति ने इस पहल को आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स के क्षेत्र में भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं से देश को सशक्त बनाने तथा तकनीकी रूप से सशक्त और समावेशी समाज की दिशा में भारत की यात्रा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मंत्री जयन्त चौधरी ने कहा, भारत का फ्यूचर वर्कफोर्स केवल डिजिटल रूप से जागरूक ही नहीं बल्कि एआई के प्रति आत्मविश्वासी भी होना चाहिए। स्किल द नेशन चैलेंज के माध्यम से हम हर नागरिक को सीखने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं और उन्हें एआई-सक्षम भविष्य के लिए तैयार करना चाहते हैं। एसओएआर केवल एक कौशल विकास कार्यक्रम नहीं है, यह एआई में आत्मविश्वास, क्षमता और जिज्ञासा बनाने का एक राष्ट्रीय मिशन है, ताकि हर शिक्षार्थी चाहे वह कहीं भी हो, इस तकनीक से लाभ प्राप्त कर सके और राष्ट्र की विकास यात्रा में योगदान दे सके। उन्होंने आगे कहा कि भारत का फ्यूचर वर्कफोर्स केवल डिजिटल रूप से जागरूक ही नहीं बल्कि एआई के प्रति आत्मविश्वासी भी होना चाहिए। मुझे खुशी है कि मैंने व्यक्तिगत रूप से एसओएआर एआई लर्निंग मॉड्यूल पूरा किया, और इसने मेरे विश्वास को और मजबूत किया कि सीखना लीडरशिप से ही शुरू होना चाहिए। मुझे यह कहते हुए अत्यंत संतोष होता है कि मैं अपने सहयोगियों को इस अभियान में शामिल होने के लिए नामांकित कर रहा हूँ, ताकि हम मिलकर हर नागरिक को एआई सीखने के लिए प्रेरित कर सकें और एक सशक्त, फ्यूचर-रेडी भारत की तैयारी कर सकें।

# पति की हत्या में पत्नी गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**■ सिंचाईकर्मी वीरेंद्र को नशे की आदत से परेशान उसकी पत्नी ने खुद उतारा था मौत के घाट**

**उरई(जालौन)।** विगत 25 दिसंबर 2025 को उरई के सिंचाई विभाग में रनर के पद पर तैनात वीरेंद्र गौतम की मौत जो हत्या थी,उस की गुत्थी पुलिस ने सुलझाने में सफलता प्राप्त कर ली हैं, मृतक की पत्नी ने ही उसे घरेलू विवाद के बाद सिर में ताबड़तोड़ लाठिया बरसा के मौत के घाट उतारा था।

हलांकि बाद में वह घायल वीरेंद्र को राजकीय मेडिकल कालेज भी ले गयी, जहाँ उस की मौत हों गई। इस हत्या को दूसरे के सिर पर थोपने के उद्देश्य सें मृतक की पत्नी लता गौतम ने बाकायदा अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस को पहले ही उस पर संदेह था, गिरफ्तारी के बाद उस ने अपना जुर्म कबूल कर लिया हैं। पूछताछ में गिरफ्तार लता गौतम ने पुलिस को बताया की 25 दिसंबर की रात उसका पति वीरेंद्र गौतम शराब के नशे में धुत हों कर घर आया था, आते ही वह गाली गलौज करने लगा, जब उसने विरोध किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी, इसी मारपीट के दौरान उसने वीरेंद्र को जोर से धक्का दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा, जैसे ही वह जमीन पर गिरा वैसे ही उसने पास में पड़ी लाठी उठाकर उसके सिर पर कई प्रहार कर दिए, जिस सें वह गंभीर रूप से घायल हो गया, वह स्वयं उसे मेडिकल कॉलेज ले आई जहाँ उसकी मौत हो गई। मौत के बाद उस ने पुलिस को बताया की वीरेंद्र गौतम को अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में घर के बाहर छोड़ गया, उसे नहीं मालूम कौन छोड़ गया फिलहाल पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय में पेश करने के उपरांत उसे जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि जिस तरह लता ने बयान दिए थे, उसी से शक हो रहा था की कोई ना कोई ऐसा घर का सदस्य है जो इस पूरे सच को जानता है। विवेचना के दौरान जब यह साफ हो गया की वीरेंद्र गौतम की हत्या उसकी पत्नी ने हीं की, उसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि यह घरेलू हिंसा तथा उत्पीड़न का परिणाम है, आए दिन महिला के साथ मारपीट किए जाने के कारण वह गुस्से पर काबू नहीं रख सकी।

# 'प्रमुख स्थानों पर क्रॉसिंग के लिए कट पुनः खोले जाएं'

**अवधनामा संवाददाता**



**■ व्यापारियों ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन**

**उरई (जालौन)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में शहर के दो दर्जन व्यापारियों ने जिला प्रशासन द्वारा डिवाइडर लगाकर सभी कट मार्ग बंद किए जाने के निर्णय पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। व्यापारियों का कहना है कि कट बंद होने से शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में माल की लोडिंग-अनलोडिंग में भारी कठिनाइयाँ उत्पन्न हो गई हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है और आम नागरिकों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

इसी समस्या को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा से भेंट कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि महिला अस्पताल, जिला अस्पताल एवं लालमन चौराहा जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर क्रॉसिंग हेतु कट बंद होने से एम्बुलेंस, मरीजों, व्यापारिक वाहनों तथा आम जनता की आवाजाही में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है।

व्यापारियों ने विधायक से मांग की कि जनहित और व्यापारिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन प्रमुख स्थानों पर क्रॉसिंग के लिए कट पुनः खोले जाएं, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और व्यापारियों को राहत मिल सके। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। विधायक ने सभी व्यापारियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने शीघ्र ही जिला प्रशासन से वार्ता कर उचित समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान संतोष गुप्ता ने कहा शीघ्र ही अपने प्रतिनिधि मंडल और व्यापारियों के साथ मिलकर व्यापारियों द्वारा दुकानों के सामने अनावश्यक अतिक्रमण को हटाने हेतु सार्थक मुहिम चलाकर अपील की जाएगी। जिस पर सभी ने एक स्वर मे सहमति जताई। इस अवसर पर सम्मानित व्यापारियों में इंजीनियर सुनील दोहरया, संजय सुहाने हरकौती, अवधेश गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता सर्राफ नवल किशोर अग्रवाल, बलवीर ईटोदिया, संजीव सिपोलिया, बलवीर सोनी, बंटू गुर्जर, उदय करण प्रजापति धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ सौरभ अवस्थी, संदीप पांचाल, बलवीर जादौन एवं अन्य व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# पौष पूर्णिमा पर 147वी गोमती महाआरती का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सनातन महासभा की ओर से पौष पूर्णिमा पर सनातन समागम एवं 147 वीं आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन शनिवार को झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 7 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी एवं स्वामी धीरेंद्र जी के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व पूर्णिमा पर नए वर्ष को नशा मुक्त अभियान वर्ष बनाए जाने को लेकर सामूहिक संकल्प गणेश वंदना के साथ आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की गयी। बाद में रजनी तिवारी व गिरिराज बिहारी द्वारा अवधी भजन संध्या की प्रस्तुति हुई साथ ही शशि गुप्ता, मीरा तिवारी व गीता निगम ने भजन प्रस्तुत किये और महिलाओं व बच्चो ने सनातन संस्कृति के जानने हेतु रामायण, गीता, शरीर विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया और महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया महाआरती के बाद संकल्पों के साथ 501 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा।

# टेंपो ने खड़ी बाइक व युवक को मारी टक्कर, घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के ग्राम गगनी निवासी छोटे सिंह पुत्र बादाम सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि 9 दिसंबर की शाम 7 बजे अपनी बहन के गांव गूरा थाना ठठिया से दावत खाकर अपने भाई अविनाश पुत्र बादाम सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर वापस आ रहे थे। इसी दौरान तिर्वा बाईपास के पास उसने अपनी बाइक रोककर सडक किनारे खड़ी करके लघुशंका करने लगा और बाइक के पास उसका बड़ा भाई अविनाश खड़ा हुआ था। तभी गुरसहायगंज से तिर्वा की ओर जा रहे टेंपो ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मारते हुए उसके भाई अवनाश के टक्कर मार दी जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# वार्षिक उत्सव में बच्चों ने नृत्य, नाटक मंचन की मनमोहक की प्रस्तुति

**अवधनामा संवाददाता**



**गाजीपुर।** ग्राम्य भारती पीएम शिक्षालय नंदगंज का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम 'दर्पण भव्य रूप से संपन्न हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत व विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर श्याम देव ,जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, कृष्ण बिहारी राय, भानु प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन से किया। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं विद्यालय के संस्थापक पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रो. बाबूलाल बलवंत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। कक्षा नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'अहा टमाटर बड़े मजेदार' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य आकर्षणों में सरदार वल्लभभाई पटेल पर आधारित नृत्य, चंद्रयानङ्क3 की सफलता पर आधारित नृत्य प्रस्तुति तथा राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर प्रस्तुत नाटक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वहीं वार्षिक उत्सव के दौरान प्रस्तुत नाटक 'पद्मावती का जौहर' ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा 'दादा-दादी, नाना-नानी-वेलकम टू स्कूल', दहेज गीत, होली गीत तथा 'एक दिन मिट जाएगा माटी के मोल' जैसे भावपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विशिष्ट अतिथि श्याम देव ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य निर्माण हेतु प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका आंचल गुप्ता एवं छात्र-छात्राओं यशवी राय और मयंक राज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रबंधक सरोजनी देवी एवं प्रधानाचार्या प्रवा बिंद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य विनीत कुमार शर्मा ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. पल्लवी बनीं भारतीय खेल प्राधिकरण की निदेशक



**गाजीपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जनपद स्थित राजापुर और करीमुद्दीनपुर गाँव की बेटी डॉ. पल्लवी राय को भारतीय खेल प्राधिकरणको युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार में निदेशक के पद पर तीन वर्षों की प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया गया है। डॉ. पल्लवी राय, एचएएल लखनऊ से रिटायर्ड प्रमोद कुमार राय एव चन्द्रलेखा राय की पुत्री एवं सेवानिवृत्त एक्सईएन बिहारी राय की पौत्री हैं। ननिहाल करीमुद्दीनपुर में सच्चिता राय की बड़ी लड़की की लड़की है। इनका जन्म एवं पालन-पोषण लखनऊ में हुआ। विज्ञान की छात्रा होने के साथ-साथ इंजीनियरिंग की आकांक्षी रहीं। डॉ. राय बचपन से ही खेलों में अत्यंत सक्रिय रहीं। उन्होंने बास्केटबॉल में उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व किया और पढ़ाई व खेल–दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण विद्यालय की स्पोर्ट्स कैप्टन रहीं। उन्होंने विद्यालय एवं लखनऊ जनपद के लिए विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अनेक पदक अर्जित किए।

### विद्युत पोल से गिरा लाइनमैन हुआ घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)।** क्षेत्र के विद्युत उपखंड रामाश्रम पर तैनात संविदा लाइनमैन विद्युत लाईन दुरूस्त करते समय अचानक पोल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अन्य सहकर्मी इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। शनिवार को क्षेत्र के ग्राम नवादा स्थित मुन्नू की चक्की के निकट पुराभोज निवासी 30 वर्षीय विमलेश संबिदा लाईनमैन विद्युत पोल पर चढ़कर केबिल में हुये फाल्ट को दुरूस्त कर रहा था और उसके साथी लाईनमैन नीचे खड़े थे। तभी अचानक वह नीचे गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### चाचा भतीजे को घर में घुसकर पीटा दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)।** क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा निवासी अब्दुल करीम पुत्र अब्दुल जलील द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शनिवार की दोपहर 02:53 बजे वह अपने घर में था। तभी गांव के ही कलीम व नईम पुत्रगण यासीन, यूनुस पुत्र वसीम, मोहसिन पुत्र वसीम आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर उसे व उसके भतीजे मोहम्मद अतहर के साथ लाठी डंडों एवं सरिया से मारपीट गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी बहजोई डा प्रदीप कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर हेलमेट जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहन चला रहे बिना हेलमेट के वाहन चालकों को रोककर उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा मौके पर ही हेलमेट क्रय करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट के अनिवार्य उपयोग एवं दुर्घटनाओं से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक सम्भल की आमजन से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करें।

### जीटीबी स्कूल ने जीता सब जूनियर वर्ग का फाइनल

**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)।** आईटीआई साकेत और गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहे 14वें हेमा कोहली मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को सब जूनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मैच ऋषभ क्रिकेट एकेडमी और गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ। इसमें जीटीबी स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने मैच जीतकर सब जूनियर वर्ग की ट्रॉफी पर कब्जा किया। मैच में ऋषभ क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 20 ओवर में दस विकेट खोकर 175 रन बनाए। इसमें ध्रुव ने 49, भाविक ने 43, अविरल ने 45 रन बनाए। गेंदबाजी में देव, फवाज, कबीर ने दो-दो विकेट व हसन ने तीन विकेट लिए। नीरव को एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 19.5 ओवर 9 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाकर मैच जीता।

# हेल्पलाईन नंबरों की मदद लेकर शोहदों को सबक सिखायें

**अवधनामा संवाददाता**



**■ मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत पंपलेट देकर जागरूक किया**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रदेश शासन के निर्देश उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान फेज-5.0 एवं एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी एवं अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम द्वारा नगर में भ्रमण कर छात्राओं एवं महिलाओं को एकत्रित कर मिशन शक्ति के उद्देश्यों, महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों, एंटी रोमियो टीम की भूमिका तथा महिला उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी गई ।

शनिवार को मिशन शक्ति/एन्टीरोमियो टीम की महिला आरक्षी राखी, प्रियंका, विजय सिंह द्वारा नगर के जीटीरोड, रेलवे रोड, रेलवे स्टशन, तिर्वारोड पर आने जानें बाली महिलाओं/बालिकाओं से संवाद स्थापित किया और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल/लिंक एवं डिजिटल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देने के बाद किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु वीमेन पावर लाइन 1090 व डायल 112 व ऑपरेशन कवच व 181 महिला हेल्पलाइन व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1098 चाइल्ड लाइन व 155260 व 1930 साइबर क्राइम अपराध के बारे में बताया गया व अन्य कानूनी जानकारी देते हुये कहा कि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में तुरंत इन नंबरों पर संपर्क करें। उन्होनें शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। साथ ही थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उद्देश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

# माघ मेला स्पेशल ट्रेन को डीएम व एसपी ने किया रवाना

**उरई(जालौन)।** प्रयागराज में माघ मेला स्नान के सुचारु एवं सुरक्षित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने रेलवे स्टेशन उरई के सभागार में रेलवे अधिकारियों, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयागराज में माघ मेला स्नान का शुभारंभ हो चुका है, जो 01 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान जनपद से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज जाएंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को स्टेशन परिसर में प्रवेश से लेकर प्लेटफॉर्म, ट्रेन में चढ़ने तथा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# मोर्चरी हाउस में जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल



**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** भीषण ठंड को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुमोदन से प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिलाध्यक्ष डॉ. शरद द्विवेदी द्वारा मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए मोर्चरी हाउस में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ठंड से प्रभावित और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर उन्हें राहत पहुंचाई गई।

जनपद मुख्यालय स्थित मोर्चरी हाउस में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. शरद द्विवेदी ने कहा कि सर्दी के मौसम में सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को होती है जो संसाधनों के अभाव में ठंड से बचाव नहीं कर पाते। ऐसे में समाज के सक्षम लोगों और संगठनों का दायित्व बनता है कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने कहा कि प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है और आगे भी इस तरह के सेवा कार्य करता रहेगा। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर मोर्चरी हाउस के नोडल डॉक्टर जितेन्द्र, रामजी मिश्रा सहित उपस्थित सभी लोगों ने जनसेवा की इस पहल के लिए एसोसिएशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# चाइनीज मांझा बेचने वालों के विरुद्ध चला सघन चेकिंग अभियान



**अवधनामा संवाददाता**

**चन्दौली।** आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सदर देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में थाना चन्दौली पुलिस टीम द्वारा कस्बा चन्दौली में चाइनीज मांझा बेचने वालों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा कस्बा क्षेत्र में मांझा बेचने वाली दुकानों की सघन तलाशी ली गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जो भी दुकानदार मुनाफा कमाने के उद्देश्य से चोरी-छिपे प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचते पाए जाएंगे अथवा जिनके पास चाइनीज मांझा बरामद होगा, उनके विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अपने परिवारजनों और मित्रों को चाइनीज मांझे के खतरों के प्रति जागरूक करें। पतंग उड़ाने के लिए केवल सुरक्षित और वैध मांझे का ही प्रयोग करें। चाइनीज मांझा अत्यंत धारदार होता है, जिससे गंभीर चोट लगने की आशंका रहती है, साथ ही यह पर्यावरण के लिए भी बेहद हानिकारक है।

# शिक्षा को हथियार बनाकर सावित्रीबाई फूले ने समाज को बदला

**मेरठ।** देश की पहली महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारक और नारी मुक्ति आंदोलन की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले जी की जयंती के अवसर पर शनिवार को आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी क्रम में मेरठ दक्षिण विधानसभा के गुर्जर चौक, गाँव लिसाड़ी नूर नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने माता सावित्रीबाई फुले जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके संघर्ष, शिक्षा-दृष्टि व सामाजिक समानता के विचारों पर विस्तार से चर्चा की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी जी ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले जी ने उस दौर में लड़कियों की शिक्षा की अलख जगाई, जब समाज का बड़ा हिस्सा महिलाओं को पढ़ने-लिखने का अधिकार देने के खिलाफ था।

# अपने बच्चों को शिक्षित करना आज की सबसे बड़ी जरूरत : राजेश यादव

**अवधनामा संवाददाता**



**■ धूमधाम से मनाया गया माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिवस**

**चंदौली।** चंदौली जिले के धानापुर विकास खंड अंतर्गत डबरिया गांव स्थित सम्यक बुद्ध विहार परिसर में शनिवार दोपहर 2 बजे देश की प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के संघर्षों को याद करते हुए शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हेमंत कुशवाहा ने माता सावित्रीबाई फुले को नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्थान पर बुद्ध विहार बनने से लोग वहां सावित्रीबाई फुले का जन्मदिवस मनाएंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जब समाज शिक्षा की ओर अग्रसर होगा, तभी लोग अपने हक और अधिकार की मांग कर सकेंगे। हेमंत कुशवाहा ने रामनगर के पास चंदौली जिले में स्थित गौतम बुद्ध विहार, न्यू सारनाथ का उल्लेख करते हुए कहा कि गंगा तट पर स्थित 7.5 बीघा भूमि, जिसे लोगों ने आपसी सहयोग से खरीदा था, उसे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जबरन अधिग्रहित कर अडानी को बेचे जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अधिग्रहण के विरोध में प्रतिदिन 50 लोग लगातार धरने पर बैठे हैं। साथ ही उन्होंने 8 फरवरी को जगदेव बाबू की जयंती गौतम बुद्ध विहार में मनाने की घोषणा की, जिसमें पूरे पूर्वांचल से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

जिला पंचायत सदस्य राजेश यादव ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले के विचारों को अपनाकर अपने बच्चों को शिक्षित करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षित बच्चे ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गणेश प्रसाद, रजनीश यादव, डॉ. हंसलाल मौर्य, पारस सिंह मौर्य, सुखराज, ललित मौर्य, पप्पू राजा, डॉ. चंद्रिका, डॉ. काशीनाथ, भंते महाकश्यप, डॉ. सुनील मौर्य, राजकुमार मौर्य, गीता देवी, शैल मौर्य, ममता देवी सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# हज़रत अली अलैहिस्सलाम की विलादत पर निकाला गया जुलूस



**अवधनामा संवाददाता**

**■ रसूल ए पाक ने फ़रमाया मैं और अली एक नूर से हूँ**

**संभल।** शेर खां सराय,मण्डी किशन दास सराय, में परंपरागत जुलूस मौला अली अलैहिस्सलाम के जन्मदिन के मौके पर निकाला गया जुलूस इमामबारगाह से शुरू होकर बस्ती रोड से होता हुआ बिजलीघर, मोलाना ज़िहानत के चौक व दूल्हा कि बैठक से होता हुआ इमामबारगाह पर जाकर समाप्त हो गया जुलूस मे प्रशासन का भारी बल मौजूद रहा।

सभी लोगो ने आपस मे मुबारकबाद दी अपनी मोहब्बत का इज़हार क्या जिसमे अक़ीदत मंद लोग शामिल रहे, शमशीर अली, मुआरिफ अली, असद अली, मो. उवैस, ग्राम प्रधान सरताज हुसैन, अरशद हुसैन मो. जुबैर, शाहिक अली, राहिल अली, मुकीम अली, भूर्रा अली, मो. आलम, शाहबाज़ अली, खालिक अली, सलमान नबी, अब्दुल माजिद, मुराद अली, सैफ अली वारसी, मेम्बर फहीम वारसी, फराहीन वारसी, साकिब वारसी,ज़िया उल हक़ आदि लोग मौजूद रहे।

# सावित्रीबाई फुले व शेख फातिमा ने मिलकर जलाई थी तालीम की शम्मां : मक़सूद

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** शनिवार को देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के मौके पर जिले के भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के भोपतपुरा गांव निवासी कवि,शायर, पत्रकार व समाजिक चिन्तक मक़सूद अहमद भोपतपुरी ने जारी एक बयान में कहा कि सावित्रीबाई फुले व शेख फातिमा ने एक साथ मिलकर पूरे देश में तालीम की शम्मां जलाई। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र में 3 जनवरी 1831 को व शेख फातिमा का जन्म 9 जनवरी 1831 को हुआ था। दोनों एक दूसरे के अभिन्न सहयोगी थीं। दोनों प्रखर समाज सुधारिका व समाजसेविका थीं। सावित्रीबाई फुले को देश का प्रथम महिला शिक्षक होने का गौरव प्राप्त है। वह मराठा भाषा के एक कवयित्री भी थीं। वहीं शेख फातिमा मुस्लिम समाज की प्रथम महिला शिक्षक थीं। सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 5 सितम्बर 1848 को पुणे में बालिकाओं के लिए प्रथम स्कूल की स्थापना किया था। उस स्कूल के लिए शेख उस्मान व उनकी बहन शेख फातिमा ने अपना जमीन दान दिया था। उस दौर में महिलाओं को शिक्षा देना एक जोखिम भरा काम था। सावित्रीबाई फुले उस स्कूल की प्रधानाचार्या बनी। वह जब पढ़ाने के लिए जाती थीं तो उसके ऊपर पत्थर, गोबर, मिट्टी, कीचड़ सहित तमाम गन्दगियाँ फेंकी जाती थीं। लेकिन उसने कभी भी ऐसा करने वालों को बुरा भला नहीं कहा। बल्कि वह दूने उत्साह के साथ बेटियों को तालीम देने में लगी रही। वह अपने साथ झोला में एक अतिरिक्त साड़ी लेकर स्कूल जाती थी। वहां जाकर वह कीचड़, गोबर व गंदगी फेंके जाने से खराब हुई साड़ी को बदलकर दूसरी साड़ी पहन लेती थीं। एक समय ऐसा आया कि जब महिलाओं को शिक्षित करने व समाजिक कार्यो में बढ़कर हिस्सा लेने के कारण सावित्रीबाई फुले व ज्योतिबा फुले को उनके घर से निकाल दिया गया। ऐसे में शेख उस्मान व उनकी बहन शेख फातिमा ने दोनों को अपने घर में शरण दी थी। इससे यह साबित होता है कि देश व समाज के लिए कुछ करने की जुनून रखने वालों के सामने जाति व धर्म कोई बाधा नहीं बनता। अतः जाति व मजहब की राजनीति करने वाले लोगों को सावित्रीबाई फुले व शेख फातिमा के त्याग व समर्पण से सबक लेनी चाहिए। अतः उन दोनों महिला हस्तियों को भुलाया नहीं जा सकता।

# श्रद्धालुओं की सेहत का पूरा ख्याल रखेगा स्वास्थ्य विभाग

**अवधनामा संवाददाता**

- एंबुलेंस से लेकर हॉस्पिटल पूरी तरह से तैयार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के माघ मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सेहत का ख्याल रखने के लिये स्वास्थ्य विभाग ने पूरे इंतजाम कर लिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एके तिवारी ने शनिवार को बताया कि माघ मेला क्षेत्र में दो बड़े अस्पताल 20-20 बेड के बनाए गए हैं, जिसका नाम त्रिवेणी और गंगा रखा गया है। त्रिवेणी अस्पताल सेक्टर दो में है जबकि गंगा सेक्टर चार में है। यहां इलाज संबंधित पूरी तैयारी है। यह 24 घंटे संचालित होगा। इसी तरह 75 डॉक्टर्स और 250 से ज्यादा पैरामेडिकल स्टॉफ मेले में लगाए गए हैं। इसके अलावा 12 छोटे अस्पताल बनाए गए हैं जहां प्राथमिक इलाज की व्यवस्था होगी। यह सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चलेगी। स्नान पर्व के दिनों में लगातार 48 घंटे यह छोटे अस्पताल संचालित होंगे। 50 एंबुलेंस हायर किया गया हैं। बाकी 30 एंबुलेंस और हैं यानी कुल 80 एंबुलेंस मेले में अलग अलग सेक्टरों में लगाई गई हैं। 24 घंटे स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं जारी रहेंगी।ि पछले माघ मेले में 30 एंबुलेंस लगाई गई थीं लेकिन इस बार 80 एंबुलेंस लगाई गई हैं। इतनी एंबुलेंस कभी माघ मेले में नहीं लगाई गई थीं। चीफ मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि माघ मेले के लिए मेला क्षेत्र के आसपास के 14 प्राइवेट अस्पतालों को भी तैयार किया गया है। यह इमरजेंसी के लिए उपयोग में लाया जाएगा। इसमें 123 बेड माघ मेले के लिए रिजर्व में रखे गए हैं। इसमें विनीता हास्पिटल, फाफामऊ, प्राची हास्पिटल, नवजीवन हॉस्पिटल, लोटस हॉस्पिटल, कमला हॉस्पिटल, संगम हॉस्पिटल, आद्या हॉस्पिटल, जहांगीर हॉस्पिटल, हयात हॉस्पिटल, सरदार पटेल हॉस्पिटल, एमके केसरवानी हॉस्पिटल, शिखा हॉस्पिटल व पार्वती हॉस्पिटल शामिल हैं।

# हज़रत अली अलैहिस्सलाम की विलादत पर अली डे का आयोजन किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल।** हज़रत अली अलैहिस्सलाम की विलादत के उपलक्ष्य में अली डे की महफ़िल आयोजित की गयी नूरियो सराय स्थित शिया जामा मस्जिद में मौलाना एतेशाम नकवी की अध्यक्षता में महफिल की शुरुआत कुराने पाक की तिलावत से की गयी महफिल में शायरों ने हज़रत अली अलैहिस्सलाम की शान में कलाम पेश किए नौशाद संभली ने कलाम पेश किया।

इशके अली बगैर जो लम्हा गुजर गया उस लम्हे हायत का मतलब बताये तारीफे अहलबैत न लिखूं तो क्या लिखूं कागज कलम दवात का मतलब बतायें

अली अब्बास ने कलाम पेश किया वो क्या फातिमी है क्या मातमी है जो मौलाना अली की विला छोडता है मदद अली से जो नहीं मांगता है खुदा बेसहारा उसे छोड़ता है

मजाहिर संभली ने कहा मौला अली की ऐसी सनाहा कर रहा हूं मैं मस्जिद में जैसे जिक्रे खुदा कर रहा हूं मैं सुहैल अब्बास ने कहा कि हुसैन लुट के भी दोनों जहांन के मालिक हैं लुटने वालों के हाथ क्या आया महफ़िल में मौलाना एतेशाम नकवी ने मौला अली की विलादत के सिलसिले में विस्तार से बताया और लोगों से मौला ए कायनात हज़रत अली अलैहिस्सलाम के बताए हुए संदेशों पर अमल करने के लिए कहा मौलाना ने कहा कि हज़रत अली अलैहिस्सलाम ने हमेशा गरीबों मजलूमों यतीमों कमजोरो बेसहारा लोगों की मदद की इसलिए हमें भी जरूरत मंदों की सहायता करनी चाहिए महफिल में मौलाना सुब्हान ने मौला ए कायनात की विलादत के मौके मुल्क और क़ौम की खुशहाली के लिए दुआ करायी और मुबारक बाद पेश की महफ़िल में अली जहीर हुसैन जहीर हसन जहीर मुजम्मिल जैनवी मंसूर जैनवी अली अब्बास सुहैल अब्बास अली सादिक नैय्यर अब्बास उरूज संभली शाने अब्बास आदि शामिल रहे।

## मोबाइल व अवैध तमंचा-कारतूस सहित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना मुबारकपुर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान नीबी अंडरपास के नीचे से एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को हिकमत अमली से घेराबंदी कर पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम शुभम कुमार पुत्र मुकेश, निवासी ग्राम सियरहा, थाना बिलरियागंज, जनपद आजमगढ़ (उम्र 18 वर्ष) बताया। जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 02 अदद चोरी के मोबाइल फोन, एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस तथा ?500 नकद बरामद किए गए। अभियुक्त थाना मुबारकपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 03/2026 धारा 317(2)/317(4) /317 (5) बीएनएस में पूर्व से वांछित था। बरामदगी के आधार पर थाना मुबारकपुर पर मु0अ0सं0 07/2026 धारा 9/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया जा रहा हैद्य उ0नि0 अश्विनी कुमार मिश्र मय हमराह थाना मुबारकपुर द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# गौ और गंगा का संरक्षण सनातन धर्म का संरक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** सामाजिक समता संघ एवं भारत विकास परिषद के तत्वाधान में कार्यक्रम के संयोजक भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह पटेल के नेतृत्व में धर्मनगरी प्रयागराज संगम नोज त्रिवेणी से गौ, गंगा जल ,जंगल और जमीन जन जागरण यात्रा का प्रारंभ किया गया। इस अवसर पौष पूर्णिमा के दिन संगम घाट पर विधि-विधान से पूजा- अर्चना कर गौ माता की सेवा का संकल्प लेकर संगम में आस्था की डुबकी लगाई गई।

इस अवसर पर संयोजक अश्विनी कुमार सिंह पटेल ने कहा कि इस जनजागरण यात्रा के माध्यम से यह संकल्प लिया कि गौ हमारी माता है जिसकी सेवा करना जिसकी संरक्षण करना हमारा कर्तव्य और धर्म है। गौ और गंगा की अमृत धारा का संरक्षण सनातन धर्म का संरक्षण करना है। जब गौ माता घर में वास करती थी तो हमारे घर में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता था। आज गौ माता हमारे घर से बाहर निवास होने के कारण तमाम तरह की सामाजिक विकृतियों पनप रही है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि यह यात्रा संगम से प्रारंभ होकर दशाश्वमेध घाट पर संपन्न हुई और अगले दिन पुनः यह यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा में देशभर से आए हुए हजारों श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर गौ, गंगा, जल, जंगल और जमीन की संरक्षण और सेवा के लिए संकल्प लिया। यात्रा में प्रमुख रूप से महाराज दिव्य प्रकाश, रंगबली पटेल, अंगद पटेल, राजेश केसरवानी, राजू, दिनेश सिंह, अभिषेक विकास तथा अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता यात्रा में सम्मिलित हुए।

# मेरठ में रोंगटे खड़े करने वाला सड़क हादसा

- ईको वैन से टकराकर छात्र शीशे पर लटकता रहा
- तेज रफ्तार बनी जानलेवा, बाइक सवार गंभीर

**अवधनामा संवाददाता**



**मेरठ।** गंगानगर की अलकनंदा धाम कालोनी रोड चौराहे पर हुए हादसे का वीडियो देखकर आप सहम जाएंगे। चौराहा होने के बावजूद यहां वाहन पूरी रफ्तार में फर्राटा भर रहे हैं।

ईको वैन की टक्कर लगने के बाद बाइक सवार छात्र वैन के फ्रंट शीशे पर जा गिरा। ईको चलती रही, लेकिन वह शीशे पर लटका रहा और बाइक भी वैन के साथ घिसटती रही। ईको को मौके पर छोड़ इसमें सवार दोनों लोग भाग गए। खून से लथपथ छात्र को राहगीरों ने एप्सनोवा अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत चिंताजनक बनी है। इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। मेडिकल थानाक्षेत्र के जेल रोड निवासी मुकेश मलिक का बेटा नमन मलिक आइआइएमटी से बीटेक कर रहा है। इस समय उसकी परीक्षा चल रही हैं। नमन जेपी एकेडमी परीक्षा केंद्र से गुरुवार को परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहा था। वह गंगानगर स्थित अलकनंदा धाम कालोनी रोड स्थित चौराहे पर बाइक से गुजर रहा था। वहीं लेफ्ट साइड से ईको वैन में सवार होकर दो लोग आ रहे थे। चौराहा होने के बावजूद बाइक और ईको पूरी रफ्तार में थीं। ईको की बाइक में जोरदार टक्कर लगने पर बाइक सवार नमन ईको के फ्रंट शीशे पर जा गिरा। ईको चलती रही, लेकिन वह शीशे पर लटका रहा और बाइक भी घिसटती रही। ईको के ब्रेक लगते ही नमन सड़क पर गिर गया। उसके चेहरे और सिर से खून बह रहा था।

इंस्पेक्टर अनूप मलिक ने बताया कि छात्र के पिता की तरफ से मुकदमा दर्ज किया गया। ईको में औरंगाबाद के सुशील और अमन सवार थे। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। इंस्पेक्टर और सीओ मौके पर नहीं पहुंचे, जबकि एसएसपी डा. विपिन ताडा का स्पष्ट आदेश है कि घटना स्थल पर हादसे की वजह पता करने के लिए फोरेंसिक टीम और सर्किल के सीओ मौके पर जाएंगे। इंस्पेक्टर अनूप सिंह का कहना है कि मौके पर जाकर जांच करेंगे।

## नारी शिक्षा के लिए अपमान का घूंट पी थीं सावित्री बाई फुले : चंद्रभूषण सिंह यादव



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)** शिक्षा की वास्तविक देवी सावित्री बाई फुले ने नारी शिक्षा के लिए अपमान का घूंट पीने का कार्य किया था, उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित सावित्री बाई फुले जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि सावित्री बाई फुले का कहना था कि स्त्रियों को न देवी मानने की जरूरत है और न पूजने की, बल्कि स्त्री का सम्मान करना और बराबरी का अधिकार देना जरूरी है। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने देश की स्त्रियों के मान -सम्मान के लिए खुद के ऊपर कीचड़ और कूड़ा फेंकवाना कबूल किया लेकिन स्त्री सम्मान हेतु स्त्री शिक्षा की मुहिम से अपना कदम पीछे नहीं हटाया।हम अपनी इस वास्तविक शिक्षा की देवी को सादर नमन करते हैं। उक्त अवसर पर सावित्री बाई फुले को नमन करने वाले प्रमुख लोगो में रामप्यारे यादव, मोतीलाल सिंह, व्यास यादव, दयानंद यादव, सुरेश नारायण सिंह यादव, अनिल कुमार गिरी, लोरिक यादव, विनोद यादव, नाजिर अंसारी, मिथिला वर्मा, नारायण प्रसाद आदि के नाम शामिल हैं।

## मेरठ में इंसानियत शर्मसार, नाबालिग से सरेआम मारपीट



**मेरठ (अवधनामा संवाददाता)** थाना ब्रह्मपुरी स्थित माधवपुरम गेट के पास शनिवार सुबह इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। मात्र 14 वर्ष का एक नाबालिग बच्चा, जो अपने माता-पिता का पेट पालने के लिए काम करता है, रोज़ की तरह सुबह घर से खाना पैक कराकर अपने काम पर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार एक व्यक्ति वहां पहुंचा और बिना किसी वजह के बच्चे के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने मासूम के साथ सरेआम मारपीट शुरू कर दी। बच्चा मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे, किसी ने भी उसे बचाने की कोशिश नहीं की। सबसे हैरानी की बात यह रही कि नाबालिग के साथ हो रही दरिंदगी को देखकर भी कोई आगे नहीं आया। घटना के बाद बच्चा सहमा हुआ मौके से चला गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हस्तक्षेप किया जाता तो मासूम को इस यातना से बचाया जा सकता था। घटना ने कानून-व्यवस्था और समाज की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## माघ मेला में फिजियोथेरेपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के कैंप का शुभारंभ




**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** माघ मेला 2026 के शुभ अवसर पर फिजियोथेरेपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित फिजियोथेरेपी कैंप का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। यह कैंप 03 जनवरी से 01 फरवरी तक श्रद्धालुओं एवं आमजन की सेवा हेतु संचालित रहेगा।

कैंप के शुभारंभ अवसर पर सभी फिजियोथेरेपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। उपस्थित फिजियोथेरेपिस्टों द्वारा श्रद्धालुओं को निःशुल्क फिजियोथेरेपी परामर्श, उपचार एवं स्वास्थ्य जागरूकता सेवाएँ प्रदान की गई। कैंप का मुख्य उद्देश्य माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटनों की समस्या, जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों की जकड़न एवं अन्य शारीरिक समस्याओं से राहत दिलाना है। अनुभवी फिजियोथेरेपिस्टों द्वारा आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उपचार किया जा रहा है। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि फिजियोथेरेपी स्वस्थ जीवन, बेहतर गतिशीलता एवं शीघ्र पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। फिजियोथेरेपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश विगत वर्षों से माघ मेला जैसे बड़े आयोजनों में निरंतर सामाजिक सेवा करता आ रहा है।

# सपाइयों ने मनाई संकल्प के साथ सावित्रीबाई फुले की जयंती

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधार की अग्रदूत और नारी शिक्षा की प्रतीक सावित्रीबाई फुले की जयंती आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में शिक्षा की अलख जगाई जब महिलाओं और दलितों को पढ़ने-लिखने से वंचित रखा जाता था। उन्होंने सामाजिक रूढ़ियों, जातिवाद और पितृसत्ता के खिलाफ संघर्ष करते हुए न केवल लड़कियों के लिए स्कूल खोले, बल्कि समाज को बराबरी, न्याय और मानवता का संदेश दिया।

विधायक संदीप पटेल ने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जीवन आज भी सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वालों के लिए प्रेरणास्रोत है। जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अधिकार की पक्षधर रही है। सावित्रीबाई फुले के विचार समाजवादी विचारधारा से मेल खाते हैं, क्योंकि उन्होंने शोषित-वंचित वर्गो को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। कार्यक्रम में प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि विधवा पुनर्विवाह, बाल विवाह और छुआछूत जैसी कुरीतियों के खिलाफ भी आवाज उठाई। महासचिव रविन्द्र यादव नेकहा कि उन्होंने समाज में फैली असमानताओं को खत्म करने के लिए उन्होंने लेखन और सामाजिक कार्य को हथियार बनाया।

गोष्ठी के दौरान उनके संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने संकल्प लिया कि पार्टी सावित्रीबाई फुले के सपनों का भारत बनाने के लिए शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय की लड़ाई को और तेज करेगी।

इस मौके पर एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक संदीप पटेल, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, अमरनाथ मौर्य, लाल चंद्र कुशवाहा, रविन्द्र यादव एडवोकेट, योगेश यादव, कमला यादव, दान बहादुर मधुर, महबूब उस्मानी, अजय यादव, शांति प्रकाश पटेल, संगम लाल मौर्य,, मृत्युंजय पाण्डेय, कुलदीप यादव, आर एन यादव, नाटे चौधरी, संतोष यादव, महेन्द्र निषाद, राम आसरे पासी, आसुतोष दुबे, विकास सिंह, राजू पासी, सचिन श्रीवास्तव, श्रीमती चंचल पासी, सविन्द्र, दिलीप प्रजापति,त्रिभुवन यादव, भोला पाल, राकेश पाल, डॉ अरविन्द वर्मा, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## मुलायम सिंह यादव की तस्वीर के साथ सपा कार्यकर्ता ने संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज माघ मेले में सपा कार्यकर्ता ने आज स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की तस्वीर के साथ संगम में पावन डुबकी लगायी। सौरभ राम नामक कार्यकर्ता ने मुलायम सिंह यादव की तस्वीर के साथ खुद भी डुबकी लगाई और नेता जी अमर रहे का नारा लगाया। डुबकी लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। माघ मेले में सेक्टर 6 में श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान का शिविर लगा है।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने इस बार स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा न लगाने का निर्देश दिया था। इसके बाद सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भगवान राधा कृष्ण की प्रतिमा शिविर में स्थापित की है, हालांकि अब सपा कार्यकर्ता द्वारा स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की तस्वीर के साथ डुबकी लगाने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। अब देखना यह है कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण इस मामले में क्या कदम उठाता है।

## माघ मेले में एटीएस ने संभाला मोर्चा, स्नाइपर तैनात




**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** माघ मेले के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर स्नानार्थियों की सुरक्षा के लिए आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भी कमान संभाल ली है। सुरक्षा के मद्देनजर एटीएस ने शुक्रवार को मेला क्षेत्र में पैदल मार्च किया। एटीएस की टीम में स्नाइपर भी शामिल हैं। तीन जनवरी से 15 फरवरी तक चलने वाले मेले में सुरक्षा के लिए एटीएस को भी बुलाया गया है। एटीएस की दो टीमों ने माघ मेले में पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है। वहीं, पुलिस व पीएसी के साथ ही पैरामिलिट्री भी तैनात की गई है।


## पति की रोज-रोज पिटाई से तंग आकर पत्नी ने ही की थी हत्या

**प्रयागराज।** रोज-रोज पति शराब के नशे में पीटते थे। 25 दिसंबर की देर शाम को भी जब वह शराब के नशे में घर लौटे तब भी मुझसे मारपीट की जो उस दिन बर्दाश्त न हुआ और फिर डंडे से हमने भी पति की पिटाई कर दी। इसमें उसकी मौत हो गई। यह सनसनीखेज खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि सिंचाई विभाग में तैनात रहे रनर वीरेंद्र गौतम उर्फ मुन्ना की पत्नी ने पुलिस के सामने किया। सिंचाई कर्मी की हत्या की रिपोर्ट अज्ञात लोगों के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराई थी। जिसे पुलिस ने कोर्ट में पेश किया और जहां से उसे जेल भेजा गया। सिंचाई विभाग कार्यालय में 51 वर्षीय वीरेंद्र गौतम उर्फ मुन्ना रनर के पद पर तैनात था। वह 25 दिसंबर की रात घर के बाहर घायल पड़ा मिला था तो पत्नी लता गौतम ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इसके बाद पत्नी लता गौतम ने 28 दिसंबर को अज्ञात के विरुद्ध केस भी दर्ज कराया था।

# जातिगत जैसी कूटनीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता है: शिवमोहन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एवं पूर्वांचल जन मोर्चा वं अखिल भारतीय ठठेरा कसेरा ताम्रकार महासभा व अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह साहब का परिनिर्वाण महोत्सव एवं स्वर्गीय परमपूज्नीय मां किशोरी देवी की पुण्यतिथि एवं पिता स्वर्गीय परम पूज्नीय प्रेमचंद शिल्पकार जी श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सचिव रामसागर चौहान एवं संचालन जिलाप्रभारी चंद्रमी गौतम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महासभा व मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक रालोजपा उत्तर प्रदेश शिवमोहन शिल्पकार द्वारा महामहिम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उनके जीवन पर चर्चा करते हुए लोगों से उनके विचारधारा पर चलने का आवाह्न किया और सामाजिक गतिविधि पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि जातिगत जैसी कूटनीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता है और कहा कि महामहिम देश के सातवें राष्ट्रपति थे सिख धर्म के विद्वान वह पंजाब के मुख्यमंत्री एवं देश के गृह मंत्री वह रक्षा मंत्री रहते हुए देश का सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद से सुशोभित हुए अपनी इच्छा शक्ति सत्य निष्ठा के राजनीतिक कठिन रास्तों को पार करते हुए देश के विभिन्न पदों पर गौरवमई होते हुए देश की सेवा किया इनका जन्म 5 मई 1916 को ब्रिटिश हुकूमत में पंजाब प्रांत फरीदकोट से 4 किलोमीटर दूर संधवान ग्राम में हुआ था इनके पिता का नाम किशन सिंह था जब वह 11 माह के थे उनकी माता इनदर कौर का निधन हो गया देश का प्रेम उनके रगों में कूट-कूट कर भरा हुआ था उन्होंने मात्र 15 वर्ष की आयु में ही ब्रिटिश



सरकार एवं सामंती ताकतों के खिलाफ काम कर रही अकाली दल की सदस्यता ले ली 1938 में प्रज्ञा मंडल नामक एक राजनीतिक पार्टी का गठन किया जो भारतीय कांग्रेस से साथ मिलकर ब्रिटिश विरोधी आंदोलन किया करती थी जिसकी वजह से कई बार जेल गए और उन्हें 5 वर्ष की सजा सुनाई गई इन्हीं सब संघर्षो के कारण इनका नाम बदलकर जैल सिंह रख दिया गया 25 दिसंबर 1994 को एक कर दुर्घटना होने से उनका निधन हो गया अपने हक अधिकारों के लिए महामहिम के मार्गो पर चलना पड़ेगा और सामाजिक-आर्थिक के साथ राजनीतिक पहलुओं से होकर गुजरना होगा चाहे उसके लिए कुछ भी करना पड़े एक जुटता का परिचय देना अति आवश्यक है कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ता महामहीम के प्रति लोगों ने अपना अटूट विश्वास प्रकट करते हुए जनहित में सदा समर्पित रहने का संकल्प लिया और महामहिम के जीवन के एवं लक्ष्य के साथ विचारधारा में समर्पित रहने का सहमति भरी गई।

इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान सुमन आर्य एवं और अजय मोदनवाल रोहित गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी छोड़कर दर्जनों लोगों के साथ लोगों ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथि के रूप में नेता जुल्फेकार बेग, अधिवक्ता यशवंत सिंह चौहान, शायर ताज मोहम्मद आज़मी, रामनगीना धरकार एवं पत्रकार बंधु समेत सैकड़ो लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ कमजोरों वर्गो में करीब 251 कंबल वितरण किए गए और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आवाहन किया गया। कार्यक्रम में पुष्पा गौतम, सुलेखा यादव, शालू चौहान,मुन्नी यादव,, सुनीता विश्वकर्मा, पूनम श्रीवास्तव , सरिता गौतम, रिंकू भारती, गायत्री गौतम, लालमुनि कनौजिया, सुनीता भारती, ममता गौतम , कविता सरोज, पूजा सरोज, कंचन सोनकर,बालचंद जायसवाल, सत्येंद्र कुमार, लाल बिहारी गौतम,सुक्लेश प्रधान, सिकन्दर गौतम,नूरसबा मनिहार के साथ सकडौ सैकड़ो के संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन आज

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज द्वारा विवाह योग्य युवक-युवतियों हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन 4 जनवरी को प्रातः 11 बजे से द पाम रिज़ॉर्ट (रॉयल गार्डन), लक्ष्मी टॉकीज़ चौराहा में किया जाएगा। इस अवसर पर समाज की परिचय पुस्तिका का भी विमोचन किया जाएगा, जिसमें सभी प्रतिभागी युवक-युवतियों का विवरण शामिल रहेगा। यह जानकारी समाज के महामंत्री अभिषेक मित्तल ने दी। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक आशीष अग्रवाल होंगे। समाज ने अधिक से अधिक परिवारों से सहभागिता की अपील की है।

## मोहिउद्दी सिद्दीकी एडवोकेट एआईएमआईएम पार्टी बने लीगल सेल के यमुनापार प्रभारी

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम ने मोहम्मद मोहिउद्दी सिद्दीकी एडवोकेट हाईकोर्ट को लीगल सेल पूर्वांचल अध्यक्ष जुनेद खान लीगल सेल ने यमुनापार का प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर महानगर अध्यक्ष अफ़सर महमूद ने आशा व्यक्त किया है कि मोहिउद्दी मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन संगठन को शक्तिशाली बनाने के लिए कार्य करेंगे। नियुक्ति पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से मुजीबुर्रहमान एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष अफ़सर महमूद, शौकत अली, सैय्यद ईरशाद आलम, इफ्तेखार अहमद, तरन्नुम, ज़ुबैर अहमद , रियाज़ुल हक़ चौधरी, एजाज़ अहमद नक़वी आदि लोग शामिल हैं।

# मुंह की बदबू से लेकर मसूड़ों की सूजन तक



## अमरूद के पत्तों में छिपा है हर समस्या का राज

आज के समय में अधिकतर लोगों को ओरल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसकी वजह से कई लोग परेशान रहते हैं। हालांकि इस समस्या से राहत पाने के लिए आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों में से एक और औषधीय गुणों से भरपूर अमरूद के पत्ते लाभकारी माने जाते हैं।

आज के समय में अधिकतर लोगों को छाले, मसूड़ों में सूजन, दांतों में दर्द और मसूड़ों से खून आने जैसी ओरल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसकी वजह से कई लोग परेशान रहते हैं। हालांकि इस समस्या से राहत पाने के लिए आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों में से एक और औषधीय गुणों से भरपूर अमरूद के पत्ते लाभकारी माने जाते हैं। अमरूद के पत्तों से बने माउथ वॉश का इस्तेमाल करने से मुंह की कई समस्याओं से राहत मिल सकती है।

बता दें कि अमरूद के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुए पाए जाते हैं। जोकि मुंह के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ओरल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं से राहत के लिए अमरूद के पत्तों से माउथ वॉश कैसे बनाएं और इससे क्या फायदे मिलते हैं।

**अमरूद के पत्तों का माउथवॉश**

इसके लिए एक गिलास पानी में 4-5 अमरूद के पत्ते, 1/4 छोटी चम्मच नमक और 2-3 लौंग डालकर इसको तब तक उबालें, जब तक पानी आधा न रह जाए। फिर इसमें 1 चम्मच नारियल का तेल मिला दें। अब इस माउथ वॉश से कुल्ला करें।

**माउथ वॉश के फायदे**

एक्सपर्ट के मुताबिक अमरूद के पत्तों में कई तरह के औधषीय गुण पाए जाते हैं। इसके पत्तों का माउथवॉश का इस्तेमाल करने से मुंह का स्वास्थ्य दुरुस्त होने के साथ कई स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं।

**मुंह की बदबू से राहत**

अमरूद के पत्तों और लौंग में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इस माउथ वॉश का इस्तेमाल करने से बैक्टीरिया खत्म होती है और मुंह की बदबू से भी राहत मिलती है। इसका इस्तेमाल करने से फ्रेश फील होता है।

**छालों से दे राहत**

बता दें कि अमरूद के पत्तों में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में इस माउथ वॉश का इस्तेमाल करने से मुंह के संक्रमण से बचाव होता है और छालों की समस्या से भी राहत मिलती है। वहीं इस माउथ वॉश के इस्तेमाल से मुंह के पीएच को बैलेंस रखने में सहायता मिलती है।

**कैविटीज से बचाव**

इस नेचुरल माउथ वॉश के इस्तेमाल से दांतों के दर्द को कम करने, कैविटीज से बचाव करने, दांतों के पीलेपन को कम करने और इनको हेल्दी बनाए रखने में सहायता मिलती है।

**मसूड़ों की मजबूती**

अक्सर लोगों को मसूड़ों में ब्लीडिंग और सूजन होने की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में इस नेचुरल माउथ वॉश का इस्तेमाल करने से मसूड़ों की सूजन कम होती है। साथ मसूड़ों को टाइट कर मजबूती देने, ब्लीडिंग से बचाव करने और इंफेक्शन से बचाव करने में सहायता मिलती है।

**दांतों होंगे हेल्दी**

अमरूद के पत्ते, लौंग और नारियल तेल से बना माउथ वॉश से दांतों को मजबूती मिलती है। इससे दर्द और सूजन भी कम होती है। साथ ही इस माउथ वॉश के इस्तेमाल से दांतों को नेचुरली साफ करने में मदद मिलती है।

## क्या थायराइड से सुन्न होते हैं हाथ-पैर? जानें गर्भावस्था में क्यों बढ़ जाता है यह खतरा



थायराइड रोगियों में हाथ-पैर सुन्न होने की समस्या आम है, जिसका मुख्य कारण धीमा मेटाबॉलिज्म और तंत्रिका तंत्र पर पड़ने वाला दबाव है। हाइपोथायराइडिज्म रक्त संचार को प्रभावित कर सकता है, जिससे झुनझुनी और सुन्नता महसूस होती है, जो न्यूरोपैथी और वॉटर रिटेंशन से भी संबंधित है।

थायराइड बीमारी आमतौर पर एक हार्मोनल बीमारी है, जो थायराइड ग्रंथि की खराबी के कारण होती है। यह ग्रंथि गर्दन के निचले हिस्से में स्थित होती है और शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने वाले हार्मोन का उत्पादन करती है। अक्सर मरीजों में अलग-अलग लक्षण महसूस होते हैं। आइए आपको इस लेख में बताते हैं कि थायराइड के मरीज को अक्सर हाथ-पैरों में सुन्न क्यों हो जाते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान थायराइड से पीड़ित महिलाओं में ये लक्षण देखे जाते हैं। लेकिन क्यों, आइए आपको बताते हैं।

**क्या सच में थायराइड के कारण हाथ-पैर सुन्न हो जाते हैं**

थायराइड की बीमारी हाथों-पैरों में सुन्नता पैदा करती है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, हाइपोथायराडिज्म में, जब थायरॉइड कम सक्रिय होते हैं, तो शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। जिस कारण से तंत्रिकाओं और रक्त संचार पर असर पड़ता है। इसलिए हाथों-पैरों में सुन्नता, झुनझुनी या सुई चुभने जैसा एहसास होता है। कई बार तो थायरॉइड के निम्न स्तर के कारण द्रव प्रतिरोधक और सूजन तंत्रिकाओं पर दबाव डाल सकती हैं, जिससे सुन्नता और बढ़ जाती है।

**क्या प्रेग्नेंसी में भी थायराइड के कारण हाथ-पैर सुन्न होते हैं**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, प्रेग्नेंसी में थायराइज के कारण अक्सर महिलाओं को हाथ-पैर में सुन्नता की समस्या महसूस होती है। यह संबंध गर्भावस्था के दौरान होता हैं क्योंकि हार्मोनल बदलाव और वॉटर रिटेंशन के कारण बनते हैं और तंत्रिका प्रणाली को प्रभावित करते हैं।

**थायराइड में हाथ-पैर सुन्न के अन्य कारण**

जब न्यूरोपैथी के कारण भी हाथ-पैर सुन्न होने लगते हैं। जब हमारे शरीर में थायराइड ग्रंथी सही से इस हार्मोन को नहीं प्रड्यूस कर पाती है, तब वॉटर रिटेंशन होता है, जिससे नसों पर दबाव पड़ता है। जिस वजह से लोगों को हाथ-पैर सुन्न होने लगते हैं। वहीं, हाइपोथायरायडिज्म से लोगों को कार्पल टनल सिंड्रोम हो सकता है, जो कलाई की नस संकुचित करता है, जिस कारण से हाथ में सुन्नता और दर्द होने लगता है। जब यह पैरों में होता है तो ये टार्सल टनल सिंड्रोम की वजह से होता है, जिससे टखने और पैर में जलन और सुन्न होने लगते है।

इसके अलावा, थायराइड के मरीजों में मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होने लगता है। फिर हाथ-पैर ठंडे और सुन्न होने लगते है।

## स्मोकिंग ने छीन ली है फेफड़ों की जान आसान योग देंगे उन्हें नई जिंदगी, करें ट्राई



स्मोकिंग करने और एक्सरसाइज न करने और अन्य कई कारणों से फेफड़ों की सांस लेने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। जिस कारण डायाफ्राम कमजोर हो जाती है। आज हम आपको ऐसे आसन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको करने से आप फेफड़ों के सांस लेने की क्षमता को बढ़ा सकते हैं।

सिगरेट-बीड़ी पीने से फेफड़ों में जहरीला धुआं भर जाता है, जिस कारण सांस लेने की क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में बहुत से लोग हैं, जिनको घुट-घुटकर सांस आती है। वहीं कम सांस आने का मतलब है कि आपके फेफड़े बीमार हैं। सांस कम आने से कई नुकसान होते हैं, जैसे - दिल पर दबाव बढ़ना, जल्दी थकान महसूस होना, दिल का जल्दी थक जाना, फेफड़ों पर बोझ, मानसिक तनाव, दिमाग पर असर और गंभीर बीमारी आदि के संकेत शामिल हैं।

आपको बता दें कि फेफड़े करीब 6 लीटर हवा को पकड़ सकते हैं, जिसको टोटल लंग कैपेसिटी कहा जाता है। वहीं इसका मतलब यह है कि जब हम पूरी सांस अंदर लेते हैं, तो फेफड़ों में कुल इतनी हवा समा सकती है, जितनी की एक सामान्य वयस्क एक मिनट में 12 से 15 सांसे लेता है। लेकिन स्मोकिंग करने और एक्सरसाइज न करने और अन्य कई कारणों से फेफड़ों की सांस लेने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। जिस कारण डायाफ्राम कमजोर हो जाती है और फेफड़ों की लोच घट जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसे आसन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको करने से आप फेफड़ों के सांस लेने की क्षमता को बढ़ा सकते हैं।



**कुंभक प्राणायाम**

इसको करने से फेफड़े मजबूत होते हैं। इस आसन को करने के लिए सांस को थोड़ी देर तक रोककर रखा जाता है। सबसे पहले ध्यान मुद्रा में बैठें और रीढ़ को सीधा रखें। फिर 4 सेकेंड तक सांस अंदर लें और फिर 8 सेकेंड तक सांस रोककर रखें। इसके बाद 4 सेकेंड में धीरे-धीरे छोड़ दें। इस आसन को रोजाना करने से फेफड़ों की क्षमता और सांस लेने की शक्ति बढ़ती है।

**इंटरकोस्टल ब्रीदिंग**

इंटरकोस्टल ब्रीदिंग का अभ्यास करने से पसलियां और उनसे जुड़ी मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसको करने के लिए आराम से बैठ जाएं और हाथों से पसलियों को पकड़ें। फिर गहरी सांस अंदर लें और पसलियों को फैसने दें। वहीं सांस छोड़ते समय वापस सामान्य स्थिति में आएं। इससे फेफड़ों में ज्यादा हवा भरती है और शरीर को बेहतर तरीके से ऑक्सीजन मिलती है।

**भस्त्रिका प्राणायाम**

इस आसन को बेलोज ब्रीदिंग भी कहा जाता है। इस आसन में तेजी से सांस लेना और छोड़ना शामिल है। इस आसन को करने के लिए पहले ध्यान मुद्रा में बैठें और फिर 1-2 बार लंबी सांस लें और छोड़ें। फिर सांस रोककर पेट को तेजी से अंदर-बाहर करें और इसको कम से कम 5 से 15 बार करना चाहिए। इस आसन को करने से फेफड़े साफ होते हैं, शरीर ऊर्जावान होता है और सांस लेने की क्षमता बढ़ती है।

**ताड़ासन**

तड़ासन पूरे शरीर को खींचता है और फेफड़ों को खोलता है। इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और पैरों में 1 फुट की दूरी रखें। अब सांस अंदर लेते हुए हाथों को ऊपर की ओर उठाएं और पंजों के बल खड़े हो जाएं। कुछ देर इस स्थिति में रहते हुए सांस छोड़ते हुए हाथ नीचे आएं। इससे पसलियां और डायाफ्राम मजबूत होती हैं।

**कोणासन-2**

इस आसन को करने से फेफड़ों के छोटे-छोटे हिस्से सक्रिय होते हैं। इस आसन को करने के लिए पैरों को 2.5 से 3 फीट की दूरी पर रखकर खड़े हो। फिर सांस अंदर लेते हुए हाथ को सिर के पास ले जाएं और धीरे-धीरे एक तरफ झुकें। थोड़ी देर सांस रोकें और फिर सांस छोड़ते हुए सामान्य स्थिति में वापस आएं। फिर दूसरे ओर से भी यह प्रक्रिया दोहराएं। इससे शरीर में ज्यादा ऑक्सीजन पहुंचता है और फेफड़े मजबूत होते हैं।

## क्या वजाइनल डिस्चार्ज से सच में कमजोर होती हैं हड्डियां? एक्सपर्ट ने बताई चौंकाने वाली सच्चाई!



क्या ज्यादा वजाइनल डिस्चार्ज से हड्डियां कमजोर होती हैं? यह एक मिथक है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, योनि स्राव एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है जो योनि को स्वस्थ रखती है, और इसका हड्डियों के गलने या कमजोर होने से कोई सीधा संबंध नहीं है। महिलाओं को इस भ्रांति को दूर करके अपने इंटिमेट हेल्थ को समझना चाहिए।

महिलाओं में ज्यादातर वजाइनल डिस्चार्ज की समस्या देखने को मिलती है। इस बारे में अधकित्तर महिलाओं कोई जानकारी भी नहीं होती है। वजाइनल डिस्चार्ज एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है जिसमें योनि से तरल या स्राव निकलता है। यह स्राव मृत कोशिकाओं और बैक्टीरिया को बाहर निकालकर योनि को साफ और स्वस्थ रखने में मदद करता है। महिलाएं कई बार इंटिमेट हेल्थ और वजाइनल डिस्चार्ज या इंफेक्शन से जुड़े कई मिथ्स पर यकीन कर लेती है। वजाइनल डिस्चार्ज सभी महिलाओं को होता है लेकिन यह कितनी मात्रा में हो रहा है, किन दिनों में हो रहा है, क्या इसमें किसी तरह का दर्द या जलन हो रही है, क्या डिस्चार्ज से बदबू आ रही है या क्या इसके साथ और कोई समस्या भी हो रही है, इन बातों पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। इस मामले में देखा जाता है कि महिलाओं को लगता है कि वजाइनल डिस्चार्ज से हड्डियां कमजोर होने लगती है या फिर हड्डियों के गलने से सफेद पानी की दिक्कत होती है, क्या यह सच है, तो चलिए आपको हेल्थ एक्सपर्ट के बताई बातों के बताते हैं।

**क्या वजाइनल डिस्चार्ज होने से हड्डियां कमजोर हो जाती हैं?**

- हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक वजाइनल डिस्चार्ज से हड्डिया कमजोर होना या हड्डियों के गलने के कारण, वजाइनल डिस्चार्ज होता है, यह एक प्रकार का मिथक है। वजाइनल डिस्चार्ज एक सफेद या हल्का पारदर्शी लिक्विड होता है, जो वजाइनसा से निकलता है।

- यह वजाइन का क्लीन करने और इंफेक्शन से बचाने का एक तरीका है, यह पूरी तरह से नॉर्मल है। वजाइनल डिस्चार्ज से योनि में ड्राईनेस नहीं होती है।

- अगर आपको काफी समय से डिस्चार्ज हो रहा है, तो हो सकता है कि आपको कमजोरी और थकान महसूस हो सकती है। इस बात पर ध्यान देना काफी जरुरी है।

- आपको बता दें कि, वजाइनल डिस्चार्ज सीधे तौर पर हड्डियों के कमजोर होने का कोई कनेक्शन नहीं, यह आपकी शरीर की कमजोरी हो सकती है।

- कई बार हार्मोनल इंबैलेंस, वजाइनल इंफेक्शन, इंटिमेट हाइजीन का ख्याल नहीं रखना और सेक्शुअल रिलेशन के दौरान साफ-सफाई का ख्याल न रखना समेत कई कारणों से वजाइना से अधिक डिस्चार्ज हो सकता है।

# टॉयलेट में फोन की लत बढ़ा रही बवासीर का खतरा



## कहीं आप भी तो नहीं कर रहे ये गलती

आज के समय में लोग अपनी जरूरत के सभी काम फोन से करते हैं और यहां तक कि लोग टॉयलेट में भी बैठकर फोन इस्तेमाल करते हैं। टॉयलेट इस्तेमाल करने के दौरान फोन चलाना न सिर्फ आपके हाइजीन को खराब करता है, बल्कि यह आपके स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

मोबाइल हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन गया है। लोग एक भी दिन बिना फोन के नहीं गुजार पाते हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि आज के समय में आप अपनी जरूरत के सभी काम फोन से करते हैं, जैसे शॉपिंग करना, न्यूज पढ़ना, लोगों से कनेक्ट रहना, पेमेंट करना और अपनी फेवरेट मूवी और शो को बिंज वॉच करना आदि। आज के समय में लोग फोन से इस तरह से जुड़ चुके हैं कि वह टॉयलेट सीट पर बैठने के दौरान भी फोन को खुद से दूर नहीं करते हैं। हालांकि यह आदत हाइजीन के नजरिए से बिल्कुल भी सही नहीं है। टॉयलेट इस्तेमाल करने के दौरान फोन चलाना न सिर्फ आपके हाइजीन को खराब करता है, बल्कि यह आपके स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसा करने से बवासीर होने के चांसेज कई गुना बढ़ जाते हैं।

**टॉयलेट में फोन का इस्तेमाल**

अगर आप भी उन लोगों में शुमार हैं, जो टॉयलेट में फोन लेकर जाते हैं, तो इससे न सिर्फ आपके फोन में बैक्टीरिया चिपक जाते हैं, बल्कि आपको पाइल्स होने का खतरा भी अधिक बढ़ जाता है। हालिया स्टडी में इस बात का खुलासा हुआ है कि टॉयलेट में फोन स्क्रॉल करने की आदत पाइल्स के विकास के खतरे को 46 फीसदी तक बढ़ा सकती है।

**बवासीर**

बवासीर को पाइल्स भी कहते हैं, मलाशय या गुदा के अंदर और आसपास सूजी हुई और बढ़ी हुई नसें होती हैं। यह असुविधाजनक और दर्दनाक हो सकती हैं और ब्लीडिंग का कारण बन सकती हैं। बता दें कि सभी लोग बवासीर के साथ पैदा होते हैं, लेकिन आमतौर पर यह हमें परेशान नहीं करती हैं, लेकिन जब यह नसें सूज जाती हैं और बढ़ जाती है, तो यह परेशान करने वाले लक्षण पैदा करती हैं।

**लक्षण और वजह**

अगर आप लंबे समय तक टॉयलेट में बैठे रहते हैं, मल त्यागते समय अधिक जोर लगाते हैं, नियमित रूप से भारी सामान उठाते हैं, लंबे समय तक दस्त या कब्ज से परेशान रहते हैं और कम फाइबर वाली डाइट लेते हैं, तो बवासीर होने के चांसेज अधिक बढ़ जाते हैं। पाइल्स दो तरह के होते हैं, आंतरिक बवासीर और बाहरी बवासीर।

**आंतरिक बवासीर**

मल में, टॉयलेट पेपर पर या शौचालय में चमकीला लाल खून दिखाई दे सकता है।

**बाहरी बवासीर**

गुदा के पास एक या अधिक कठोर और कोमल गांठें, गुदा के आसपास खुजली या जलन, गुदा में दर्द खासकर जब आप बैठते हैं और पोंछने पर खून निकलता है।

**फोन चलाने से बवासीर**

बता दें कि लंबे समय तक टॉयलेट में बैठे रहने को भी बवासीर से भी जोड़ा जाता है। क्योंकि जब आप टॉयलेट में फोन लेकर जाते हैं, तो आप वहां पर अधिक समय बिताते हैं, जिससे बवासीर का खतरा अधिक बढ़ जाता है। माना जाता है कि टॉयलेट सीट पर लंबे समय तक बैठने से पेल्विक फ्लोर के अंदर दबाव बढ़ता है और गुदा के वैस्कुलर कुशन में ब्लड जमा हो जाता है। जिससे पाइल्स विकसित होने की संभावना ज्यादा हो जाती है।

# अपनी सांसों को दें मजबूती, इन आदतों से फेफड़ों की बीमारियों को रखें दूर

आप अपनी लाइफस्टाइल में छोटे-छोटे बदलाव करके और कुछ नई आदतों को शामिल करके रेस्पिरेटरी हेल्थ की रक्षा कर सकते हैं। इसको बेहतर बनाने से फेफड़ों की बीमारी का खतरा कई गुना कम होता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी हेल्दी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिंदा रहने के लिए सेल्स को ऑक्सीजन देने का काम फेफड़ों द्वारा किया जाता है। लेकिन लोगों का इस पर ध्यान तभी जाता है, जब फेफड़ों में दिक्कत आने लगती है। सांस लेने में समस्या या खांसी का न बंद होना फेफड़ों संबंधित समस्या में शामिल हैं। हालांकि आप अपनी लाइफस्टाइल में छोटे-छोटे बदलाव करके और कुछ नई आदतों को शामिल करके रेस्पिरेटरी हेल्थ की रक्षा कर सकते हैं। इसको बेहतर बनाने से फेफड़ों की बीमारी का खतरा कई गुना कम होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी हेल्दी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप लंग्स लाइफ को बेहतर बना सकते हैं।

**फिजिकल एक्टिविटी**

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो फिजिकल एक्टिविटी से लंग कैपेसिटी और फंक्शन में सुधार होता है। साइकिल चलाना, तेज चलना और तैराकी जैसे एरोबिक एक्सरसाइज करने से हार्ट रेट बढ़ता है और फेफड़ों को ऑक्सीजन का अच्छे से उपयोग करने में सहायता मिलती है। फिजिकल एक्टिविटी का सामान्य लेवल रखने वाले लोगों में रेस्पिरेटरी प्रोसेस बेहतर होता है और सीओपीडी बढ़ने की संभावना कम होती है। आप रोजाना 30 मिनट वॉक करके भी यह फायदा पा सकते हैं।

**ब्रीदिंग एक्सरसाइज**

स्ट्रक्चर्ड ब्रीदिंग एक्सरसाइज का अभ्यास करने से फेफड़े के फंक्शन शारीरिक रूप से बेहतर होते हैं। डायाफ्रामिक ब्रीदिंग यानी पेट से सांस लेना और होंठ सिकोड़कर




श्वास लेने जैसे तरीके वायुमार्ग को लंबे समय तक खुला रखने में सहायता कर सकते हैं। यह अभ्यास सांस फूलने की दिक्कत को भी कम कर सकती हैं। खासकर अस्थमा या सीओपीडी से पीड़ित व्यक्तियों में इस एक्सरसाइज का अच्छा असर देखने को मिलता है।

**हेल्दी वजन**

पेट के आसपास अधिक चर्बी होने से डायाफ्राम पर दबाव पड़ता है और लंग वॉल्यूम कम हो सकता है। क्लीनिकल इंवेस्टिगेशन में स्लीप एपनिया के खतरे, लंग वॉल्यूम में कमी और अस्थमा कंट्रोल में कमी देखी गई है। दूसरी तरफ हेल्दी तरीके से वेट लॉस करना लंग मैकेनिज्म और ऑक्सीजनेशन के लिए फायदेमंद होता है। सब्जियों, फलों और साबुत अनाज से बनी हेल्दी डाइट लेने से एंटीऑक्सीडेंट मिलता है, जोकि लंग टिश्यू में ऑक्सीडेटिव तनाव से लड़ते हैं।

**एयर क्वालिटी**

बता दें कि आप जितनी अच्छी एयर क्वालिटी में सांस लेंगे, आपके फेफड़े उतने ही ज्यादा मजबूत होंगे। घरेलू धुएं या व्यावसायिक धूल और प्रदूषण आदि के संपर्क में लंबे समय तक रहने से लंग ग्रोथ धीमी हो जाती है और इससे रेस्पिरेटरी डिजीज का खतरा बढ़ता है।

**पानी से भरे फूड्स**

हाइड्रेशन से लंग और एयरवे में बलगम को पतला करने में सहायता मिलती है। इससे फेफड़ों द्वारा बलगम को बाहर निकालने में आसानी होती है। साथ ही इनमें पनप रहे बैक्टीरिया या वायरस बाहर निकल जाते हैं। क्लिनिकल नजरिए से समझें, तो हाइड्रेशन से फेफड़ों के नेचुरल क्लीयरिंग सिस्टम को सपोर्ट मिलता है। इसके लिए खीरा-ककड़ी, पानी और हर्बल टी जैसे पानी से भरे फूड्स का सेवन करना चाहिए।

**छोड़ें धूम्रपान और स्मोकिंग**

फेफड़ों के लिए धूम्रपान छोड़ने से ज्यादा फायदेमंद कुछ नहीं है। क्योंकि सिगरेट के धुएं में हजारों केमिकल होते हैं, जोकि फेफड़ों के टिश्यू को नुकसान पहुंचाते हैं। एयरवे को सिकोड़ते हैं और फेफड़ों के सीओपीडी, कैंसर और हृदय रोग के खतरे को तेजी से बढ़ाते हैं। इसके साथ ही सेकेंडहैंड स्मोकिंग से भी बचना चाहिए। क्योंकि इससे वायुमार्ग में सूजन आ सकती है और उम्रबढ़ने के साथ ही फेफड़ों का फंक्शन कम हो जाता है।

**नींद**

खराब नींद और लगातार तनाव होने के कारण इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है। जिससे फेफड़े संक्रमण के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। नींद की कमी को सांस की नली की सूजन से जोड़ा गया है। योग, ध्यान और नेचर वॉक जैसे अभ्यास से स्ट्रेस हार्मोन को कम किया जा सकता है।

# मोदी की नीतियों से पुराने समीकरण ध्वस्त

## यूरोप का डर्टी गेम बेअसर- बंद कमरों में भारत के खिलाफ नैरेटिव वॉर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूरोप के राजनीतिक गलियारों और ब्रुसेल्स से लेकर एस्टोनिया तक फैले थिंकटैंकों में इन दिनों भारत को लेकर एक अजीब सी सुगबुगाहट है। यह सुगबुगाहट भारत की बढ़ती शक्ति के स्वागत की नहीं, बल्कि उसकी रणनीतिक स्वायत्तता को संदिग्ध बनाने की कवायद है। यहां बातचीत औपचारिक मंचों से ज्यादा कॉरिडोर और बैकडोर बैठकों में होती है। एक पैटन..ं भारत के खिलाफ ऐसा नैरेटिव बुना जा रहा है जो मासूम तो कतई नहीं है। हालांकि, विरोधाभास ये है कि एक तरफ जहां यूरोप की हवाओं में फैला है कि भारत भविष्य की शक्ति है, वहीं दूसरी तरफ थिंक-टैंकों की बैकडोर मीटिंग्स में भारत की साख गिराने



का एक सुनियोजित नैरेटिव ऑपरेशन चल रहा है। यह अलग बात है कि इस बार भारत रक्षात्मक नहीं है। जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस रणनीतिक स्वायत्तता से मिल रहा है, जिसने पश्चिम के पुराने समीकरणों को हिलाकर रख दिया है।

यूरोप में भारत को लेकर कैसी दोहरी सोच चल रही है, इसका सबसे सटीक उदाहरण एस्टोनिया के रक्षा मंत्रालय के स्थायी सचिव काइमो कूस्क के साथ हुई चर्चा में मिलता है। कूस्क ने एक बेहद विवादास्पद और चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा कि ÷राफेल विमान इतने कमजोर साबित हुए कि हमें आश्चर्य हुआ कि कैसे चीनी जेट्स ने उन्हें मार गिराया।÷ यह बयान सीधे तौर पर उस नैरेटिव का हिस्सा है जो भारतीय सैन्य साख को कमतर आंकने के लिए गढ़ा जा रहा है। दिलचस्प यह है कि प्रोपेगेंडा और वास्तविकता का विरोधाभास इसी बातचीत में उजागर हो जाता है। अगले ही पल कूस्क यह भी स्वीकार करते हैं कि ÷भारत एक उभरती हुई महान रक्षा और आर्थिक शक्ति है।÷ एक तरफ भारतीय हथियारों की युद्ध-क्षमता पर सवाल उठाना और दूसरी तरफ उसे महाशक्ति मानना, यही वह मानसिक द्वंद्व है जिससे आज का यूरोप जूझ रहा है। वे भारत की ताकत को नकार नहीं पा रहे, इसलिए तकनीकी श्रेष्ठता के नैरेटिव पर हमला कर रहे हैं।

इस हाइब्रिड वॉरफेयर में चीन और पाकिस्तान के तर्क अक्सर यूरोपीय विशेषज्ञों की जुबान बनकर निकलते हैं। वे भारत को एक ÷अस्थिर क्षेत्रीय शक्ति÷ दिखाने की कोशिश करते हैं। वहीं, एस्टोनिया के विदेश मंत्री मार्गस त्सखना का नजरिया यहां भारत के पक्ष में एक बड़ा वजन डालता है। त्सखना कहते हैं कि ÷भारत आज पूरी दुनिया में संतुलन साधने की अद्भुत क्षमता रखता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार ऐसा करते दिखाई देते हैं।÷ यह बयान उस नैरेटिव को ध्वस्त कर देता है जो भारत को केवल एक %क्षेत्रीय खिलाड़ी% साबित करना चाहता है। त्सखना की यह टिप्पणी साबित करती है कि यूरोप का एक धड़ा मोदी के उस मल्टी-एलाइनमेंट का कायल है, जहां भारत रूस और पश्चिम के बीच बिना झुके अपनी जगह बना रहा है। इस पूरे प्रोपेगंडा के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि एक अभेद्य दीवार की तरह खड़ी है।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की मौत, खोकन चंद्र दास ने इलाज के दौरान तोड़ा दम, भीड़ ने लगाई थी आग

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शरियतपुर जिले के बाजार में मेडिकल स्टोर चलाने वाले हिंदू व्यापारी खोकन चंद्र दास की शनिवार सुबह ढाका के नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट में इलाज के दौरान मौत हो गई। नए साल की पूर्व संध्या पर हमलावरों ने उन पर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया था।

डॉक्टरों के मुताबिक, खोकन दास के शरीर का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा झुलस गया था। उनके चेहरे और श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचा था। अस्पताल के प्रोफेसर डॉ. शौन बिन रहमान ने बताया कि सुबह करीब 7.20 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। स्थानीय अखबार प्रथम आलो के अनुसार, यह घटना 31 दिसंबर की रात करीब 9.30 बजे दामुदिया



उपजिला के कोनेश्वर यूनियन स्थित केउरभांगा बाजार के पास हुई। दुकान बंद कर घर लौट रहे खोकन दास को रास्ते में बदमाशों ने रोका, धारदार हथियारों से हमला किया और फिर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग से बचने की कोशिश में खोकन दास पास के तालाब में कूद गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। गंभीर हालत में उन्हें पहले शरियतपुर सदर अस्पताल और फिर ढाका रेफर किया गया था। खोकन दास की पत्नी सीमा दास, गोद में छोटे बच्चे को लिए फूट-फूटकर रोती नजर आईं। उन्होंने कहा मेरे पति रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके पति ने दो हमलावरों को पहचान लिया था, इसी वजह से बदमाशों ने उनकी हत्या की नीयत से पेट्रोल डालकर आग लगा दी। उन्होंने कहा कि परिवार की किसी से दुश्मनी नहीं है और किसी तरह का कोई विवाद भी नहीं था, फिर भी इस तरह का हमला क्यों हुआ, यह समझ से बाहर है।

## क्विक न्यूज

### अफगानिस्तान में फिर कांपी धरती, 4.8 तीव्रता का भूकंप आया

**काबुल।** अफगानिस्तान में विनाशकारी भूकंप आने के बाद से लगातार धरती का कांपना जारी है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के एक बयान में बताया गया कि गुरुवार को अफगानिस्तान में फिर से 4.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप 135 किलोमीटर की गहराई में आया। भूकंप की तीव्रता 4.8 मापी गई। यह 4 सितंबर को सुबह 10.40 बजे 135 किलोमीटर की गहराई में आया। इस बीच खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व खाद्य कार्यक्रम ने अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावित कुनार और नंगरहार प्रांतों में आपातकालीन सहायता भेजी है, जहां 1400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 3,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। शुरुआती सहायता सामग्री में खाद्य सामग्री और उच्च-ऊर्जा वाले बिस्कुट शामिल हैं। आगे की सहायता और कर्मियों को पहुंचाने के लिए अतिरिक्त उड़ानें निर्धारित की गई हैं।

### कांटे की टक्कर में तीसरी बार चुने गए जमैका के प्रधानमंत्री होलनेस, मुख्य विपक्षी उम्मीदवार ने हार मानी

**किंग्सटन (जमैका)।** जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस ने संसदीय चुनाव में एक कड़े मुकाबले में गुरुवार को तीसरी बार जीत हासिल की। यह चुनाव ऐसे समय में हुआ, जब देश भ्रष्टाचार, असमानता और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है। शुरुआती नतीजों के मुताबिक, होलनेस की जमैका लेबर पार्टी ने 34 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि विपक्षी नेता मार्क गोल्डिंग की पीपुल्स नेशनल पार्टी को 29 सीटों पर जीत हासिल हुई। गोल्डिन एक संक्षिप्त भाषण में अपनी हार स्वीकार की और कहा कि उन्हें नतीजों से निराशा हुई है, लेकिन उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी की जीत को स्वीकार किया और उसे उनकी सफलता माना। जमैका में बुधवार को आम चुनाव हुए, जिनमें जमैका प्रोग्रेसिव पार्टी, यूनाइटेड इंडिपेंडेंट्स कांग्रेस और नौ निर्दलीय उम्मदीवारों ने भी हिस्सा लिया।

## अक्तूबर में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 0.25 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में 1.44 प्रतिशत और अक्तूबर 2024 में 6.21 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर में खाद्य मुद्रास्फीति घटकर 5.02 प्रतिशत रह गई। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अक्तूबर में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 0.25 प्रतिशत रह गई। यह इसका कई वर्षों का निचला स्तर है। बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जीएसटी दर में कटौती और सब्जियों और फलों की कीमतों में नरमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति में यह गिरावट आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में 1.44 प्रतिशत और अक्तूबर 2024 में 6.21 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर में खाद्य मुद्रास्फीति घटकर (-) 5.02 प्रतिशत रह गई।

## दिग्गज फैशन डिजाइनर और फाउंडर जियोर्जियो अरमानी का निधन, 2 अरब पाउंड से अधिक का है कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इटली के दिग्गज फैशन डिजाइनर और अरबपति अरमानी ब्रांड के मालिक जियोर्जियो अरमानी का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें इतालवी फैशन शैली का आदर्श माना जाता है। उन्होंने आधुनिक दौर के पुरुषों और महिलाओं के सूट की पुनर्कल्पना की थी।

अरमानी, जो एक फैशन कंपनी के रूप में शुरू हुई थी, ने संगीत, खेल और यहां तक कि लक्जरी होटलों के क्षेत्र में भी विस्तार किया। अरमानी एक एक प्रतिष्ठित व्यवसायी भी थे। उनकी कंपनी हर वर्ष 2 बिलियन पाउंड से अधिक का कारोबार करती थी। मिलान के रेडी-टू-वियर फैशन क्षेत्र के दिग्गज जियोर्जियो अरमानी ने अनस्ट्रक्चर्ड लुक के साथ फैशन में क्रांति ला दी थी। उनके निधन की उनके फैशन हाउस ने गुरुवार को पुष्टि की।

फैशन हाउस ने बताया कि अरमानी की मृत्यु घर पर ही हुई। फैशन डिजाइनर जून में अपने रनवे शो में शामिल नहीं हो सके थे। उस दौरान वे वह एक अज्ञात बीमारी से उबर रहे थे। हाल ही में आई जानकारी के अनुसार अरमानी इस महीने मिलान फैशन वीक के दौरान अपने सिग्नेचर जियोर्जियो अरमानी फैशन हाउस के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए एक बड़े कार्यक्रम की योजना बना रहे थे।

अरमानी ब्रांड के एक्स हैंडल के अनुसार जियोर्जियो अरमानी ने 50 वर्ष पहले 24 जुलाई 1975 को मिलान में अपनी कंपनी की स्थापना की। उन्होंने सटीकता, संतुलन और संयम से गढ़ी एक दृष्टि को जीवंत किया। उसी समय से फैशन के एक दौर की शुरुआत हुई। अरमानी ने फैशन की एक ऐसी शैली की नींव रखी जो वर्तमान से परे दिखती है।

## पूर्वोत्तर में नया सैन्य स्टेशन, बांग्लादेश बॉर्डर से 40 किलोमीटर दूर, सीमा सुरक्षा और खुफिया तंत्र के लिए अहम

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम के धुबरी जिले के बमुनिगांव में भारतीय सेना लाचित बोरफुकन मिलिट्री स्टेशन बना रही है। यह जगह बांग्लादेश सीमा से लगभग 40 किलोमीटर दूर है। यह पश्चिमी असम का पहला ऐसा स्टेशन होगा, जो सीमा की सुरक्षा और खुफिया जानकारी जुटाने में सेना की बड़ी मदद करेगा। पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने हाल ही में अग्रिम चौकियों के दौरे के दौरान इस सैन्य स्टेशन की नींव रखी। सेना के पूर्व अधिकारी ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) रंजीत कुमार बोरठाकुर ने कहा, बांग्लादेश में मौजूदा राजनीतिक हालात को देखते हुए यह निर्णय बहुत स्वागत योग्य है। पहले सबसे नजदीकी सैन्य कैंप कूचबिहार (पश्चिम



बंगाल) और तमुलपुर (असम) में थे। अब धुबरी में नया स्टेशन बनने से ह्यूमन और सिग्नल इंटेलिजेंस दोनों को मजबूती मिलेगी। वहीं सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेन्द्र रावत ने बताया कि यह स्टेशन क्षेत्र में सेना की संचालन क्षमता और बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, इससे इलाके की निगरानी आसान होगी और स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना भी बढ़ेगी।

मामले में एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि, यह नया स्टेशन तेजपुर में मौजूद 4 कोर के अधीन रहेगा और इसमें करीब 1200 से 1500 जवानों के रहने की व्यवस्था होगी। शुरुआत में काम जल्दी पूरा करने के लिए प्री-फैब्रिकेटेड झोपड़ियों का निर्माण किया जा रहा है। असम सरकार ने इस परियोजना के लिए भूमि भी बहुत तेजी से, सिर्फ एक-दो महीने में, सेना को सौंप दी थी। इस स्टेशन में एक पैरा-कमांडो यूनिट भी तैनात की जाएगी। लेफ्टिनेंट कर्नल रावत ने कहा, लाचित बोरफुकन मिलिट्री स्टेशन सशस्त्र बलों और राज्य प्रशासन के बीच तालमेल का प्रतीक है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास की साझा सोच को दर्शाता है।

ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) बोरठाकुर ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद उसका रुख भारत के प्रति काफी कठोर हुआ है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच बढ़ते रिश्ते चिंता का विषय हैं। पाकिस्तान के नेताओं और रक्षा अधिकारियों की बार-बार यात्राएं भी संकेत देती हैं कि क्षेत्रीय परिदृश्य बदल रहा है।

## बारिश ने तोड़ा 20 वर्ष का रिकॉर्ड, खतरे के निशान से ऊपर गंगा, हस्तिनापुर में घर छोड़ने को मजबूर लोग

एजेंसी

**मेरठ।** बारिश लोगों पर मुसीबत बनकर बरस रही है। बुधवार को दिनभर हुई बारिश ने 20 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। एक जून से तीन सितंबर तक मेरठ में सामान्य से 52 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। दिनभर बारिश से शहर की कई कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर जलभराव हुआ। हस्तिनापुर में खतरे के निशान से डेढ़ मीटर ऊपर आने के कारण गंगा का पानी आबादी तक पहुंच गया। गांव के लोग घर छोड़ने को विवश हो गए हैं।

बस्तौरा नारंग गांव की करीब 100 एकड़ से ज्यादा भूमि में खड़ी फसलें पानी के बहाव से तबाह हो चुकी हैं। गांव दुधली, मखदूमपुर में भी गंगा नदी प्रवेश कर गई है। भयभीत ग्रामीणों ने मंगलवार को जागते हुए रात काटी और बुधवार दिन निकलते ही सुरक्षित ठिकाने की ओर निकल पड़े।

गंगा के पानी के कारण कई गांव में पशुओं का चारा खराब हो गया। बाढ़ के बीच फंसे गांव के कई ग्रामीणों का राशन खत्म हो गया है। पिछले तीन दिनों से गांव के संपर्क मार्ग पर पानी होने से आवागमन नहीं हो पा रहा है। गंगा नदी के लगातार कटान के बाद बस्तौरा नारंग गांव के ग्रामीण पूरी तरह सहमे हुए हैं। गंगा गांव के करीब पहुंच चुकी है।

बुधवार को जल स्तर बढ़ने के बाद कटान तो कम हो गया परंतु बस्तौरा नारंग, दुधली, मखदूमपुर आदि गावों की आबादी तक पानी पहुंच गया। इससे ग्रामीण पूरी तरह दहशत में आ गए। बस्तौरा नारंग गांव के ग्रामीणों ने गंगा को गांव के नजदीक आता देख सुरक्षित ठिकानों पर जाना शुरू कर दिया है। बुधवार को गांव में मौजूद सभी बच्चों और बुजुर्गों सहित पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का कार्य सुबह से देर शाम तक चलता रहा।

बस्तौरा नारंग गांव के संपर्क मार्ग पर भी गंगा का पानी बढ़ता जा रहा है।

## एरिजोना राज्य के पहाड़ी इलाके में निजी हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट और तीन महिलाओं की मौत

एजेंसी

**सुपीरियर (अमेरिका)।** अमेरिका के एरिजोना राज्य के एक पहाड़ी इलाके में शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को एक निजी हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मृतकों में पायलट (59 वर्षीय), दो महिलाएं (21 वर्षीय) और एक महिला (22 वर्षीय) शामिल हैं। पिनाल काउंटी शेरिफ कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी। मृतकों के नाम अभी जारी नहीं किए गए हैं।

शेरिफ कार्यालय के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 11 बजे टेलीग्राफ कैन्यन के पास हुआ, जो फीनिक्स से करीब 64 मील (103 किलोमीटर) पूर्व में स्थित है। बताया



गया कि हेलिकॉप्टर पहाड़ों के बीच लगे एक मनोरंजन के लिए लगाए गए चौड़ी रस्सी से टकरा गया, जिसकी लंबाई एक किलोमीटर से अधिक थी।

शेरिफ कार्यालय ने बताया कि 911 पर कॉल करने वाले एक चश्मदीद ने कहा कि उसने हेलिकॉप्टर को उस रस्सी के एक हिस्से से टकराते हुए देखा, जिसके बाद वह नीचे खाई में गिर गया। इस हादसे की जांच संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) कर रहे हैं।

हेलिकॉप्टर ने क्वीन क्रीक शहर के एक हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी, जो दुर्घटनास्थल से करीब 29 मील (47 किलोमीटर) पश्चिम में है। दुर्घटनास्थल दूर-दराज का इलाका होने के कारण बचाव दल को पैदल पहुंचने में कई घंटे लगे। शेरिफ कार्यालय ने कहा, सुरक्षा कारणों के चलते हादसे के बाद उस इलाके के ऊपर उड़ानों पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई थी।

## पीएम मोदी को रूस और चीन के करीब ला रहा व्हाइट हाउस, ट्रंप के पूर्व सलाहकार जॉन बोल्टन का बयान

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने गुरुवार (स्थानीय समय) को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना की। उन्होंने भारत पर लगाए गए 50त्न टैरिफ को लेकर ट्रंप पर निशाना साधा और उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस और चीन के करीब लाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ट्रंप की टैरिफ नीति ने पिछले अमेरिकी प्रशासन की दशकों की मेहनत पर पानी फेर दिया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बोल्टन ने एक पोस्ट में कहा, व्हाइट हाउस ने पीएम मोदी को रूस और चीन के करीब लाकर अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है। बीजिंग ने खुद को अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया है।% उन्होंने ट्रंप की टैरिफ नीति की आलोचना करते हुए कहा कि इसने भारत को तत्कालीन सोवियत संघ (रूस) के साथ शीत युद्ध के संबंधों से दूर करने और चीन से बढ़ते खतरे से निपटने के दशकों के पश्चिमी प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है।

इससे पहले सोमवार (स्थानीय समय) को एक्स पर कई पोस्टों में बोल्टन ने ट्रंप पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया था। साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया था कि इस नीति ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप देने का अवसर दिया है।

बोल्टन ने अपने एक पोस्ट में कहा, पश्चिम ने दशकों से भारत को सोवियत संघ या रूस के साथ शीत युद्ध के लगाव से दूर करने की कोशिश की है और चीन की ओर से उत्पन्न खतरे के प्रति भारत को आगाह किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी विनाशकारी टैरिफ नीति से दशकों के प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है।

## न्यूयॉर्क में चलेगा मादुरो और उनकी पत्नी पर केस, अमेरिकी अटॉर्नी जनरल ने दी जानकारी

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने शनिवार को वेनेजुएला की राजधानी काराकास पर हमला बोला। अमेरिक वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को बंधक बनाकर अपने देश ले गए हैं। इसी बीच इस पूरे घटनाक्रम पर अमेरिकी अटॉर्नी का बयान सामने आया है। अमेरिका निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस पर मुकदमा चलाने की तैयारी कर रहा है।

अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने कहा है कि वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को न्यूयॉर्क में आरोप तय होने के बाद आपराधिक आरोपों का सामना करना पड़ेगा। बोंडी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह कपल जल्द ही अमेरिकी धरती पर अमेरिकी अदालतों में अमेरिकी न्याय का सामना करेगा। मादुरो पर 2020 में न्यूयॉर्क में आरोप तय किए गए थे, हालांकि यह साफ



नहीं है कि उनकी पत्नी पर भी आरोप तय किए गए थे।

अमेरिका के न्याय विभाग ने 2020 में वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो पर नार्को-आतंकवाद के गंभीर आरोप लगाए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान दायर कई अभियोगों में कहा गया कि मादुरो और उनके सहयोगियों ने वेनेजुएला को मादक पदार्थ तस्करों और आतंकी संगठनों के हित में काम करने वाले एक आपराधिक उद्यम में बदल दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, इस नेटवर्क के जरिए अरबों डॉलर की लूट की गई। उस समय के अटॉर्नी जनरल विलियम बोर ने इसे भ्रष्ट वेनेजुएला शासन करार दिया था।

न्यूयॉर्क में दायर एक आरोपपत्र में मादुरो और सत्तारूढ़ पार्टी के नेता कैबेलो पर कोलंबियाई विद्रोहियों और सैन्य अधिकारियों के साथ साजिश कर अमेरिका में कोकीन की बाढ़ लाने का आरोप लगाया गया। अभियोगों के साथ 14 अधिकारियों के नाम उजागर किए गए और मादुरो सहित पांच लोगों पर कुल 5.5 करोड़ डॉलर का इनाम घोषित किया गया, जिसे यूनाइटेड स्टेट्स न्याय विभाग ने ड्रग व्यापार को अमेरिका के खिलाफ हथियार बताकर उचित ठहराया।

## अमेरिका के कब्जे में मादुरो, वेनेजुएला के समर्थन नें उतरे रूस और ईरान

एजेंसी

**काराकस।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने वेनेजुएला पर अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे वेनेजुएला की संप्रभुता पर गंभीर हमला बताया। लूला ने कहा कि वेनेजुएला की धरती पर बमबारी और उसके राष्ट्रपति की गिरफ्तारी ने एक अस्वीकार्य सीमा लांघ दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी कार्रवाइयां पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकती हैं और लैटिन अमेरिका को शांति क्षेत्र के रूप में बनाए रखने के प्रयासों को नुकसान पहुंचाती हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इन हमलों का कड़ा जवाब देने की अपील की।

अमेरिका-वेनेजुएला तनाव के बीच चीन ने अपने नागरिकों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। सरकारी मीडिया के मुताबिक, चीनी अधिकारियों ने नागरिकों से अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने और स्थानीय हालात पर नजर रखने की अपील की है। यह सलाह क्षेत्रीय



हालात में तेजी से हो रहे बदलावों और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए जारी की गई है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने पूरे घटनाक्रम के दौरान कई बार शांतिपूर्ण विकल्प दिए, लेकिन वह इस बात पर पूरी तरह स्पष्ट थे कि ड्रग तस्करी किसी भी हाल में रुकनी चाहिए और अमेरिका से चुराया गया तेल वापस किया जाना चाहिए। बयान में कहा गया कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो अब यह समझ चुके हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप जो कहते हैं, उस पर अमल भी करते हैं। इस बयान में अमेरिकी विशेष बलों की भी जमकर तारीफ की गई। कहा गया कि बहादुर विशेष सैनिकों ने बेहद सटीक और प्रभावशाली अभियान को अंजाम दिया, जिसने अमेरिका की मंशा और क्षमता दोनों को साफ कर दिया। यह कार्रवाई ट्रंप प्रशासन की उस नीति का हिस्सा बताई गई, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून के उल्लंघन पर सख्त रुख अपनाया जाता है।

वेनेजुएला में सत्ता को लेकर बड़ी राजनीतिक हलचल के बीच खोजी पत्रकार लौरा लूमर ने शनिवार को दावा किया कि मौजूदा उपराष्ट्रपति डेल्सी को जल्द ही देश का अंतरिम राष्ट्रपति घोषित किया जा सकता है। लूमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सूत्रों के हवाले से कहा कि यह फैसला अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर किए गए बड़े सैन्य हमले के बाद लिया जा रहा है।

लूमर के अनुसार, अमेरिकी विशेष बलों द्वारा मादुरो की गिरफ्तारी के बाद सत्ता शून्यता की स्थिति पैदा हुई है, जिसे भरने के लिए डेल्सी को अंतरिम नेतृत्व सौंपे जाने की तैयारी है। हालांकि वेनेजुएला सरकार या आधिकारिक संस्थानों की ओर से अभी तक इस दावे की पुष्टि नहीं की गई है।

रूस के विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई को कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे सशस्त्र आक्रामकता करार दिया है। मंत्रालय ने शनिवार को टेलीग्राम पर जारी बयान में कहा कि वेनेजुएला को बिना किसी बाहरी, विशेष रूप से सैन्य हस्तक्षेप के, अपने भविष्य का निर्धारण करने का पूरा अधिकार है। बयान में कहा गया कि किसी भी तरह का दबाव या सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के सिद्धांतों के खिलाफ है।

रूस ने चेतावनी दी कि इस तरह के कदम क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर तनाव को और बढ़ा सकते हैं। मॉस्को ने सभी पक्षों से संयम बरतने और हालात को बिगड़ने से रोकने के लिए संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की। साथ ही रूस ने वेनेजुएला की जनता और सरकार के प्रति अपनी एकजुटता दोहराई। विदेश मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग का समर्थन करता है, ताकि मौजूदा स्थिति पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हो सके और किसी भी संभावित टकराव को रोका जा सके। रूस का कहना है कि लैटिन अमेरिका को शांति का क्षेत्र बने रहना चाहिए और किसी भी देश की संप्रभुता का उल्लंघन स्वीकार्य नहीं है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से जनपद के युवाओं को मिला नया संबल

- 5 लाख की सहायता से साकार हुआ युवाओं का उद्यमी बनने का सपना
- दुग्ध उत्पाद, जेन्ट्स पार्लर और डिजिटल सेवाओं में बढ़ी युवाओं की भागीदारी
- सी0 एम0 युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के सफलता की कहानी

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना जनपद जौनपुर के युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बन रही है। इस योजना के अंतर्गत जनपद के कई शिक्षित युवा स्वरोजगार स्थापित कर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन रहे है, साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं सेवाओं का विस्तार भी हुआ है। इसी क्रम में प्रदीप पाल, पुत्र राम आसरे पाल, निवासी ग्राम व पोस्ट जमैथा, जनपद जौनपुर ने बताया कि उन्होंने आईटीआई एवं बी0ए0 तक शिक्षा प्राप्त की है। पारिवारिक आर्थिक स्थिति सुदृढ़ न होने के कारण उन्होंने जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, जौनपुर से संपर्क कर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की जानकारी प्राप्त की। योजना के अंतर्गत जिला उद्योग केन्द्र जौनपुर एवं उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा अहमदपुर के सहयोग से उन्हें 5.00 लाख की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने ग्राम जमैथा में दुग्ध उत्पाद व्यवसाय की स्थापना की। वर्तमान में वे स्थानीय क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति कर रहे हैं तथा मुख्यमंत्री के के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने में योगदान दे रहे हैं। इसी प्रकार प्रिंस राज शर्मा, पुत्र राकेश शर्मा, निवासी ग्राम व पोस्ट नईगंज, जनपद जौनपुर ने बताया कि उन्होंने बी0ए0 तक शिक्षा प्राप्त की है। योजना की जानकारी प्राप्त कर जिला उद्योग केन्द्र जौनपुर एवं उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा पॉलिटेक्निक के माध्यम से 5.00 लाख की वित्तीय सहायता प्राप्त कर ग्राम नईगंज में जेन्ट्स पार्लर व्यवसाय की स्थापना की। वर्तमान में वे स्थानीय जनसमुदाय को सेवाएं प्रदान कर स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बने हैं। योजना के एक अन्य लाभार्थी गौरव कुमार यादव, पुत्र केदारनाथ यादव, निवासी ग्राम जर्रो, पोस्ट मल्हनी, ने एम0एस0सी0, बी0एड0 एवं बीटीसी तक शिक्षा प्राप्त की है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत जिला उद्योग केन्द्र जौनपुर एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा मल्हनी के सहयोग से 5.00 लाख की सहायता प्राप्त कर शाहगंज क्षेत्र के लपरी चौराहा में यथार्थ डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की। इसके माध्यम से डिजिटल शिक्षा सेवाएं प्रदान कर वे स्थानीय विद्यार्थियों को लाभान्वित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त भागवत प्रसाद, पुत्र हिन्छ लाल, निवासी ग्राम फतुही खुर्द, पोस्ट परियत, जनपद जौनपुर ने एम0ए0, बी0एड0 एवं सीसीसी तक शिक्षा प्राप्त की है। योजना के अंतर्गत जिला उद्योग केन्द्र जौनपुर एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा आलमगंज के सहयोग से 5.00 लाख की वित्तीय सहायता प्राप्त कर उन्होंने बरसठी क्षेत्र के गोरा पट्टी में भागवत जन सेवा केन्द्र की स्थापना की। इस सेवा केन्द्र के माध्यम से वे स्वयं के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को भी लाभान्वित कर रहे हैं। उपरोक्त सभी लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति सादर आभार व्यक्त किया है।

# माघ मेला के प्रथम स्नान को लेकर भारी वाहनों का डायवर्जन

- स्नानार्थियों हेतु सतहरिया चौकी के बगल वाहन पार्किंग के साथ शौचालय की व्यवस्था
- ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से मेले के दिन होगी निगरानी
- स्नान पर्व पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था
- आगामी माघ स्नान पर्व पर भीड़ अधिक होने पर वैकल्पिक मार्गो की व्यवस्था की गई है : प्रतिमा वर्मा

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** प्रयागराज माघ मेला के प्रथम स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा एवं थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में सतहरिया व प्रतापगढ़ तिराहा पर बैरिकेडिंग कर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन लागू किया गया है।

थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि प्रतापगढ़ तिराहा पर बैरिकेडिंग कर प्रयागराज से आने वाले भारी वाहनों को प्रतापगढ़ मार्ग से इटहरा होते हुए जौनपुर की ओर भेजा जा रहा है, जबकि जौनपुर से प्रयागराज जाने वाले भारी वाहनों को सतहरियाङ्कइटहरा मार्ग से प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज गाजीबाग होते हुए डायवर्ट किया गया है। यह व्यवस्था स्नान पर्व के एक दिन पूर्व से लेकर दूसरे दिन तक प्रभावी रहेगी। क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि जाम की समस्या से निपटने के लिए विस्तृत रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है। सतहरिया, सरोखनपुर, प्रतापगढ़ तिराहा, तरहठी मोड़ एवं इटहरा बॉर्डर पर डायवर्जन संबंधी संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं।

भीड़ अधिक होने की स्थिति में भारी एवं चार पहिया वाहनों को सरोखनपुर से जघई रोड स्थित माधुरी पैलेस से गोधूआ होते हुए तरहठी से पूरऊपुर तथा ऐसे ही प्रतापगढ़ रोड से दौलतिया हनुमान मंदिर के बगल से रामचौकी अंडर बाईपास से होते हुए पुरऊपुर से प्रयागराज मार्ग से वैकल्पिक मार्गो से डायवर्ट किया जाएगा। क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी वाहन चालक निर्धारित डायवर्जन मार्गो का पालन करें, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो।मेले से वापसी के दौरान वाहन मुंगराबादशाहपुर इटहरा बॉर्डर से हाइवे के माध्यम से जौनपुर व गोरखपुर की ओर भेजे जाएंगे। सतहरिया चौकी के पास वाहन पार्किंग एवं सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के दृष्टिगत एक दर्जन से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है।

## पौष पूर्णिमा पर किन्नर अखाड़े का भव्य गंगा स्नान



**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 के पहले स्नान पौष पूर्णिमा पर किन्नर अखाड़े ने पूरे वैदिक विधि-विधान के साथ गंगा स्नान और पूजा-अर्चना की। इस विशेष अवसर पर किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर आचार्य कल्याणी मां ने त्रिशूल लहराते हुए हर-हर गंगे के जयघोष के बीच गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। ढोल-नगाड़ों, मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में किन्नर अखाड़े का यह स्नान अत्यंत भव्य और आकर्षण का केंद्र रहा।

# राजमाता सुमित्रा देवी की पुण्य तिथि पर गरीबों मे वितरित किया गया कंबल, लोगों ने किया

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** बिंद्रा बाजार, ठेकमा ब्लॉक के बालपुर खरैला में एम एस डी पॉलिटेक्निक कैंपस में एम एस डी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन डॉ सन्तोष कुमार मिश्रा राजा साहेब ने अपनी माता, राज माता सुमित्रा देवी के द्वितीय पुण्य तिथि पर 02 जनवरी को 556 गरीब महिला व पुरुष को कंबल वितरण किया। इस अवसर पर ब्लड कैम्प में दर्जनों की संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। सर्व प्रथम राजा साहब ने राजमाता सुमित्रा देवी व महाराज पंडित त्रिपुरारी मिश्रा के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस कार्यक्रम में गांव क्षेत्र के हजारों लोग आए थे। कार्यक्रम का संचालन अवधेश शर्मा एडवोकेट ने किया। उसके बाद वक्तागण में अरुण पाठक, अर्जुन राय, डॉ राजेश उपाध्याय, राकेश तिवारी व्यास, रविन्द्र कुमार मिश्रा, चंद्रजीत राजभर, अभिषेक उपाध्याय, विंध्यवासिनी तिवारी, रविकांत तिवारी ने विचार रखे। डॉ सन्तोष कुमार मिश्रा राजा साहब ने अपने माता व पिता के बारे में बोलते हुए कहा कि मेरी माता कभी भी पक्षपात नहीं की, चाहे घर का विवाद हो, चाहे बाहर का, चाहे अपने बच्चों का हो, चाहे भाई भतीजा का। वो सबके साथ एक समान दृष्टि से समझाती थी। मेरी माता बहुत ही निडर और साहसी थी। कितना भी संकट हो कभी विचलित नहीं होती। मैने उनके गुण का अनुसरण किया। और उनके नाम से 2010 में एम एस डी पॉलिटेक्निक कॉलेज, एम एस डी आदर्श होम्योपैथी कॉलेज, मां विंध्यवासिनी सुमित्रा देवी एजुकेशनल ट्रस्ट और पिता के नाम पर भी पं. त्रिपुरारी मिश्रा महाविद्यालय और पंडित त्रिपुरारी मिश्रा फार्मेसी कॉलेज की स्थापना किया, जो दर्जनों की संख्या में संचालित हो रहे हैं। मेरे पिता भी आज से 40 साल पहले कलंदरपुर में जूनियर हाई स्कूल की स्थापना कर समाज को शिक्षित करने का कार्य किए और मैं भी उनके पद चिन्हों पर चल कर शिक्षा और समाज के लिए कार्य कर रहा हूं। मेरे बाबा रामनाथ जी भी ब्रिटिश काल में चार भाषा हिंदी संस्कृत अंग्रेजी उर्दू के प्रकांड विद्वान थे जो रेलवे विभाग में सरकारी सेवा किए, उनके चार पुत्र हुए स्व गौरी शंकर मिश्रा, स्व रामप्यारे, महाराज पंडित त्रिपुरारी मिश्रा और राम उग्रह मिश्रा,जिनका यह रिकॉर्ड है कि ये चारों भाई सरकारी सेवा में थे।और हम दोनों भाई भी सरकारी सेवा में है। मैं अपने माता पिता को भगवान मानता हूं उनका साथ छूट गया है लेकिन उनका आशीर्वाद सदैव मेरे ऊपर बना है। उनकी स्मृति में मूर्ति स्थल का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें उनकी मूर्ति स्थापित की जाएगी और सभी लोगों से यह निवेदन करता हूं कि आप अपने माता पिता का आदर और सम्मान जरूर करें। अंत में राजा साहब ने सभी लोगों को आभार प्रकट किए। कंबल वितरण और मिष्ठान वितरण के बाद कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर माघ मेला में अपराध निरोधक समिति ने की सेवा

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 के अंतर्गत पौष पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व के अवसर पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति, लखनऊ शाखा प्रयागराज द्वारा तीर्थराज प्रयाग के संगम सहित समस्त प्रमुख घाटों पर व्यापक सेवा अभियान संचालित किया गया। यह सेवा कार्य समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव एवं सचिव संतोष कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। समिति के सैकड़ों स्वयंसेवकों एवं पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान, सुचारु आवागमन, मार्गदर्शन, भीड़ नियंत्रण एवं आवश्यक सहायता प्रदान की। घाटों पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सतर्क करते हुए उन्हें सही मार्ग, समय एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई, जिससे स्नान पर्व शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका। सेवा कार्य में प्रमुख दायित्व निर्वहन करने वाले पदाधिकारी इस प्रकार रहे- संगम घाट पर नरेंद्र देव मिश्रा (टीम लीडर) आफताब, प्रशासनिक चौराहा, हर्षवर्धन चौराहा एवं काली मार्ग- विशाल श्रीवास्तव (नोडल प्रभारी), प्रशांत सिंह, प्रशासनिक चौराहा- नितिन श्रीवास्तव, अरेल, नैनी एवं वीआईपी घाट पर रामबाबू सिंह, सुधीर कुमार प्रजापति मनीष विश्वकर्मा, शिवकुमार सिंह, हर्षवर्धन चौराहा क्षेत्र- लक्ष्मीकांत मिश्रा, संदीप सोनी, संजय उपाध्याय, योगेश चौरसिया सहित सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने अधीनस्थ दलों के साथ पुलिस प्रशासन के सहयोग से श्रद्धालुओं को घाटों तक सुरक्षित पहुंचाने एवं स्नान उपरांत सुगम निकासी में सक्रिय भूमिका निभाई। सहयोगी प्रेमचंद स्वर्णकार, अजय रघुवंशी, मनोज सिंह, लक्ष्मीकांत मिश्रा, के ओझा, गीतांजलि मिश्रा, फोटो देवी, राम सजीवन, वकार अहमद अंसारी, आनंद सिंह, धीरेंद्र सिंह, राजेश निषाद ने अपनी अपनी टीमों के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा प्रदत्त ड्यूटी चार्ट के अनुसार टीमों का गठन कर उन्हें चिन्हित स्थानों पर समयानुसार रवाना किया गया।

# साइबर अपराध से जुड़ी हर समस्या का समाधान करेगा साइबर क्लब

**अवधनामा संवाददाता**

- पूर्वांचल विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा का बड़ा कदम : साइबर क्लब का बहुआयामी विस्तार
- साइबर जागरूकता के साथ अब निःशुल्क तकनीकी, विधिक व मनोवैज्ञानिक परामर्श भी
- हर विभाग में तैनात होंगे साइबर वालेंटियर्स, देंगे साइबर सुरक्षा संदेश

**जौनपुर।** डिजिटल दुनिया तेजी से बदल रही है और इस बदलाव के बीच बढ़ते साइबर अपराध चुनौती बन चुके है। इसी को ध्यान में रखते हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। विश्वविद्यालय में सुरक्षित डिजिटल वातावरण के लिए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विश्वविद्यालय के साइबर क्लब का विस्तार किया है। यह क्लब साइबर जागरूकता के साथ ही साइबर अपराध होने पर तकनीकी, विधिक और मनोवैज्ञानिक परामर्श भी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को निःशुल्क मुहैया करा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति में डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर को पुनः नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डॉ. अन्नू त्यागी सह नोडल अधिकारी एवं काउंसलर, डॉ. राहुल राय विधि परामर्शदाता और सत्यम उपाध्याय तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में शामिल हैं। यह टीम मिलकर साइबर अपराध की रोकथाम और डिजिटल सुरक्षा के लिए काम करेगी। साइबर क्लब जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही मनोवैज्ञानिक परामर्श, विधिक और तकनीकी सहायता भी देगा, ताकि कोई भी विद्यार्थी या कर्मचारी अकेला महसूस न करे। समिति ने ऑनलाइन बैठक कर विभागवार साइबर वॉलिंटियर्स नेटवर्क के जरिए नियमित डिजिटल संदेश भेजकर सभी विद्यार्थियों को निरंतर साइबर जागरूक करने का निर्णय लिया है। नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने बताया कि साइबर अपराध से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए साइबर क्लब द्वारा त्रि-स्तरीय सहायता मॉडल पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया गया है। इस मॉडल के अंतर्गत तकनीकी स्तर पर साइबर अपराध से संबंधित तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान, कानूनी स्तर पर पीड़ितों को शिकायत दर्ज कराने में सहायता तथा विधिक मार्गदर्शन एवं मानसिक स्तर पर साइबर अपराध से उत्पन्न तनाव, भय एवं मानसिक आघात से उबरने हेतु निःशुल्क मनोवैज्ञानिक परामर्श की व्यवस्था है।

## गंगा के तेज बहाव से बही पुलिया

**प्रयागराज।** पौष पूर्णिमा पर अक्षय वट मार्ग पर बनी पुलिया गंगा के तेज बहाव के कारण बह गई। मौके पर मौजूद मेला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए पानी के बहाव को दूसरी तरफ मोड़ा। अब यहां पर पुलिया की जगह पांटून पुल का निर्माण कराया जाएगा। यह पुलिया 15 दिन पहले बनाई गई थी। लोक निर्माण विभाग के जेई धीरेंद्र सिंह यादव का कहना है कि स्थायी टेंट में पानी घुसने से पहले बहाव का रुख दूसरी ओर करके स्थिति को नियंत्रित कर ली गई है।

## स्वरोजगार के लिए दस लाख ऋण पर मिलेगा पांच साल तक ब्याज अनुदान

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी दीपक मिश्रा ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य प्राप्त हो गया है। इस योजना में अधिकतम परियोजना लागत रू0 10.00 लाख तक बैंक ऋण हेतु कक्षा 8 उत्तीर्ण, पॉलीटेक्निक / आईटीआई उत्तीर्ण एवं पूर्व से कार्यरत परम्परागत कारीगर / अनुभवी व्यक्तियों, जो ग्रामीण क्षेत्र के मूल निवासी हो एवं ग्रामीण क्षेत्र में ही बैंक के माध्यम से ऋण लेकर स्वउद्यम स्थापित करने के इच्छुक हो तथा जिनकी उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच हो, आवेदन कर सकते है। योजना में सामान्य वर्ग के पुरूष लाभार्थी को कुल परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग (अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक एवं महिलाओं) को 05 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाना अनिवार्य है। बैंक से प्राप्त पूँजीगत ऋण पर (कार्यशील पूँजी को छोड़कर) सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थी को 04 प्रतिशत ब्याज के अलावा शेष ब्याज भुगतान जबकि आरक्षित वर्ग के सभी लाभार्थियों को पूँजीगत ऋण पर (कार्यशील पूंजी को छोडकर) सम्पूर्ण ब्याज भुगतान लगातार 05 वर्षों तक राज्य सरकार / विभाग द्वारा किया जायेगा। जो उद्यमी पूर्व में किसी अन्य सरकारी योजना में ऋण/अनुदान प्राप्त कर चुके है, पात्र नहीं है। ऐसे इच्छुक नये उद्यमी/लाभार्थी जो योजना की उपरोक्त पात्रता रखते हो और स्वउद्यम करना चाहते हो, वे http://cmegp.data-center.co.in पोर्टल पर विभिन्न वांछित दस्तावेजों की अपलोडिंग सहित आनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

# पौष पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई डुबकी

**अवधनामा संवाददाता**

- सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद



**प्रयागराज।** पौष पूर्णिमा के साथ माघ मेला 2026 का औपचारिक शुभारंभ हो गया। पहले स्नान पर्व पर देश के कोने-कोने आए लाखों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। आधी रात के बाद से ही संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। कड़ाके की ठंड और ठिठुरन के बावजूद आस्था का उत्साह कम नहीं हुआ। साधु-संतों, कल्पवासियों और आम श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार और हरिनाम संकीर्तन के बीच स्नान किया। पौष पूर्णिमा को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए थे। संगम क्षेत्र को कई जोन और सेक्टर में बांटा गया। प्रमुख स्नान घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। भीड़ प्रबंधन के लिए वन-वे ट्रैफिक प्लान लागू किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें नावों के जरिए लगातार गश्त करती रहीं। पौष पूर्णिमा पर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त रहा। पुलिस और फोर्स की निगरानी चप्पे-चप्पे पर दिखी। मेले में दोपहिया वाहनों का संचालन पूरी तरह से बंद कर दिया गया। ड्रोन कैमरे से पूरे माघ मेला और घाटों की निगरानी की जाती रही। संगम पर बने वॉच टॉवर के माध्यम से पुलिस संगम नोज और सभी घाटों पर नजर बनाए रखी। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी प्रशासन सतर्क रहा। संगम क्षेत्र और मेला परिसर में अस्थायी अस्पताल, एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीमें तैनात की गई। ठंड को देखते हुए अलाव, गर्म पानी और विश्राम स्थलों की व्यवस्था की गई। नगर निगम और स्वच्छता कर्मियों ने सुबह से ही सफाई अभियान चलाया ताकि घाटों पर स्वच्छता बनी रहे। माघ मेला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार, आने वाले स्नान पर्वों मौनी अमावस्या, वसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां और कड़ी की जाएंगी। श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए अतिरिक्त बल और संसाधन भी तैनात किए जाएंगे। कुल मिलाकर, पौष पूर्णिमा पर हुए पहले स्नान पर्व ने माघ मेले की शुरुआत हो गई है। आस्था, अनुशासन और प्रशासनिक तैयारी के इस संगम ने प्रयागराज को एक बार फिर आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित कर दिया है। माघ मेला प्रशासन के अनुसार पौष पूर्णिमा के अवसर पर सायं चार बजे तक 21 लाख 50 हजार श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। हर हर गंगे और जय गंगा मैया के जयकारों से पूरा मेला क्षेत्र गुंजायमान रहा। स्नान के बाद भक्तों ने माथे पर चंदन और ऊं, राम और राधे का निशान बनवाया। आगरा, वाराणसी, कानपुर सहित प्रदेश के कोने कोने से श्रद्धालु आए। महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त संगम में स्नान करने के लिए पहुंचे।

## सूचना

मैं निखत जबीं पत्नी मेराज अहमद सिद्दीकी निवासी 441/190 ए मालपुरम कॉलोनी जल निगम रोड बालागंज लखनऊ सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा सही नाम निखत जबीं है जो कि कहीं कहीं पर निखत मेराज सिद्दीकी लिख गया है जो जबकि दोनों नाम एक ही महिला के हैं मेरी बेटी मुनेज़ाह मेराज सिद्दीक़ी सीएमएस क्लास IV कि छात्रा है उसके रिकॉर्ड में भी निखत जबीं ही दर्ज किया जाये।

## आम सूचना

अजीम अहमद पुत्र स्व.अमीर अहमद निवासी चाद कालोनी,पीर वाली गली, गली न.16/22. थाना मंडी सहारनपुर इस सूचना के माध्यम से सभी को आगाह करता हूं कि मेरी पत्नी श्रीमती समरीन पत्नी अजीम अहमद पुत्री जहूर अहमद व सास श्रीमती रशीदा पत्नी जहूर अहमद व.फैसल और ससुर जहूर अहमद सभी निवासीगण खोखो के पास, प्राईमरी स्कूल,खाता खेडी थाना मंडी सहारनपुर ने लगातार मानसिक रूप से प्रड़तारित करते हुए मेरा जीना हराम कर दिया है मेरा दिनांक 10-11-2023 को श्रीमती समरीन पुत्री श्री जहूर अहमद निवासी उक्त के साथ मेरा निकाह सम्पन्न हुआ था, परन्तु निकाह के एक माह बाद से ही मेरी पत्नी श्रीमती समरीन बार 2 अपने घर का बहाना घर से निकल जाती थी और जब मैं उसके घर पहुंचता था तो कहा कि हमारी बेटी रहने आई है जब तक चाहेगी रहेगी तेरे साथ नहीं जाएगी तीन बार पुलिस में समरीन मेरी शिकायत भी कर चुकी है पुलिस ने समरीन को समझाया पर वोह मेरे साथ रहने को राज़ी नहीं है मेरे मकान के बैनामे को भी वोह मेरे घर के सारे समान के साथ उठा कर ले गई मुझ से बार बार रुपए मांगती है और रूपये ना देने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकियां दे रही है मेरी सास और ससुर भी मेरी पत्नी को अपने घर ही रखना चाहते हैं अतः में अपनी पत्नी और ससुराल के अत्याचार से तंग आकर उनसे कुल संबंध विच्छेद कर पत्नी को कुल ज़िम्मेदारी से बे दख़ल कर रहा हूं भविष्य में पत्नी और उसके परिवार के कृत्य हेतु में या मेरा परिवार किसी भी तरह से ज़िम्मेदार ना होंगा।

# चलती ट्रेन से फिसला यात्री, सब इंस्पेक्टर ने बचाई जान

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक यात्री की जान बाल-बाल बच गई। यह घटना आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत सामने आई है, जिसमें चलती ट्रेन से चढ़ते समय एक युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन तथा प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। समय रहते आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर ने साहस का परिचय देते हुए यात्री को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रेलवे के अनुसार यह घटना सुबह लगभग 08 बजकर 24 मिनट की है। ट्रेन संख्या 63237 डीडीयू-एसएफजी मेमू प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या 02 पर खड़ी थी। इसी दौरान 25 वर्षीय युवक, जिसकी पहचान विकेश पुत्र रामचंद्र के रूप में बताई जा रही है, चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। ट्रेन में चढ़ते समय उसका अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह अपने बैग सहित ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच की खतरनाक गैप में चला गया। घटना के समय प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ सब इंस्पेक्टर कार्तिक मिश्रा ने स्थिति को भांपते हुए बिना किसी देरी के दौड़ लगाई और साहस दिखाते हुए युवक को हाथ पकड़कर बाहर खींच लिया। उनकी त्वरित सूझबूझ और मुस्तैदी के कारण यात्री रेल लाइन की गैपिंग में गिरने से बच गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस पूरी घटना का दृश्य स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सावित्री बाई फुले ने महिलाओं को दिलाया था शिक्षा का अधिकारः अच्छेलाल

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** मौर्य समाज मुंगराबादशाहपुर के तत्वावधान में मौर्य समाज के उपाध्यक्ष मानिकचंद्र मौर्य के आवास पर माता सावित्री बाई फुले का जयंती समारोह संरक्षक संतलाल मौर्या की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। लोगों ने माता सावित्री बाई जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि समाज के अध्यक्ष अच्छेलाल मौर्य ने कहा कि भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले ने समाज में महिलाओं की भेदभावपूर्ण स्थिति को देखकर उन्हें शिक्षित करने का बीड़ा उठाया। वह कहती थी कि महिलाओं को पुरुषों की बराबरी करने के लिए शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है। अतिथियों में शत्रुघ्न मौर्य ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 1848 में भारत का पहला बालिका विद्यालय खोला था।और विधवा पुनर्विवाह वी सती प्रथा जैसी कुर्तियों के खिलाफ अभियान चलाया था ताकि समाज में महिलाओं को समानता का अधिकार मिल सके। वक्ताओं में ओम प्रकाश मौर्य, प्राचार्य प्रेम प्रकाश मौर्य, रमाकांत मौर्य,डा राहुल मौर्य, मंगल मौर्य व डीके तलवार आदि लोगों ने जब तक महिलाएं शिक्षित नहीं होगी, तब तक वह अपने हक व अधिकार के लिए लड़ने की क्षमता विकसित नहीं कर पाएगी।कार्यक्रम का संचालन डॉ राहुल मौर्य ने किया।इस अवसर पर प्राचार्य रवि मौर्य, राम लखन मौर्य, अरविंद मौर्य, लालू मौर्य, महेशचंद मौर्य, सुनील मौर्य, रविंद्र मौर्य, संतोष मौर्य, आनंद मौर्य, विशाल मौर्य व प्रशांत आदि लोग मौजूद रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम इरफान अब्दुल लतीफ शाह है। किंतु पहले इरफान शाह नाम था जिसकी वजह से मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम इरफान शाह अंकित हो गया है, जिसमें मेरी जन्मतिथि 01-01-1987 दर्ज है। जबकि वास्तविक रूप से मेरे आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम इरफान अब्दुल लतीफ शाह पुत्र अब्दुल लतीफ शाह है तथा मेरी जन्मतिथि 01-01-1987 ही है। अतः आधार कार्ड में अंकित विवरण के अनुसार मेरे पासपोर्ट में नाम संशोधन कराए जाने की आवश्यकता है।

इरफान अब्दुल लतीफ शाह
पुत्र अब्दुल लतीफ शाह
निवासीः ग्राम-इंद्री ग्रांट टोला
बड़ेपूर्वा, पोस्ट-खडसरी
बाजार, थाना-कठेला समय
माता, तहसील-इटवा
जिला-सिद्धार्थनगर।

## न्यायालय सूचना

न्यायालय मा.अपर ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश,कक्ष सं 14 सहारनपुर। प्रकीर्ण वाद संख्या.186 सन 2025 इस्लामिया एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसाइटी इकराम उल हक़ मौहल्ला देवबंद प. व तह. देवबंद (सहारनपुर)द्वारा प्रबन्धक श्री अजीम मुलहक़ पुत्र श्री इकराम उल हक निवासी मकान नम्बर 436 मौहल्ला अबुलमाली देवबंद जिला सहारनपुर आधार न. 6268 0777 6891 मो. 78601 78618 ---प्रार्थी... (बनाम)...1...मौ. याकूब पुत्र श्री मौ0 शरीफ निवासी मकान नम्बर 434 मौहल्ला गुज्जर वाडा परगना व तह. देवबंद ज़ि. सहारनपुर अध्यक्ष इस्लामिया एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसाइटी इकराम उल हक़ मौहल्ला अबुलमाली देवबंद परगना व तहसील देवबंद जिला सहारनपुर 2.खलील अहमद पुत्र श्री अब्दुल हमीद निवासी मकान 454 लाल मस्जिद देवबंद परगना व तहसील देवबंद जिला सहारनपुर उपाध्यक्ष इस्लामिया एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसाइटी इकराम उल हक़ मौहल्ला अबुलमाली देवबंद प. व तह. देवबंद ज़ि. सहारनपुर 3.सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स सहारनपुर मण्डल सहारनपुर 4.उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिलाधिकारी, सहारनपुर 5.आम जनता...(प्रतिवा दीगण) प्रार्थना पत्र अन्तर्गत (धारा 5 क उत्तर प्रदेश संशोधन सोसायटी रजि स्ट्रेशन एक्ट 1860) एतद्द्वारा आपको इत्तिला दी जाती है कि उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में अपना प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-5 क उत्तर प्रदेश संशोधन सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के दायर किया है और वाद पत्र में वर्णित संपत्ति को बैंक में बंधक रख कर ऋण प्राप्त करने की अनुमति देने की प्रार्थना की है लिहाज़ा आप को हुक्म होता है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ़ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 7 माह 1 सन 2026 को प्रातः दस बजे मेरे न्यायालय में उपसंजात हों ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जाएगा।.विवरण सम्पत्ति....स्थित देवबंद मजबता पट दोयम अंदर हदूद नोन जेड. ए. (म्युनिसपल बोर्ड) कस्बा देवबंद पश्च व तहश्च देवबंद, ज़ि.सहारनपुर बकदर भाग यानि अपना कुल हक व हिस्सा खेवट संख्या 1160/2 खतौनी साल 1417 फसली खसरा नं. 3431 /4/3 रकबई 0.635 हे. मय जुमला हक हकूक हर प्रकार बाबत भूमि उक्त। आज दिनांक 2/01/2026 को मेरे द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम/प्रस्तुतकर्ता...न्यायालय अपर जिला जज कक्ष सं (14) सहारनपुर**

# स्कोडा का सिल्वर जुबली साल बना अब तक का सबसे शानदार साल

**लखनऊ।** स्कोडा ऑटो ने 2025 को अपनी भारत यात्रा में अब तक का सबसे अहम साल बताया। इसने देश में अपनी 25वीं सालगिरह को अपनी अब तक की सबसे मज़बूत सेल्स परफ़ॉर्मेंस के साथ मनाया। ब्रैंड ने 2025 को 72,665 कारों की बिक्री के साथ खत्म किया, जो 2024 में बेची गई 35,166 यूनिट्स की तुलना में साल-दर-साल 107 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

यह शानदार परफॉर्मेंस 2025 को स्कोडा ऑटो इंडिया का अब तक का सबसे शानदार साल बनाती है, जो प्रोडक्ट्स, मार्केट्स और कस्टमर टचपॉइंट्स में हुई तेज़ी को दिखाती है। इस खास साल पर कमेंट करते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर, आशीष गुप्ता ने कहा साल 2025 हमारे लिए हमेशा खास रहेगा। यह भारत में हमारी 25वीं सालगिरह है, और हमने यह साल अब तक के सबसे बेहतर और अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ देखा है, और अब हम नेटवर्क और मार्केट में अपनी सबसे बड़ी

**बढ़ोतरी**

**ब्रैंड ने 2025 को 72,665 कारों की बिक्री के साथ खत्म किया, जो 2024 में बेची गई 35,166 यूनिट्स की तुलना में साल-दर-साल 107 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।**

मौजूदगी के मामले में सबसे आगे हैं। इस सबने, हमारे ग्राहकों के भरोसे और प्यार के साथ मिलकर, इसे भारत में अब तक का हमारा सबसे शानदार साल बनाया है। कायलाक को मिला ज़बरदस्त रिस्पॉन्स, कोडियाक के लिए लगातार तारीफ़, और ऑक्टाविया आरएस की वापसी के लिए जोश, ब्रैंड के साथ ग्राहकों के मज़बूत इमोशनल जुड़ाव को और पक्का करता है। इसके साथ ही, जिन कारों, कुशाक और स्लाविया, से



हमारी इंडिया 2.0 जर्नी शुरू हुई, उनकी लगातार डिमांड बनी हुई है। जैसे ही हम 2026 में कदम रख रहे हैं, हम इस मोमेंटम को नए प्रोडक्ट अटैक, बेहतर सेल्स और आफ्टरसेल्स इनिशिएटिव्स, और अपनी पहुंच बढ़ाने और अपने ग्राहकों के करीब आने पर और भी ज़्यादा फोकस के साथ आगे बढ़ाने की उम्मीद करते हैं।

अपनी पकड़ बनाए रखना 2025 में स्कोडा ऑटो इंडिया का परफॉर्मेंस एक आसान प्रोडक्ट और नेटवर्क स्ट्रेटेजी पर आधारित था। कायलाक एक मुख्य ग्रोथ ड्राइवर के तौर पर उभरा, जिसने ब्रैंड की एक्सेसिबिलिटी को काफी बढ़ाया, जबकि कुशाक और स्लाविया के लिमिटेड एडिशन ने पूरे लाइन-अप में वैल्यू और फ्रेशनेस के अहसास को बढ़ाया। कोडियाक ने प्रीमियम एसयूवी स्पेस में स्कोडा की प्रेजेंस को मजबूत किया, और ऑक्टाविया आरएस की वापसी ने ब्रैंड की परफॉर्मेंस लेगेसी को फिर से रोशन कर दिया।

साल के दौरान, स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2021 से 200,000 से ज़्यादा लोकल तौर पर बनी कारों की बिक्री का माइलस्टोन भी पार किया, साथ ही 183 शहरों में 325 से ज़्यादा कस्टमर टचपॉइंट तक अपनी पहुंच बढ़ाई, जिससे पूरे भारत में यूरोपियन इंजीनियरिंग को पहुँचाने का उसका कमिटमेंट और मज़बूत हुआ।

नेटवर्क विस्तार का एक बड़ा हिस्सा भारत में स्कोडा ऑटो के लंबे समय के डीलर पार्टनर्स के साथ किया गया है, साथ ही ग्राहक को महत्व देने के प्रूवन ट्रैक रिकॉर्ड वाले नए पार्टनर्स को भी शामिल किया गया है।

# डी.सी. थापर ट्रॉफी मेगा स्पोर्ट्स इवेंट

**लखनऊ।** वास्तुविदों एवं भवन निर्माण उद्योग से जुड़े पेशेवरों के लिए डी.सी. थापर ट्रॉफी मेगा स्पोर्ट्स इवेंट का औपचारिक शुभारंभ आज किया गया। यह आयोजन 4 जनवरी को बीबीडी विश्वविद्यालय स्टेडियम, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत आठ टीमें प्रतिष्ठित डी.सी. थापर ट्रॉफी के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेंगी। क्रिकेट के अतिरिक्त टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम एवं सुडोकू जैसी इनडोर खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। इस बहु-खेल आयोजन में 500 से अधिक वास्तुविदों एवं भवन उद्योग से जुड़े पेशेवरों की भागीदारी अपेक्षित है, जिससे यह आयोजन क्षेत्र के सबसे बड़े पेशेवर खेल आयोजनों में से एक होगा।

इस आयोजन का संचालन आयोजन समिति के अध्यक्ष आर्किटेक्ट केशव कुमार एवं आर्किटेक्ट अजय बहल के नेतृत्व में किया जा रहा है।




इस मेगा स्पोर्ट्स इवेंट में सात प्रतिष्ठित पेशेवर संस्थाएं भाग ले रही हैं-

1. लखनऊ आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन
2. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स - यूपी चैप्टर
3. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर्स - लखनऊ रीजनल चैप्टर
4. इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स, इंडिया
5. इंडियन प्लंबिंग एसोसिएशन
6. यंग आर्किटेक्ट्स क्लब एसोसिएशन
7. फोरम ऑफ वूमन आर्किटेक्ट्स

शुभारंभ समारोह में लखनऊ आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आर्किटेक्ट प्रशांत पाल सिंह सहित आर्किटेक्ट रिपुंजय पटेल, आर्किटेक्ट देवेश मणि, आर्किटेक्ट आशुतोष वर्मा, आर्किटेक्ट अवनीश, आर्किटेक्ट अविरल, आर्किटेक्ट विशाल एवं आर्किटेक्ट संदीप आर्किटेक्ट अनूप श्रीवास्तव एवं आर्किटेक्ट पुष्पेंद्र उपस्थित रहे।

इस आयोजन का उद्देश्य वास्तुविदों एवं संबद्ध पेशेवरों के बीच खेल भावना, आपसी सहयोग और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करना है।

# विनिर्माण गतिविधि में सुस्ती: निर्यात ऑर्डर की रफ्तार सुस्त



**नई दिल्ली।** दिसंबर 2025 में देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां कमजोर पड़ीं और यह दो साल के निचले स्तर पर पहुंच गईं। नए निर्यात ऑर्डर और कुल बिक्री में वृद्धि की रफ्तार धीमी होने से एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर में घटकर 55 रह गया, जबकि नवंबर में यह 56.6 था।

नए निर्यात ऑर्डर और बिक्री में वृद्धि की रफ्तार धीमी होने के कारण देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां दिसंबर, 2025 में दो साल के निचले स्तर पर आ गईं। शुक्रवार को जारी एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर में कम होकर 55 पर आ गया। नवंबर, 2025 में विनिर्माण पीएमआई 56.6 के स्तर पर रहा था।

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की कार्यकारी निदेशक (अर्थशास्त्र) पॉलियाना डी लीमा ने कहा, वृद्धि की रफ्तार धीमी होने के बावजूद भारत के विनिर्माण उद्योग ने 2025 का समापन अच्छी स्थिति में किया। नए व्यवसायों में आई तीव्र बढ़ोतरी से कंपनियों को वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में व्यस्त रहने की उम्मीद है। इसके साथ ही, प्रमुख महंगाई का दबाव कम होने से कंपनियों को मांग के मोर्चे पर आगे भी समर्थन मिलते रहने की उम्मीद है। सर्वे के मुताबिक, परिचालन क्षमता पर दबाव में कमी के बीच दिसंबर, 2025 में रोजगार में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली। इस अवधि के दौरान रोजगार सृजन की रफ्तार सबसे कम दर्ज की गई। लीमा ने निकट भविष्य को लेकर कहा, घरेलू कंपनियों को नए साल यानी 2026 में वर्तमान स्तर की तुलना में उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है। लेकिन, समग्र भावना का स्तर लगभग साढ़े तीन वर्ष में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया है। घरेलू विनिर्माण कंपनियों का मानना है कि प्रतिस्पर्धी कीमतें नए साल में दूसरे क्षेत्रों से नया बिजनेस लाने में मदद कर सकती हैं। एजेंसी लीमा ने कहा, दो वर्ष में नए ऑर्डर में सबसे कमजोर उछाल के बीच उत्पादन वृद्धि घटकर 38 महीनों के निचले स्तर पर आ गई। कुल बिक्री में आई मंदी का एक कारण अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में धीमी वृद्धि भी रही। नए निर्यात ऑर्डर में पिछले 14 महीनों में सबसे कम वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी ओर, एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया के ग्राहकों की ओर से बेहतर मांग देखने को मिली। कीमतों के मोर्चे पर कहा गया है कि मूल्य महंगाई की दर घटकर नौ महीने के निचले स्तर पर आ गई है।

# रियल एस्टेट में पीई निवेश 59% बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट में निजी इक्विटी (पीई) निवेश 2025 में सालाना आधार पर 59 फीसदी बढ़कर 6.7 अरब डॉलर पहुंच गया। सेविल्स इंडिया के मुताबिक, कुल पीई निवेश का 76 फीसदी विदेशी संस्थागत पूंजी से आया। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस वृद्धि में विदेशी निवेशकों की प्रमुख भूमिका रही। कार्यालय सेगमेंट को सबसे अधिक 2.4 अरब डॉलर का निवेश मिला, जो कुल प्रवाह का 35.3 फीसदी है।

मारुति सुजुकी इंडिया लि. ने कैलेंडर वर्ष 2025 में 22.55 लाख गाड़ियों का रिकॉर्ड वार्षिक उत्पादन दर्ज किया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 9.3 फीसदी अधिक है। कंपनी ने शुक्रवार को कहा, यह लगातार दूसरा वर्ष है जब सालाना उत्पादन 20 लाख इकाइयों के पार पहुंच गया। 2025 में उत्पादन के लिहाज से फ्रॉन्क्स, बलेनो, स्विफ्ट, डिजायर और अर्टिगा कंपनी के शीर्ष पांच मॉडल रहे।

चीन की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी बीवाईडी ने भारत में अपनी एसयूवी सीलियन-7 के प्रीमियम संस्करण की कीमत में 50,000 रुपये की वृद्धि की है। कंपनी ने लागत में हो रहे बदलाव को इसकी वजह बताया। बीवाईडी इंडिया ने कहा, मूल्य वृद्धि एक जनवरी से लागू है। नई बुकिंग संशोधित कीमतों पर होगी। सीलियन-7 प्रीमियम संस्करण की कीमत 48.9 लाख से बढ़कर 49.4 लाख रुपये हो गई है।

अदाणी एंटरप्राइजेज लि. (एईएल) ने सुरक्षित, रेटेड और सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के अपने तीसरे सार्वजनिक निर्गम की घोषणा की है। इसका कुल आकार 1,000 करोड़ रुपये रखा गया है। कंपनी ने कहा, निर्गम 6 जनवरी को खुलेगा और 19 जनवरी को बंद होगा। इसमें निवेशकों को सालाना 8.90 फीसदी तक रिटर्न मिलेगा।

उद्योगों को बैंक की ओर से दिया जाने वाला नया कर्ज नवंबर, 2025 में 9.6 फीसदी बढ़ गया, जबकि नवंबर, 2024 में यह 8.3 फीसदी था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, सालाना आधार पर 28 नवंबर, 2025 तक की दो सप्ताह की अवधि में गैर-खाद्य बैंक कर्ज में 11.4 फीसदी की वृद्धि हुई। एक साल पहले की समान अवधि में यह 10.6 फीसदी बढ़ा था।

आंकड़ों के मुताबिक, कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों को दिए गए ऋण में सालाना आधार पर 8.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। व्यक्तिगत ऋण क्षेत्र में सालाना आधार पर 12.8 फीसदी की वृद्धि रही, जबकि 2024 की समान अवधि में यह 13.4 फीसदी थी। ऑटो लोन और सोने के आभूषण बदले कर्ज में वृद्धि बनी हुई है, जबकि होम लोन और क्रेडिट कार्ड बकाया राशि में धीमी वृद्धि देखी गई। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जैसे क्षेत्रों में कर्ज वृद्धि में सुधार देखा गया। रियल एस्टेट क्षेत्रों में भी अच्छी वृद्धि रही।

# गिग मॉडल की असली ताकत है लचीलापन: दीपिंदर गोयल

**नई दिल्ली।** जोमैटो के डिलीवरी पार्टनर्स की कमाई को लेकर उठ रहे सवालों के बीच कंपनी के संस्थापक दीपिंदर गोयल ने गिग मॉडल का मजबूती से बचाव किया है। उन्होंने बताया कि 2025 में जोमैटो डिलीवरी पार्टनर्स की औसत प्रति घंटे की कमाई 10.9% बढ़कर 102 रुपये हो गई है, जो 2024 में 92 रुपये थी।

दीपिंदर गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए आंकड़ों में कहा कि अगर कोई डिलीवरी पार्टनर दिन में 10 घंटे और महीने में 26 दिन काम करता है, तो उसकी कुल मासिक कमाई करीब 26,500 रुपये होती है। ईंधन और रखरखाव जैसे खर्च निकालने के बाद नेट आय लगभग 21,000 रुपये बैठती है। यह गणना लॉग-इन समय पर आधारित है, जिसमें इंतजार का समय भी शामिल है।

**गिग मॉडल का लचीलापन ही इसकी पहचान**

गोयल ने साफ किया कि जोमैटो का गिग मॉडल फुल-टाइम नौकरी




का विकल्प नहीं, बल्कि लचीला और अतिरिक्त आय का साधन है। 2025 में एक औसत डिलीवरी पार्टनर ने 38 दिन काम किया, जबकि केवल 2.3% पार्टनर्स ने 250 दिन से ज्यादा काम किया। उन्होंने कहा कि गिग वर्कर्स से पीएफ या तय सैलरी जैसी फुल-टाइम सुविधाओं की मांग इस मॉडल की मूल भावना के खिलाफ है।

**10 मिनट डिलीवरी पर सफाई**

गोयल ने लिखा, राइडर्स के ऐप में कोई टाइमर नहीं होता और न ही उन्हें यह पता होता है कि ग्राहक को डिलीवरी का क्या समय बताया गया है। हम राइडर्स को तेज गाड़ी चलाने के लिए नहीं कहते। इस प्रक्रिया की गणित को समझाते हुए उन्होंने लिखा, ब्लिंकइट पर ऑर्डर देने के बाद आपका सामान 2.5 मिनट के भीतर पैक कर दिया जाता है। फिर डिलीवरी करने वाला लगभग 8 मिनट में औसतन 2 किलोमीटर से कम की दूरी तय करता है। यानी उसकी औसत गति 16 किमी प्रति घंटा होती है।

सुरक्षा के मुद्दे पर गोयल ने कहा कि सभी डिलीवरी पार्टनर्स का मेडिकल और लाइफ इंश्योरेंस होता है। गोयल के मुताबिक, जोमैटो और ब्लिंकिट ने 2025 में डिलीवरी पार्टनर्स के बीमा पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए। इसमें 10 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा, 1 लाख रुपये का मेडिकल कवर और लॉस ऑफ पे इंश्योरेंस शामिल है। इसके अलावा महिलाओं के लिए पीरियड रेस्ट डेज, आयकर फाइलिंग सहायता और नेशनल पेंशन स्कीम जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं। साथ ही, डिलीवरी में देरी होने पर राइडर्स पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाता। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि सालाना 65% राइडर्स काम छोड़ देते हैं, जो यह साबित करता है कि लोग इसे अस्थायी तौर पर ही करते हैं।

# तमिलनाडु में एश्योर्ड पेंशन स्कीम का एलान

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की राजनीति और अर्थव्यवस्था के केंद्र में लंबे समय से लंबित पेंशन विवाद पर मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। राज्य विधानसभा में तमिलनाडु एश्योर्ड पेंशन स्कीम (टीएनएपीएस) की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने उन लाखों सरकारी कर्मचारियों की अनिश्चितता को समाप्त करने की कोशिश की है, जो 2003 के बाद से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली के लिए संघर्ष कर रहे थे। इस योजना का सीधा लाभ उन कर्मचारियों को मिलेगा जो 1 अप्रैल 2003 के बाद सरकारी सेवा में शामिल हुए हैं। अब तक ये कर्मचारी अंशदायी पेंशन योजना (सीपीएस) के दायरे में थे, जहां रिटर्न बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर था। नई योजना के तहत, 25 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने वाले कर्मचारी को उनके अंतिम आहरित वेतन का 50त्न सुनिश्चित पेंशन के रूप में दिया जाएगा।

इतना ही नहीं, इस योजना में पारिवारिक पेंशन के प्रावधान और समय-समय पर महंगाई भत्ते (डीए) के साथ महंगाई राहत (डीआर) को भी जोड़ा गया है, जो इसे पुरानी पेंशन योजना के काफी करीब ले आता है। तमिलनाडु का यह मॉडल केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) की तर्ज पर तैयार किया गया लगता है, जहां राजस्थान और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों ने पूरी तरह से ओपीएस पर लौटने का जोखिम उठाया था, वहीं तमिलनाडु ने एक हाइब्रिड मॉडल चुना है।

**छह लाख कर्मचारियों पर सीधा प्रभाव**

तमिलनाडु में वर्तमान में लगभग छह लाख सरकारी कर्मचारी और शिक्षक इस बदलाव के केंद्र में हैं। हालांकि, कर्मचारी यूनियनों के भीतर एक वर्ग अब भी बिना किसी अंशदान वाली ओपीएस की मांग कर रहा है, जिससे आने वाले समय में कुछ दबाव बने रहने की संभावना है।

# उड़ान से पहले आरजे बनने का मौका: चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और रेडियो मिर्ची की अनूठी पहल

**लखनऊ।** रेडियो मिर्ची के सहयोग से अदाणी समूह ने मिर्ची के 'नो आरजे स्टूडियो' के ज़रिए लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को एक लाइव और सहभागी रेडियो हब में बदल दिया। अदाणी समूह के 'हर सफ़र के हमसफ़र' अभियान के तहत यात्रियों को माइक तक लाने और उड़ान से पहले ही आरजे बनने का अनुभव लेने का आमंत्रण दिया गया। उड़ान का इंतज़ार कर रहे यात्री हवाई अड्डे की आवाज़ बन गए। उन्होंने अपनी निजी यात्रा कहानियाँ साझा कीं, जिन गंतव्यों को लेकर वे उत्साहित थे उनके बारे में बात की, यात्रा से जुड़े उपयोगी टिप्स बताए, अपने पसंदीदा गानों की फरमाइश की और अन्य यात्रियों से सहज, बिना स्क्रिप्ट के संवाद किया। इन पलों ने टर्मिनल की लय ही बदल दी। जो जगह आमतौर पर टाइम टेबल और आवाजाही से पहचानी जाती है, वह बातचीत, मुस्कान,



हँसी और साझा अनुभवों से भर गई। रेडियो अब केवल सुनने का माध्यम नहीं रहाकृवह एक ऐसा मंच बन गया, जिसमें लोग सक्रिय रूप से भाग लेने लगे। नो आरजे स्टूडियो ने 'हर सफ़र के हमसफ़र' के असली मायने को जीवंत कियाकृयह दर्शाते हुए कि अदाणी एयरपोर्ट्स केवल बुनियादी ढाँचे और संचालन तक सीमित न रहकर, उससे आगे बढ़कर सार्थक अनुभव रचते हैं। यह अदाणी समूह की 'हम करके दिखाते हैं' भावना को भी प्रतिबिंबित करता है, जहाँ ज़मीनी स्तर पर वास्तविक कार्रवाई के माध्यम से अनुभव-आधारित कहानी कही गई। रेडियो, लाइव इंटरैक्शन और डिजिटल स्टोरीटेलिंग के सहज एकीकरण के ज़रिए रेडियो मिर्ची और अदाणी समूह ने चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ पर एक प्रभावशाली और यादगार अनुभव को सह-रचना कियाकृऐसा अनुभव, जो यात्रियों के साथ उनकी यात्रा शुरू होने के बाद भी लंबे समय तक बना रहा।

# फोनपे ने धोखाधड़ी वाले ट्रांजेक्शन से यूजर को बचाने के लिए फ़ोनपे प्रोटेक्ट लॉन्च किया

फोनपे ने फोनपे प्रोटेक्ट लॉन्च किया है यह एक ऐसा सुरक्षा सिस्टम है जिसे यूज़र्स को धोखेबाज़ी वाले ट्रांजेक्शन से बचाने के लिए बनाया गया है। यह नया फीचर यूज़र्स को उन नंबरों पर पैसे भेजने से बचने के लिए नोटिफाई करता है जो संदिग्ध हो सकते हैं। जब कोई यूज़र ऐसे ट्रांजेक्शन की कोशिश करता है, तो स्क्रीन पर फोनपे प्रोटेक्ट का अलर्ट दिखाई देता है। यह फीचर सुरक्षा कारणों से ट्रांजेक्शन कैंसिल होने पर उसमें शामिल जोखिमों के बारे में भी जानकारी देता है। इस पहल के साथ, फोनपे लाखों भारतीय नागरिकों के लिए सुरक्षित डिजिटल ट्रांजैक्शन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मज़बूत करता है। फोनपे प्रोटेक्ट एक ऐसे सिस्टम का उपयोग करता है जो डिपार्टमेंट ऑफ़ टेलीकम्यूनिकेशन फाइनेंशियल फ्रॉड रिस्क इंडिकेटर फीचर द्वारा चिह्नित संदिग्ध (यानी खतरा वाला) मोबाइल नंबरों और उनसे जुड़े ट्रांजैक्शन का पता लगाकर उन्हें ब्लॉक कर देता है। इस नए फ़ीचर पर बात करते हुए, फोनपे के ट्रस्ट और सुरक्षा प्रमुख, अनुज भंसाली ने कहा, फोनपे में, पेमेंट सुरक्षा सबसे ऊपर है, और हमने अपने ग्राहकों को सुरक्षित रखने के लिए कई पहल किए हैं। फोनपे प्रोटेक्ट सुरक्षित वित्तीय सिस्टम बनाने की हमारी सोच को दर्शाता है, जहाँ हर एक ट्रांजेक्शन आसानी और सुरक्षित रूप से किया जा सके। इस फ़ीचर के साथ, हमने एक मज़बूत सुरक्षा सिस्टम बनाया है जो हमारे 61 करोड़ से ज़्यादा यूज़र्स (31 मार्च 2025 तक) को साइबर हमलों से बचाता है। यह सिर्फ एक सुरक्षा फीचर नहीं है, बल्कि भारत के लिए एक सुरक्षित डिजिटल पेमेंट सिस्टम बनाने की हमारी कोशिश है। हमें पूरा भरोसा है कि यह हमारे यूज़र्स को सुरक्षित और आसान पेमेंट का अनुभव देग। फोनपे प्रोटेक्ट का लक्ष्य धोखेबाज़ों को अनजाने में पैसे भेजने की संभावना को कम करना और अवैध वित्तीय गतिविधियों को रोकना है। अगर सुरक्षा कारणों से कोई ट्रांजेक्शन कैंसिल हो जाता है, तो यह स्पष्ट और सही जानकारी देकर यूज़र का भरोसा भी बढ़ाता है।

# होमलेन 100 नए स्टोर्स के साथ देशभर में विस्तार की तैयारी

**बेंगलुरु।** भारत की मशहूर होम इंटीरियर कंपनी होमलेन के लिए बीता साल बड़ी सफलता लेकर आया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंत शानदार मुनाफे के साथ किया है। इस दौरान होमलेन ने 22% की सालाना बढ़त दर्ज करते हुए 756 करोड़ रुपये की कमाई की। सबसे खास बात यह रही कि चौथी तिमाही तक आते-आते कंपनी पूरी तरह मुनाफे की राह पर आ गई।इस उपलब्धि को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने अब अगले एक साल में 100 नए फ्रैंचाइज़ी स्टोर्स खोलने का लक्ष्य रखा है। होमलेन का इरादा अब सिर्फ बड़े मेट्रो शहरों तक सीमित रहने का नहीं, बल्कि छोटे और उभरते शहरों के घर-घर तक पहुंचने का है होमलेन का फ्रैंचाइज़ी मॉडल दो तरह से काम करता है पहला FOCO (निवेश पार्टनर का, संचालन कंपनी का) और दूसरा हाल ही में शुरू हुआ FOFO (निवेश और संचालन दोनों पार्टनर के)। साल 2025 में होमलेन ने अपनी मौजूदगी का दायरा बढ़ाते हुए 40 से ज्यादा शहरों में 55,000 से अधिक घरों को




सजाया है। आज आलम यह है कि कंपनी हर दिन औसतन 30 घरों का इंटीरियर तैयार कर रही है। चाहे दिल्ली-मुंबई जैसे महानगर हों या जयपुर, कोच्चि और सिलीगुड़ी जैसे छोटे शहर, होमलेन अपनी अत्याधुनिक तकनीक और सटीक सप्लाई चेन के जरिए हर जगह एक जैसा शानदार काम दे रही है। होमलेन के सीईओ और सह-संस्थापक श्रीकांत अय्यर ने कहा, 2025 में हमने जो हासिल किया है, वह तो बस एक शुरुआत है। यह होमलेन की ग्रोथ के एक नए और रोमांचक दौर का आगाज़ है। अपने फ्रैंचाइज़ी नेटवर्क और काम करने के तरीके को मजबूत बनाकर हम देश के कोने-कोने तक हाई-क्वालिटी इंटीरियर पहुँचाने में सफल रहे हैं। 2026 में हमारा पूरा फोकस बड़े शहरों में अपनी पकड़ मजबूत करने और नए बाजारों में उतरने पर होगा। हम चाहते हैं कि घर बनवाना हर भारतीय के लिए एक आसान और सुखद अनुभव बने। हमें पूरा भरोसा है कि अपने पार्टनर्स और अपनी टेक्नोलॉजी के दम पर हम इस इंडस्ट्री में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव लाएंगे। 2025 में डिज़ाइनकैफे के अधिग्रहण ने होमलेन को मार्केट लीडर के रूप में स्थापित कर दिया है। कंपनी ने न केवल अपना नेटवर्क बढ़ाया, बल्कि अपने घाटे को भी 121.7 करोड़ से घटाकर 80 करोड़ रुपये पर समेट लिया है। एबिटा लॉस को -15% से कम करके -9.9% ले आई। 2024 में मिली 225 करोड़ की नई फंडिंग के साथ कंपनी अब 2026 में पूरे साल का मुनाफा कमाने के लिए तैयार है। साल 2026 के लिए होमलेन ने अपने फ्रैंचाइज़ी नेटवर्क को और भी सशक्त बनाने की रणनीति तैयार की है। कंपनी का विशेष ध्यान मुंबई और एनसीआर जैसे प्रमुख महानगरों के साथ-साथ उन टियर-2 और टियर-3 शहरों पर है, जहाँ विकास की अपार संभावनाएँ हैं। अपने एसेट-लाइट फ्रैंचाइज़ी मॉडल और तकनीक पर आधारित कार्यप्रणाली को और अधिक मजबूत करते हुए, होमलेन ग्राहकों को समय पर और भरोसेमंद डिलीवरी का भरोसा दे रहा है।

# आईसीआईसीआई प्रु लाइफ ने ग्राहकों को जीएसटी लाभ दिया, जिससे बीमा सस्ता हुआ

**गोरखपुर।** टर्म इंश्योरेंस किसी भी व्यक्ति की वित्तीय योजना का एक अहम् हिस्सा होता है। यह परिवार के लिए आय के विकल्प के रूप में काम करता है, ताकि यदि कमाने वाला सदस्य अब न रहे तो भी परिवार अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा किया जा सके। हाल ही में भारत सरकार ने एक बड़ा सुधार लागू किया है, जिसके तहत सभी बीमा पॉलिसीज़ को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। पहले ग्राहकों को प्रीमियम राशि पर 18 प्रतिशत जीएसटी देना पड़ता था। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति की प्रीमियम 100 रुपए थी, तो उस पर 18 रुपए अतिरिक्त जीएसटी देना होता था। अब इस छूट के बाद व्यक्ति को सिर्फ 100 रुपए ही चुकाने होंगे। इससे जीवन बीमा और टर्म इंश्योरेंस दोनों योजनाएँ सस्ती हो गई हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने ग्राहकों को इस जीएसटी छूट का पूरा लाभ दिया है, जो कंपनी की ग्राहकों को सर्वोत्तम मूल्य देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे बीमा योजनाएँ अब और भी किफायती और हर भारतीय परिवार के लिए सुलभ हो गई हैं। अब देखते हैं कि इसका टर्म इंश्योरेंस की कीमतों पर क्या असर हुआ है। पहले 30 वर्ष के एक पुरुष (गैर-धूम्रपान करने वाले) को 1 करोड़ रुपए के जीवन कवर और 30 वर्ष की अवधि के लिए 825 रुपए मासिक प्रीमियम (जीएसटी सहित) देना पड़ता था। अब उसी व्यक्ति को केवल 699 रुपए मासिक प्रीमियम देना होगा। इसी तरह, 30 वर्ष की महिला (गैर-धूम्रपान करने वाली) के लिए पहले यह राशि 697 रुपए (जीएसटी सहित) थी, जो अब घटकर सिर्फ 594 रुपए रह गई है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, श्री विकास गुप्ता ने कहा, हमारा मानना है कि सच्चा मूल्य वही है, जो ग्राहक के हित में हो।

# कुशीनगर में भैंसहा पुल का मानचित्र जारी, 4.5 किमी लंबा पुल बदलेगा दियारा की तकदीर



- भैंसहा पुल निर्माण को मिली वित्तीय स्वीकृति, मानचित्र जारी
- 4.5 किमी लंबा, 11.5 मीटर चौड़ा पुल 715.73 करोड़ में बनेगा।
- कुशीनगर-महाराजगंज के 50 हजार लोगों को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

**शकील अहमद**

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** नारायणी नदी के भैसहा घाट पर बनने वाले पुल की वित्तीय स्वीकृति मिलने के साथ ही कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश स्टेट ब्रिज कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से मानचित्र जारी कर दिया गया है। टोपो ग्राफिकल सर्वे रिपोर्ट में पुल का पूरा प्रारूप और परियोजना को स्पष्ट किया गया है। 715.73 करोड़ की लागत से बनने वाला यह पुल लगभग 4.500 किमी लंबा और 11.5 मीटर चौड़ा होगा। इस पर 7.5 मीटर चौड़ी टू-लेन सड़क बनेगी। 150 से 160 पीलर पर पुल को खड़ा किया जाएगा।

बता दें कि छितौनी बांध के भैंसहा घाट से दियारा में स्थित कुशीनगर व महाराजगंज के गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पक्का पुल के निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ने लगी है। विधायक विवेकानंद पांडेय की पहल पर शासन ने अनुमति दे दी है। कुशीनगर के हरिहरपुर, बसंतपुर, मरिचहवा, शिवपुर व भैसहा के टोला बालगोविंद छपरा, शाहपुर गांव के टोला विंध्यांचलपुर और महराजगंज के शिकारपुर, भोथहां, सोहगीबरवा आदि गांवों की लगभग 50 हजार आबादी का सपना पूरा होने वाला है। पुल के प्रारूप में पक्की सड़क, जल निकासी व्यवस्था, बिजली के पोल और दोनों तरफ ऊंची रेलिंग का निर्माण शामिल है। बरसात के दिनों में दियारावासियों का संपर्क मुख्य मार्ग से कट जाता था। पुल का निर्माण होने से दियारा के लोगों को आवागमन की परेशानी नहीं होगी। छात्रों, रोगियों, किसानों व व्यवसायियों की सुरक्षित आवाजाही बनी रहेगी। सर्वे रिपोर्ट प्री-टेंडर और प्रशासनिक स्वीकृति के लिए जारी की गई थी। वित्तीय स्वीकृति के साथ आगणन भी स्वीकृत हो गया है।

# प्रसिद्ध समाजसेवी डा. वी.के. वर्मा ने जरूरतमंदों में बांटा कम्बल, लिया आशीर्वाद



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** श्रीमती मुराली देवी मानव सेवा एवं शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित पटेल एस. एम.एच. हास्पिटल एवं पैरा मेडिकल कालेज गोटवा एवं अन्य सहयोगी संस्थानों के सौजन्य से प्रबन्धक डा. वी.के. वर्मा ने डा. वी. के. वर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस बसुआपार, मुराली देवी बालिका इण्टर कालेज जिला अस्पताल के आयुष विंग में जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण किया गया

डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि समाज के सम्पन्न लोग गरीबों की हर संभव मदद करे तो लोगों को कडाके की ठंड का सामना नहीं करना पड़ेगा। बताया कि उनके द्वारा निरन्तर जरूरतमंदों में कम्बल का वितरण जारी है। अपने कार में वे कम्बल रखते हैं और जैसे ही कोई पात्र मिलता है उसे कम्बल देते हैं। कहा कि ठंड पड़ने तक यह सिलसिला जारी रहेगा। ज्ञात रहे कि डा. वर्मा पिछले कई वर्षो से कडाके की ठंड में जरूरतमंदों में कम्बल वितरण का सिलसिला जारी रखे हुये हैं। निदेशक आलोक रंजन ने कहा कि जरूरतमंदों में कम्बल वितरण के साथ ही पात्र लोगों का शिविर लगाकर हास्पिटल की ओर से उपचार भी किया जाता है।

# सांसद ने मृतक निशांत के परिजनों से मिलकर बढ़ाया ढांढस

- परिजनों को हर संभव मदद दिलाने के लिए आश्वस्त किया



मृतक निशांत के परिजनों को ढांढस बढ़ाते सांसद

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नैका छपरा टोला अम्मरपुर निवासी निशांत सिंह उर्फ शक्तिमान सिंह की हत्या की घटना को लेकर क्षेत्र में शोक व आक्रोश का माहौल है। इस जघन्य हत्या को अत्यंत दुःखद, निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शनिवार को कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे एवं हाटा विधायक मोहन वर्मा मृतक के परिजनों से मिले और उन्हें ढांढस बंधाया।

सांसद विजय कुमार दूबे ने शोकाकुल परिजनों को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस जघन्य अपराध में संलिप्त सभी दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सांसद ने मौके पर उपस्थित क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह एवं थाना अध्यक्ष कसया अभिनव मिश्रा से वार्ता कर अभियुक्तों पर एनएसए सहित अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए। दूरभाष पर जिलाधिकारी कुशीनगर से वार्ता कर हर संभव मदद दिलाने के लिए निर्देशित किया। सांसद श्री दूबे ने कहा कि वह स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलकर पूरे घटना के बारे अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि दंडात्मक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि जनपद की शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था को भंग करने वालों को कड़ा संदेश दिया जा सके। कुशीनगर की शांतिपूर्ण सामाजिक परंपरा को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अराजकता को कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हाटा सुधीर राव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशीनगर राकेश जायसवाल, चमन यादव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मद्धेशिया, विनोद कुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राजेश राव, मुकेश कुमार राव, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, रामानुज मिश्रा, राणा विजय सिंह, रामबचन सिंह, उदयभान सिंह, डॉ. रविश सिंह, आशुतोष पाण्डेय, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा पांडे, सुमित त्रिपाठी, सीता गुप्ता, रूपम सिंह, पवन दुबे, विकास पांडे, अजय पाण्डेय, अजय गुप्ता, विनोद गिरी, आदित्य मिश्रा, अविनाश पांडे, गोपाल राव, चन्दन शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं कसया थाना की पुलिस टीम उपस्थित रही।

# पुलिस और जनता के बीच रात्रि संवाद का उद्देश्य अपराध पर लगाम



**अवधनामा संवाददाता**

- लक्ष्मीपुर में प्रधान अकमल हुसैन ने सुरक्षा के संबंध में सीओ से किए चर्चा

**मथौली, कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के निर्देशन में ग्राम सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कुशीनगर पुलिस का ग्राम सुरक्षा समिति संवाद अभियान जारी है। इसकी क्रम में सीओ कसया कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर पंचायत भवन व नरायनपुर में रात्रि चौपाल कर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के संबंध में चर्चा की है।

बता दें कि जनपद में अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा पुलिस-जनता के बीच विश्वास एवं सहयोग को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से बीती रात ग्राम सुरक्षा समिति के साथ ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर व नरायनपुर में ग्राम सुरक्षा समिति के साथ संवाद एवं गोष्ठी आयोजित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कप्तानगंज दीपक कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज मथौली अंकित कुमार, प्रधान अकमल हुसैन उपस्थित रहे।

# विद्यालय भ्रमण के दौरान शिक्षक एमएलसी ने शिक्षकों की समस्याएं सुनी

- शिक्षकों का सम्मान सर्वोपरि : एमएलसी अफाक अहमद

**अवधनामा संवाददाता**



जीएमयू इंटर कालेज में शिक्षकों के साथ सारण शिक्षक एमएलसी अफाक अहमद

**सेवरही, कुशीनगर।** पड़ोसी प्रान्त बिहार के पश्चिमी चंपारण जिला स्थित सीमावर्ती प्रखण्ड ठकराहा के जीएमयू इंटर कालेज में शिक्षक एमएलसी अफाक अहमद ने शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। तथा उसके निदान के लिए सड़क से सदन तक आवाज उठाने की बात कही।

शनिवार को दोपहर में उक्त विद्यालय पहुंचे सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी अफाक अहमद ने अचानक शिक्षकों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी तथा उसके निदान के लिए हर संभव कोशिश करने की बात कही। इस दौरान प्रधानाध्यक निखिल कुमार सिंह एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला पार्षद ओम प्रकाश राय ने विशिष्ट शिक्षकों की सेवा निरंतरता, बीपीएससी शिक्षकों की तबादला में विलंब, समय से वेतन भुगतान, पुरानी पेंशन व्यवस्था सहित तमाम तरह की समस्या रखी।उन्होंने शिक्षकों के हर मुद्दे पर अपनी सहमति जताते हुए उसके लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि शिक्षक हित एवं शिक्षकों के सम्मान से कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा।उन्होंने क्लास रूम, शिक्षक सदन, पुस्तकालय, व्यायामशाला, प्रयोगशाला आदि का निरीक्षण कर विद्यालय हिट से संबंधित तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया।

इस दौरान माध्यमिक शिक्षक संघ के अनुमंडल सचिव मधुरेंद्र सिंह, शिक्षक नेता विपिन प्रसाद यादव, अमित श्रीवास्तव, रणवीर कुमार, प्रेम शंकर उपाध्याय, अजीत कुमार, रवि प्रकाश चौबे, रोहित तिवारी, राघवेंद्र सिंह, सुधाकर यादव, दिलीप तिवारी,मुन्ना यादव, सेराज अंसारी, सुनील तिवारी, सत्येंद्र यादव, राहुल कुमार पाण्डे, राज प्रकाश गुप्ता, विज्ञानानंद मिश्रा, अर्चना कुमारी, नीता, आरोही आनंद, नीतू कुशवाहा, माला कुमारी आदि मौजूद रहे।

# तरयालछीराम में स्वामी विवेकानन्द जयंती पर भव्य आयोजन

- 12 जनवरी को, युवाओं से बड़ी सहभागिता की अपील

**अवधनामा संवाददाता**



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** राष्ट्र निर्माण और मानव कल्याण के महान संदेशवाहक स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर तरयालछीराम में एक भव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जीवन ज्योति जागृति मिशन के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में देश व प्रदेश के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और विचारक शामिल होंगे, वहीं आयोजकों ने विशेष रूप से युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है। युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जीवन ज्योति जागृति मिशन द्वारा वर्ष 1999 से निरन्तर स्वामी विवेकानन्द जयंती का आयोजन किया जा रहा है।

तरयालछीराम स्थित मिशन परिसर में श्रीरामकृष्ण परमहंस, माँ शारदा एवं स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमाएँ स्थापित हैं। परिसर न केवल आध्यात्मिक गतिविधियों का केन्द्र है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्वामी विवेकानन्द पुस्तकालय एवं वाचनालय के माध्यम से युवाओं को अध्ययन व मार्गदर्शन की सुविधा दी जा रही है। वहीं परमहंस विद्याभवन नामक विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक मान्यता प्राप्त शिक्षा दी जा रही है, जहाँ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। हाईस्कूल तक की मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे से एक भव्य गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 दिनेश शर्मा (पूर्व उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद) होंगे। मुख्य मार्गदर्शक के रूप में अनिल जी, क्षेत्र प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (पूर्वी उत्तर प्रदेश) उपस्थित रहेंगे।

विशिष्ट अतिथियों में आर0पी0एन0 सिंह (पूर्व केन्द्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद), विजय कुमार दूबे (सांसद, कुशीनगर), शशांक मणि त्रिपाठी (सांसद, देवरिया), डॉ0 असीम कुमार (विधायक, तमकुहीराज), शलभ मणि त्रिपाठी (विधायक, देवरिया), विवेकानन्द पाण्डेय (विधायक, खड्डा), सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा (विधायक, फाजिलनगर), विनोदशंकर चौबे व शम्भूनाथ (सेवानिवृत्त आईएएस), प्रमोद मिश्र (अध्यक्ष गुरु यशिष्ठ न्यास, लखनऊ) तथा दुर्गेश राय (जिलाध्यक्ष, भाजपा कुशीनगर) शामिल होंगे। इस आयोजन के सूत्रधार एवं कार्यक्रम आयोजक नन्द किशोर मिश्र, पूर्व विधायक सेवरही एवं अध्यक्ष जीवन ज्योति जागृति मिशन, तरयालछीराम हैं।

# अमेठी और रायबरेली के गरीबों के लिए राहुल गांधी ने भेजे हैं कम्बल, वितरण शुरू

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** रायबरेली से सांसद और गांधी परिवार के वारिस राहुल गांधी ने कड़ाके की ठंड से बचाव को अमेठी और रायबरेली के गरीबों, निराश्रितों और जरूरतमंदों के लिए कम्बल भेजें है। रायबरेली में इन कम्बलों का वितरण शुरू हो गया है । अमेठी में कम्बलों के वितरण के लिए शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में कार्ययोजना तैयार की गई।

घने कोहरे और शीतलहर के चलते इस समय जनजीवन प्रभावित है। ठंड के मौसम में निराश्रितों और गरीबों को कम्बल वितरण का कार्यक्रम सरकार की ओर से चल रहा है। स्वयंसेवी संगठन और सामाजिक कार्यकर्ता भी अपनी क्षमता के अनुसार जनसेवा के काम में लगे हुए हैं। ?हाल ही में सांसद राहुल गांधी की ओर से भेजे गए कम्बल अमेठी और रायबरेली पहुंच गए हैं। सलोन विधानसभा से इनका वितरण शुरू हुआ है।

सांसद किशोरीलाल शर्मा के निर्देश पर जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की देखरेख में प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने विधानसभा क्षेत्र तिलोई में कंबल वितरण की शुरुआत की है।

तिलोई के न्याय पंचायत शाहमऊ, ढोढनपुर और अलाईपुर में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इससे पहले भी, कोरोना काल के दौरान राहुल गांधी ने अमेठी वासियों के लिए खाद्य सामग्री, दवाएं, ऑक्सीजन सिलेंडर और कंसंट्रेटर भेजवाए थे। इन्हें पार्टी पदाधिकारियों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया गया था। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि उन्हें भीषण ठंड में परेशानी का सामना न करना पड़े।

राहुल गांधी ने ठंड से बचाव के लिए कंबल भेजकर एक बार फिर अमेठी से अपना पारिवारिक रिश्ता बरकरार रखने का संदेश दिया है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता परमानंद मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष काशी प्रसाद पासी, न्याय पंचायत अध्यक्ष इरशाद खान, सुधांशु प्रताप सिंह और देवीशंकर जी मौजूद रहे।

# अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री द्वारा हजारों असहाय लोगों को कम्बल वितरित किया गया

**अवधनामा संवाददाता, टांडा अम्बेडकरनगर।** नववर्ष पर अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री विद्युतनगर द्वारा आस पास गांवों के आर्थिक रूप से कमज़ोर विकलांग एवं निराश्रित असहाय लोगों को सीमेंट फैक्ट्री के प्रबन्धक नागेश उपाध्याय के नेतृत्व में हजारों लोगों को कम्बल वितरित किया कम्बल का वितरण फैक्ट्री के सीएसआर फंड के माध्यम से किया गया जिससे इस भीषण ठंड से लोगों को बचाव करने में मदद मिल सके। कम्बल वितरण के दौरान यूनिट हेड श्री उपाध्याय ने ग्राम प्रधानों व ग्रामवासियों को नववर्ष की हार्दिक बधाई दी।कम्बल वितरण के दौरान यूनिट के एचआर हेड के के तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के सहयोग यूनिट हेड के द्वारा विगत कई वर्षो से किया जा रहा है श्री तिवारी ने कहा कि यूनिट के माध्यम से इस प्रकार का राहत देने वाला कार्य लगातार जारी रहेगा जिससे असहाय लोगों को सहयोग मिलता रहे कम्बल वितरण के दौरान यूनिट के अवधेश राय सुदीप पांडे मनोज शाह व गांव बिहरा फतेपुर कनहौड़ा मखदूमनगर हुँसेपुर ग्रामसभा के प्रधानों का कार्यक्रम में शामिल होने पर उनका आभार प्रकट किया।

# जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में हुई एस आई आर पर गंभीर चर्चा



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में एस आई आर के मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई। पार्टी संगठन को मजबूत करने और जनता की समस्यायों के हल के सभी पदाधिकारियों को सम्पर्क और संवाद मजबूत करने के संदेश दिए गए।

जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य मुद्दा एसआईआर को लेकर रहा, जिस पर विस्तृत एवं गंभीर चर्चा की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देती रही है। एसआईआर से संबंधित विषय पर पार्टी की स्पष्ट नीति और दृष्टिकोण को कार्यकर्ताओं के सामने रखा गया तथा आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर उस नीति और व्यवस्था का विरोध करेगी जो आम जनता के हितों के खिलाफ हो। बैठक में परमानंद मिश्र, मनीषा चौहान अध्यक्ष न.पा.प.जायस, पूर्व प्रत्याशी फतेह बहादुर, आशीष शुक्ला, प्रवक्ता अनिल सिंह, मतीन, अर्जुन पासी, किरन देवी, धर्मराज बहेलिया, अकमल, सर्वेश सिंह, राजीव लोचन तिवारी मौजूद रहे।

# नगर में चलाया गया यातायात जागरूकता अभियान, यातायात नियमों की दी गई जानकारी



**अवधनामा संवाददाता, अमेठी।** शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय दिवस पर यातायात पुलिस जनपद में जागरूकता अभियान चलाकर नगर में आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी । वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने व निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाने की अपील की गयी तथा जागरूकता संबंधी पंफ्लेट वितरित किये गये । यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 190 वाहनों का चालान कर 2,40,000 रुपये जुर्माना योजित किया गया ।

# पीड़ित परिवार से मिले विधायक पी.एन पाठक



**अवधनामा संवाददाता, कसया, कुशीनगर।** शनिवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने मृतक निशांत उर्फ शक्तिमान सिंह के घर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि हर कदम परिवार के साथ खड़े है। विधायक में इस नृशंस हत्याकांड घटना की कड़ी निंदा की। पीड़ित परिवार को विश्वास दिलाते हुए कहा कि जिन्होंने यह घटना की है उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो नजीर बनेगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना और हरसंभव सहयोग करना उनकी प्राथमिकता है। दिलाया साथ ही मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों को दूरभाष से वार्ता कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए सख्त निर्देश दिए। इस दौरान पनियरा विधायक ज्ञानेश सिंह, एसडीएम कसया डॉ संतराज सिंह बघेल, थानाध्यक्ष कसया अभिनव मिश्रा, विकास पांडेय, मोनू पांडे, आदित्य मिश्र, विनोद गुप्ता, प्रदीप दुबे, रूपेश तिवारी, अंकुर दुबे, विनय, राजेश राव समेत सैकड़ों ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक तरबगंज ब्लॉक सभागार में संपन्न

**अवधनामा संवाददाता, गोण्डा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मंडल अध्यक्ष अनिल द्विवेदी व गोण्डा के जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी के दिशा-निर्देशानुसार तहसील अध्यक्ष तरबगंज योगेश पाण्डेय की अध्यक्षता में शनिवार को ब्लॉक सभागार तरबगंज में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसील व ब्लॉक क्षेत्र के पत्रकारों ने सहभागिता की। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए सदस्यता अभियान, नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराना, ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी के गठन सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श कर संगठन को मजबूत करने और पत्रकार हितों के लिए एकजुट रहने पर जोर दिया गया। वहीं ब्लॉक स्तरीय इकाई का गठन किया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष जयदीप शुक्ल, ब्लॉक महामंत्री की जिम्मेदारी प्रमोद पांडेय को दायित्व सौंपा गया। बैठक में प्रमुख रूप से योगेश पाण्डेय, जयदीप शुक्ला, दीपक कौशल, रामकुमार कौशल, रमेश मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय, अमित कुमार पाण्डेय, शिव पूजन पाण्डेय, धनंजय तिवारी, सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# खाद की कालाबाजारी पर पुलिस का शिकंजा, बिहार भेजी जा रही 52 बोरियां जब्त



**अवधनामा संवाददाता**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी डीबनी बंजारावा की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बिहार भेजी जा रही खाद की खेप पकड़ी है। पुलिस ने दो अलग-अलग वाहनों से 46 बोरी यूरिया खाद व 6 बोरी केमिकल ज़ब्त कर विधिक कार्यवाही शुरू किया जा रहा है।

मालूम हो कि शनिवार को चौकी प्रभारी डीबनी बंजारावा अवनीश कुमार सिंह पुलिसकर्मियों दिनेश पांडेय व पवन कुमार के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि दो वाहनों के माध्यम से खाद की अवैध तस्करी बिहार की ओर की जा रही है। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने एक वाहन को लोकापट्टी तथा दूसरे को हाईवे पर माधोपुर बुजुर्ग के पास से पकड़ लिया।वाहन चालकों से खाद से संबंधित वैध कागजात मांगे गए, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में चालकों ने बताया कि खाद परसौनी बाजार स्थित कुशवाहा खाद भंडार से लोड की गई है। इसके बाद दोनों वाहनों को चौकी पर खड़ा कर जिला कृषि अधिकारी को सूचना दी गई।सूचना पर एडीओ एग्रीकल्चर तमकुहीराज मदन गौतम मौके पर पहुंचे और संबंधित खाद दुकान पर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में स्टॉक रजिस्टर और भौतिक स्टॉक का मिलान नहीं हो सका, जिसके बाद स्टॉक रजिस्टर को सीज कर दिया गया है। अवकाश के चलते अंगूठा मशीन का सत्यापन नहीं हो सका, जिसे सोमवार को कराया जाएगा।चौकी प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि किसानों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि कुछ दुकानदार रात के अंधेरे में रासायनिक उर्वरक बिहार भेज रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस सतर्क थी। पूरे मामले की सूचना उपजिलाधिकारी को भी दे दी गई है।वहीं दुकानदार का दावा है कि पकड़ी गई यूरिया खाद किसानों को वितरित की जा चुकी है और उसका विवरण वितरण पंजिका में दर्ज है। मामले में जिला कृषि अधिकारी मेनका सिंह से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। फिलहाल जांच का केंद्र बिंदु अंगूठा मशीन और वितरण रिकॉर्ड बना हुआ है।

# सलेमगढ़ में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई माता सावित्रीबाई फुले की जयंती



सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण करते

**अवधनामा संवाददाता**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक माता सावित्रीबाई फुले की जयंती शनिवार को सलेमगढ़ कस्बे में पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक समानता और नारी सशक्तिकरण के उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

जानकारी हो कि सीमावर्ती कस्बा सलेमगढ़ में 3 जनवरी को माता सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद गोष्ठी में वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले के संघर्षपूर्ण जीवन और समाज सुधार के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला।वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने उस दौर में महिलाओं और दलित समाज को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का साहसिक कार्य किया, जब समाज में भेदभाव और कुरीतियां गहराई से व्याप्त थीं। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा के लिए विद्यालय खोलकर सामाजिक बदलाव की मजबूत नींव रखी और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता धनंजय राय ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने उनके योगदान को भारतीय समाज के इतिहास में अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में धीरज सैनी ग्राम प्रधान, माधोपुर बुजुर्ग, राजू पटेल एवं ज्ञानेश्वर सैनी (प्रदेश अध्यक्ष, माली सैनी समाज) ने भी अपने विचार रखे और समाज को शिक्षा व समानता के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया।कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार दिनानाथ सैनी, अशोक कुमार द्विवेदी, करेश पांडेय, राम बाबू मिश्र एवं ललन गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। आयोजन महात्मा माली के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही।कार्यक्रम का समापन माता सावित्रीबाई फुले के आदर्शों को आत्मसात करने तथा समाज में शिक्षा, समानता और नारी सशक्तिकरण को और मजबूत करने के संकल्प के साथ किया गया।

# फिरोजाबाद में जिला ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के सामाजिक गलियारों में वैचारिक ऊर्जा का संचार हुआ, जब जिला ब्राह्मण महासभा (पंजीकृत) की महत्वपूर्ण मासिक बैठक का भव्य आयोजन भगवान परशुराम शिविर, रामलीला मैदान के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस गरिमामयी सभा की अध्यक्षता जिला ब्राह्मण महासभा के यशस्वी जिलाध्यक्ष पंडित शिव कुमार शर्मा (अधिवक्ता) द्वारा की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन की आगामी कार्ययोजना तैयार करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और विप्र समाज के युवाओं के लिए विकास के नए अवसर सृजित करना था। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पंडित शिव कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन की शक्ति उसकी एकता और सक्रियता में निहित है। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक संगठन की पहुंच होनी चाहिए ताकि हम सामूहिक रूप से सामाजिक उत्थान के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। विचार-विमर्श के दौरान पंडित प्रीति शर्मा ने अत्यंत महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखते हुए कहा कि हमें अपनी जाति के साथ-साथ अन्य समाजों के प्रति भी उदारता और श्रेष्ठता के आधार पर सम्मान का भाव रखना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना



जिलाध्यक्ष पंडित शिव कुमार शर्मा के नेतृत्व में समाज की एकजुटता और युवा उत्थान का संकल्प

और संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करना आज की प्राथमिक आवश्यकता है।

शिक्षा और बौद्धिक विकास के क्षेत्र में पंडित मुकेश गौड़ ने सुझाव दिया कि ब्राह्मण समाज के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए नियमित रूप से श्सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताश् का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसी गतिविधियों से युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना जगेगी और वे राष्ट्र निर्माण में अपना बेहतर योगदान दे सकेंगे। वहीं, पंडित सीताराम शर्मा ने समाज के विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि ब्राह्मण का दृष्टिकोण सदैव व्यापक और समावेशी रहा है। उन्होंने दूसरे समाज के लोगों के साथ भावनात्मक जुड़ाव और समाज में अटूट एकता स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा व्यक्त करते हुए पंडित श्रीमती कमलेश शर्मा ने संकल्प लिया कि वे समाज सेवा के कार्यों में तन, मन और धन से पूरी तरह समर्पित रहेंगे। इसी क्रम में पंडित प्रदीप शर्मा गुड्डा पहलवान ने संगठन की मजबूती को सर्वोपरि बताते हुए युवाओं को एकजुट होने का संदेश दिया। बैठक में समाज की प्रगति के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी आम सहमति बनी। इस बैठक में जिले के प्रमुख गणमान्य विप्र बंधुओं की उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष पंडित शिव कुमार शर्मा (एड.), पंडित संदीप तिवारी, पंडित मिथलेश शर्मा, पंडित सीताराम शर्मा, पंडित राघवेन्द्र कुमार, पंडित डा0 राजेन्द्र प्रताप शर्मा, पंडित संजय कुमार पाराशर, पंडित लक्ष्मण प्रसाद तिवारी, पंडित मुकेश गौड़, पंडित अश्वनी शर्मा, पंडित सुनील वशिष्ठ, पंडित दिनेश वशिष्ठ, पंडित प्रशांत वशिष्ठ, पंडित कमलेश शर्मा, पंडित ललिता, पंडित प्रीति शर्मा, पंडित गीता शर्मा, पंडित विमल कुमार शर्मा, पंडित स्नेह शर्मा, पंडित आषी वशिष्ठ, पंडित प्रदीप शर्मा पहलवान और पंडित आशीष दीक्षित उपस्थित रहे।

# जीरो फेटेलिटी को लेकर संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित



**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 3033/तीस-3-2025 दिनांक 31.12.2025 के निर्देशानुसार 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 02 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय दिवस बस, ट्रक, ऑटो, ई-रिक्शा एवं टैक्सी चालकों तथा उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ जीरो फेटेलिटी (शून्य मृत्यु) के लक्ष्य को लेकर एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग से बचाव, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग सहित सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। इसके साथ ही सभी उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में सौरभ कुमार, आरटीओ, श्यामलाल, एआरटीओ, गुलाब चंद्र, एआरटीओ, वीरेन्द्र नाथ राजभर, पीटीओ उपस्थित रहे। वहीं ट्रांसपोर्ट यूनियन की ओर से जयराम सिंह, जय सिंह, संतोष पटेल, मयंक गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बस, ट्रक, ऑटो, ई-रिक्शा चालकों के साथ-साथ आम जनमानस ने सहभागिता की। अधिकारियों ने सभी से यातायात नियमों का पालन कर स्वयं व दूसरों की जान बचाने का आह्वान किया।

# ट्यूबवैल की कोठरी में हो रहा था जुआ, पुलिस ने मारा छापा

- जुआ खेलते 20 जुआरी दबोचे, पांच वाहन, 20 मोबाइल व 2.89 लाख रुपये बरामद
- पुलिस लाइन से बैन मंगवा कर सभी जुआरिओं को न्यायालय भेजा



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव ऊबटी के समीप खेत में बने ट्यूबवैल की कोठरी में जुआ का अड्डा चल रहा था। जहां बड़ी संख्या में लोग हार-जीत की बाजी लगा रहे थे। पुलिस को जानकारी होते ही ट्यूबवैल को चारों तरफ से खर लिया और जुआ खेल रहे 20 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से पांच वाहनों और 20 मोबाइलों को भी बरामद किया है। पकड़े गये सभी जुआरियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सीओ अरुण चौरसिया ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में पुलिस टीम ने जुआ खेलते हुए 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फड़ और जामा तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो लाख 89 हजार 610 रुपये बरामद किये हैं। इसके साथ ही पांच वाहन भी बरामद किये हैं। जिनमें एक मारुति सुजुकी आल्टो रंग सिल्वर, एक स्कार्पियों रंग काला, एक थार कार रंग काला, जबकि दो पहिया जिसमें एक मोटर साइकिल स्पलैण्डर रंग काला, एक मोटर साइकिल राईडर और 20 मोबाइल बरामद किये हैं। उन्होंने बताया कि थाना पुलिस को सूचना मिली कि आमरी नहर पटरी के पास ग्राम ऊबटी के खेतों में मुन्नालाल निवासी ऊवटी की ट्यूबवैल की कोठरी के अंदर कुछ स्थानीय एवं बाहर के लोग जुआ खेल व खिलवा रहे हैं। पता चला कि सनोज पंडित निवासी नगला जवाहर जुंआ करवाता है। जो जल्द ही जुआ खेलकर उस ट्यूबवैल से निकलने वाले हैं । सूचना पर थाना पुलिस टीम ने शुक्रवार रात आठ बजे जुआ खेलते हुए मुन्नालाल की ट्यूबवैल की कोठरी के अंदर से गिरफ्तार कर लिया। जिन लोगों को पकड़ा है उनमें रोहित कुमार व गौरव निवासी झफरा थाना जसराना, दिलीप निवासी आमरी, सौरभ निवासी कटरा बाजार, ओमवीर निवासी स्वामीनगर, कालीचरन निवासी सौरारा थाना नसीरपुर, बन्टू निवासी नगला रढा थाना घिरोर जनपद मैनपुरी, सनोज कुमार निवासी नगला जवाहर, रंजीत निवासी कुतुकपुर थाना नसीरपुर, अनिल निवासी छैछापुर थाना नसीरपुर, वीरपाल सिंह, रामभरत, अखिलेश, प्रदीप, अजय सिंह निवासी नरहौली थाना बाह जनपद आगरा ,अभिषेक निवासी छैछापुर थाना नसीरपुर, शैलेष कुमार निवासी निजामपुर गढूमा, कन्हैया निवासी बोझिया, अतुल निवासी नौशहरा और इश्लेश निवासी जफरा थाना जसराना हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, उनि राजीव गौतम, उनि रोहित कुमार, मउनि मधुबाला, राहलु, उनि आदर्श कुमार, उनि जाहिद अली, हेका उदयप्रताप सिंह, हेका सुशील कुमार, का गोविन्द गौतम, का अभिषेक कुमार, हैका दिलीप कुमार और होगा कौशल किशोर शामिल रहे।

## डीसीएम ट्रक चोरी केस में मुठभेड़, दो शातिर घायल

**सुल्तानपुर।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में डीसीएम ट्रक चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 6/7 नवंबर 2025 की रात चोरी हुए डीसीएम ट्रक के संबंध में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान पांच अभियुक्त प्रकाश में आए थे,जिनमें से दो आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।शनिवार को सूचना मिली कि शेष अभियुक्तों में से दो आरोपी सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार से पाखरौली रेलवे क्रॉसिंग की ओर जा रहे हैं। सूचना पर एसओजी टीम व थाना कोतवाली देहात पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी की। खुद को घिरा देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायर किया,जिसमें दोनों अभियुक्तों के पैरों में गोली लगी।घायल अभियुक्तों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार वर्ष 2023 में इन्हीं अभियुक्तों में से चार ने थाना गोसाईगंज क्षेत्र में 34 टन सरिया की लूट की घटना को भी अंजाम दिया था। वर्तमान प्रकरण के पांच अभियुक्तों में वे चार भी शामिल हैं। एक अभियुक्त अभी फरार है,जिसकी गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही हैं।

# रौनक का सेना में चयन, गांव में जश्न का माहौल

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** जिले के भदैंया ब्लॉक के गांव मिश्रपुर मजरे सलाहपुर के रहने वाले रौनक मिश्रा ने भारतीय सेना में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रौनक के सेना में चयन की खबर जैसे ही गांव में पहुंची, खुशी की लहर दौड़ गई। घर से लेकर गांव की गलियों तक जश्न का माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों के बीच ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी जाहिर की।

रौनक मिश्रा, पिता धर्मेंद्र मिश्रा और माता पुनीता मिश्रा के पुत्र हैं। एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले रौनक ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और मजबूत इरादों के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनके पिता धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि बेटे का सपना बचपन से ही देश की सेवा करने का था। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने रौनक के सपनों को कभी टूटने नहीं दिया और हर कदम पर उसका हौसला बढ़ाया। रौनक ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। उन्होंने बताया कि सेना में भर्ती की तैयारी के दौरान कई बार कठिन परिस्थितियां आई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। सुबह-सुबह दौड़, कठिन शारीरिक अभ्यास और पढ़ाई—यही उनका रोज़ का जीवन था। माता पुनीता मिश्रा की आंखों में बेटे की सफलता पर गर्व के आंसू छलक आए। उन्होंने कहा कि आज बेटे ने पूरे परिवार का सिर ऊंचा कर दिया है। गांव के बुजुर्गों ने रौनक की सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया और कहा कि अगर लक्ष्य साफ हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता।

गांव में रौनक की इस उपलब्धि को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि रौनक मिश्रा ने साबित कर दिया कि छोटे गांवों से भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं। उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं में भी देश सेवा का जज्बा और आत्मविश्वास बढ़ा है। हम संतोष तिवारी बता रहे है कि रौनक मिश्रा का सेना में चयन न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे सुल्तानपुर जिले के लिए गर्व की बात है।

## डिवाइडर में कार टकराने से दो घायल



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** मथुरा से गोर्वधन की परिक्रमा करके अपने घर शिकोहाबाद से परिजनों के साथ कार से जा रहे थे तभी कार टोल प्लाजा के निकट टकरा गई। इसमें दो लोग गंभीर घायल हो गये सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए फिरोजाबाद भेजा है। रघुराज सिंह पुत्र महिपाल सिंह निवासी आदर्श नगर थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद अपने परिवारीजनो के साथ मथुरा से गोवर्धन की परिक्रमा करके अपनी कार से अपने घर शिकोहाबाद वापस जा रहे थे। तभी कार टोल प्लाजा पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। जिसमें निखिल पुत्र रघुराज सिंह व धर्मवीर को चोटें आई हैं। जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया कार को हाइड्रा से हटवा कर किनारे खड़ा कराया गया। गनीमत रही बड़ा हादसा होने से टला।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किए



**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** थाना टूण्डला पुलिस द्वारा दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना टूण्डला पुलिस द्वारा गैगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त करन पुत्र निर्मल निवासी नगला विष्णु थाना लाईन पार जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। वहीं एक अन्य वांछित अभियुक्त नूतेन्द्र सिंह पुत्र लाखन सिंह निवासी नगला मस्जिद थाना टूण्डला को गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त अभियुक्तों के विरूद्ध थाना पुलिस ने नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा है।

## जमात इस्लामी हिन्द फिरोजाबाद व सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर ने गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरण किए



**फिरोजाबाद।** सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर व जमात इस्लामी हिन्द फिरोजाबाद यूनिट हल्का उत्तर प्रदेश मगरिब की जानिब से गरीब मजदूर असहाय जरूरत मंद लोगों को कम्बल वितरण किया गया इस मौके पर सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर के जोनल कोऑर्डिनेटर कासिम जान ने सोसाइटी का तररुफ कराया उन्होंने कहा की ज्यादा सर्दी भी एक डिजास्टर हैं और हमारी सोसाइटी देश के 16 से अधिक`जंजम में कम्बल तकसीम करने का काम-वितरण कर रही है जमात इस्लामी हिन्द के मुकमी अमीर रहीस खान ने कहा की गरीब लोगों की खिदमत करना जमात इस्लामी का अहम काम है फिरोजाबाद के`वबपंस ंबजपअपेज और । डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एडवोकेट सगीर खान ने कहा की जमात ए इस्लामी बिना भेदभाव किये जान मानस की सेवा केलिए हमेशा तैयार रहती है मौलाना अली कॉलेज के प्रवंधक डॉ जफरुल इस्लाम ने जमात इस्लामी हिन्द और सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर के कार्य कज सरहाना की। इस मौके पर हाजी सलीम, आरिफ़ अकिब, खालिद, महिला प्रकोष्ठ तहसीन सगीर, चाँदबी, आजम अली आदि लोग उपस्तिथ थे।

# माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** दिनांक 03 जनवरी 2026 को बहुजन सेवा संघ के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले का जन्मदिवस डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क, बांदा में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर संघमित्रा बौद्ध विहार के संरक्षक आर. पी. चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने समाज में महिलाओं की शिक्षा की अलख जगाते हुए पहला स्कूल खोलकर ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने जीवनभर सामाजिक आंदोलनों से जुड़कर महिला सशक्तिकरण और समानता के लिए संघर्ष किया। अपने महान कार्यों के दौरान उन्हें सामाजिक विरोध और कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन वे अपने उद्देश्य से कभी विचलित नहीं हुईं। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने माता सावित्रीबाई फुले के विचारों को आज के समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डी.के. वर्मा, सुरेश प्रसाद, घनश्याम श्रीवाश, रामबाबू वर्मा, दीपु कुमार, गोविंद बौद्ध, अभय कुमार, सत्यप्रकाश यादव एवं आनंद कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन माता सावित्रीबाई फुले के विचारों को आत्मसात करने और समाज में शिक्षा व समानता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ किया गया।

# सावित्री बाई फूले जयंती पर 53 नि:शुल्क मोस्ट पाठशालाओं सहित सेवा और रक्तदान के योद्धाओं का हुआ सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**




**सुलतानपुर।** मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में माता सावित्री बाई फूले जयंती के अवसर पर तिकोनिया पार्क में मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, पूर्व विधायक कादीपुर भगेलू राम, इंजी. राममूर्ति चौरसिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुर्गावती, एडवोकेट अनीस खां, जे.पी. निषाद (वीआईपी), मानवाधिकार प्रियंका प्रियदर्शी, सम्पादक डॉ. राजीव रत्न मौर्य रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सात विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया, जिसमें हाईस्कूल में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 13 छात्रों और इंटरमीडिएट में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 04 छात्रों को लूसेन्ट सामान्य ज्ञान बुक और मोस्ट प्रतिभा सम्मान प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 53 नि:शुल्क मोस्ट पाठशालाओं के संचालकों को माता सावित्री बाई फूले प्रतिमा और शिक्षा रत्न सम्मान प्रशस्ति पत्र दिया गया। वहीं 2025 में रक्तदान करने वाले 70 रक्तदाताओं को तौलिया व मोस्ट जीवन रक्षक रत्न सम्मान प्रशस्ति पत्र दिया गया। साहित्य, कला, विज्ञान, खेल और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 24 लोगों को वीरांगना फूलन देवी फ्रेम्ड फोटो और मोस्ट सेवा रत्न सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही, मोस्ट के कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करने वाले 06 लोगों को एक-एक मोबाइल सेट और मोस्ट रत्न सम्मान प्रशस्ति पत्र दिया गया। सामाजिक संगठनों के 12 पदाधिकारियों को बाबा साहब की फ्रेम्ड फोटो और डॉ. अम्बेडकर रत्न सम्मान प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग/संग्रह करने वाले 150 मोस्ट पदाधिकारियों/समर्थकों को शाल व मोस्ट समाज सृजनकर्ता सम्मान प्रशस्ति पत्र दिया गया। मोस्ट डायरेक्टर शिक्षक श्यामलाल निषाद गुरूजी ने कहा कि विषम परिस्थितियों में जो अधिकारी/ कर्मचारी मुझे प्रताड़ित कर रहे हैं वे जान लें कि समय परिवर्तनशील है सत्ता में जो लोग बैठे हैं वह हमेशा सत्ता में नही रहेंगे, आने वाले समय में हम भी वहां पहुंच सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन नन्दनी बौद्ध एवं सह-आयोजक अर्चना यादव, सुशीला मौर्य, पूजा बौद्ध, सरोजा निषाद व ताहिरा खान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन जीशान अहमद व सह संचालन आरती बौद्ध, डा. गोविन्द भगत व राकेश निषाद तथा अध्यक्षता राधा निषाद एवं सीमा बौद्ध के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को मोस्ट संयोजक रामानन्द बौद्ध, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, डा. आर. धीरेंद्र, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद सहित आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

## पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के कंधे पर एडीजी ने लगाए स्टार

**शाहजहांपुर।** जनपद में तैनात पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को पुलिस विभाग में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं व प्रशासनिक दक्षता के लिए सेलेक्शन ग्रेड प्रदान किया गया है जो 1 जनवरी 2026 से प्रभावी हो गया , यह ग्रेड उन्हें विभाग में कानून व्यवस्था , अपराध नियंत्रण और जनहितकारी पुलिसिंग के लिए दिया गया है राजेश द्विवेदी मार्च 2025 से शाहजहांपुर में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात हैं इससे पहले वह महाकुंभ में मेला अधिकारी रहे जहां सुरक्षा प्रबंधन एवं प्रशासनिक संचालन की जिम्मेदारी कुशलतापूर्वक संभाली इन्हीं सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें बरेली स्थित जोन कार्यालय में आयोजित पिपिंग सेरेमनी कार्यक्रम के दौरान सिलेक्शन ग्रेड प्रदान करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली रमित शर्मा द्वारा राजेश द्विवेदी के कंधों पर रैंक प्रतीक चिन्ह/स्टार कालर बैंड लगाकर सम्मानित किया गया इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी और पूरे पुलिस स्टाफ ने बधाई दी।

# भगवान परशुराम पर फैली भ्रांतियों का शास्त्रोक्त खंडन

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** सनातन परंपरा के महापुरुषों को लेकर आधुनिक विमर्श में अनेक भ्रांतियाँ फैलाई जा रही हैं। इन्हीं में एक प्रमुख नाम भगवान परशुराम का है, जिन्हें प्रायः क्रोधी या क्षत्रिय-विरोधी बताकर प्रस्तुत किया जाता है। विद्वानों का कहना है कि यह दृष्टिकोण न केवल अधूरा है, बल्कि शास्त्र, इतिहास और धर्म-दर्शन—तीनों के साथ अन्याय भी है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भगवान परशुराम हिंसा के नहीं, बल्कि अधर्म के उन्मूलन और न्याय की स्थापना के अवतार हैं। उनका संघर्ष किसी वर्ण या जाति के विरुद्ध नहीं, बल्कि सत्ता के अहंकार और प्रजा-पीड़न के खिलाफ था।

भ्रांति : परशुराम क्षत्रिय-विरोधी थे

यह धारणा ऐतिहासिक तथ्यों से मेल नहीं खाती। स्वयं भगवान परशुराम ने भीष्म, द्रोणाचार्य, कर्ण और दुर्योधन जैसे महान क्षत्रिय योद्धाओं को शस्त्रविद्या प्रदान की। यदि वे क्षत्रिय-विरोधी होते, तो उन्हें दिव्य अस्त्र-शस्त्र क्यों देते?

विद्वानों के अनुसार परशुराम का

**हिंसा नहीं, धर्म-न्याय संयम के प्रतीक हैं परशुराम**

विरोध 'वर्ण' से नहीं, बल्कि अधर्म से था।भ्रांति : परशुराम क्रोधी और हिंसक थे

पुराणों में वर्णित है कि राजा कार्तवीर्य अर्जुन ने सत्ता के मद में आकर महर्षि जमदग्नि की हत्या की थी। इसके बाद परशुराम का संघर्ष व्यक्तिगत प्रतिशोध नहीं, बल्कि राजसत्ता के दुरुपयोग के विरुद्ध न्यायिक प्रतिकार था।


**शास्त्रों में उल्लेख मिलता है—**

यदा यदा क्षत्रियाः धर्मात् पतन्ति, तदा परशुरामः प्रवर्तते।

अर्थात जब शासक वर्ग धर्म से विचलित होता है, तब परशुराम धर्म की रक्षा हेतु सक्रिय होते हैं।

'इक्कीस बार पृथ्वी को क्षत्रिय-विहीन करना'—एक प्रतीक

विशेषज्ञों के अनुसार यह कथन जातीय संहार नहीं, बल्कि अधर्मी सत्ता संरचनाओं के शुद्धिकरण का प्रतीक है। यदि वास्तव में क्षत्रियों का संपूर्ण विनाश हुआ होता, तो राम, भीष्म, पांडव और अर्जुन जैसे महान




चरित्रों का उद्भव संभव नहीं होता।

माता रेणुका वध : चेतना और कर्तव्य का कठिन प्रसंग

भगवान परशुराम द्वारा माता रेणुका वध की कथा को लेकर भी अनेक प्रश्न उठते हैं। धर्माचार्यों का मत है कि यह घटना सामान्य नैतिक मानदंडों से नहीं, बल्कि उच्च चेतनात्मक और धर्मिक स्तर से समझी जानी चाहिए।

यह न तो नारी-विरोध है, न ही क्ररूरता, बल्कि कर्तव्य-बोध, तपोबल और धर्म-संरक्षण का असाधारण प्रसंग है। साथ ही माता रेणुका का पुनर्जीवन इस बात का संकेत है कि यह दंड नहीं, बल्कि शुद्धिकरण और पुनर्स्थापन की प्रक्रिया थी।

वर्ण-समन्वय के अवतार

भगवान परशुराम में—

ब्राह्मणत्व (ज्ञान, तप, विवेक)

क्षात्रत्व (शौर्य, साहस, न्याय)

वैराग्य (सत्ता-त्याग, आश्रम जीवन)

तीनों का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। यही कारण है कि उन्हें चिरंजीवी माना गया है।

आज के समय में परशुराम की प्रासंगिकता

आज जब सत्ता उत्तरदायित्व भूलती दिखती है और धर्म का उपयोग शोषण के लिए किया जाता है, तब भगवान परशुराम यह स्मरण कराते हैं कि—

धर्म की रक्षा केवल प्रवचन से नहीं, आवश्यकता पड़ने पर प्रतिकार से भी होती है।

विद्वानों का मत है कि भगवान परशुराम को 'हिंसक' या 'वर्ण-विरोधी' बताना सनातन चिंतन का सरलीकरण और विकृतिकरण है। वास्तव में वे धर्म के शस्त्रधारी प्रहरी और न्याय के दिव्य प्रतिनिधि हैं।

# कड़ाके की ठंड से मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जनपद में शुक्रवार की रात्रि कड़ाके की ठंड में खेत में बने मचान पर सो रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई पुलिस के मुताबिक 50 वर्षीय मृतक नेत्रपाल पुत्र जागन थाना जैतीपुर क्षेत्र के साही गांव का रहने वाला था जिसकी थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव नरहा में ससुराल थी जो शराब का आदी था जिसकी बीवी मूर्ति देवी अपने बच्चों के साथ पंजाब में एक भट्टे पर मजदूरी करने गए थे पुलिस की माने तो मृतक नेत्रपाल शराब का आदी होने के कारण कभी कभार ही ससुराल जाता था उसका ससुराल में एक कमरे का मकान था अधिकतर इधर-उधर ही गांव में रहता था शुक्रवार की शाम उसका शव केशवपुर गौटिया निवासी बहादुर सिंह के खेत में बने मचान पर पड़ा मिला जिसकी ग्रामीणों ने थाना मदनापुर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शनिवार को पीएम के लिए भेज दिया ग्रामीणों की माने तो नेत्रपाल शराब का आदी था खेत पर बने मचान में सो गया जिसके पास पर्याप्त मात्रा में ओढ़ने के लिए कपड़े नहीं थे कड़ाके की ठंड के चलते मचान पर उसकी ठंड से मौत हो गई है फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है पुलिस ने इस घटना की सूचना उसकी पत्नी मूर्ति देवी को दी तो मूर्ति देवी भी शनिवार को पंजाब से गांव पहुंच गई ।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction catalogue No./Lot no. | Catering-BSB26 |
| Description of Work | Allotment of catering Stall at BSB Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 24.12.2025 |
| Auction Start (All Lots) | 09.01.2026 at 10:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 09.01.2026 at 10:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Varanasi Cantt. (BSB) | Catg-LKO-BSB-SMU-109-25-1 | BSB/PF-10&11/214 | 09.01.2026 at 10:30 hrs. | SMU | SC(WOMEN) |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 35/2026

# वक्त ख़ुद बताएगा गद्दार कौन है: डॉ. माजिद देववन्दी

**वहाज अली खान (निहाल)**



**इटावा।** इटावा महोत्सव के विशाल प्रदर्शनी पंडाल में आल इंडिया मुशायरे का शानदार आयोजन किया गया। सर्द रात और सुबह 3:30 बजे तक मुशायरा प्रेमियों की मौजूदगी और उनकी वाह वाही इस बात की सनद है कि मुशायरा बहुत कामयाबी के साथ पूरा हुआ। मुशायरे का आगाज़ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव ने मंच पर शमा रोशन के बाद अपने संबोधन में कहा मुशायरे में देश के मशहूर शायरों ने आकर चार चांद लगा दिए। मुशायरे के संयोजक फुरकान अहमद पूर्व चेयरमैन नगर पालिका ने जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम व सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य का बैज लगाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सह संयोजक नफीसुल अंसारी व डा.कुश चतुर्वेदी ने शायरों का स्वागत किया। पूर्व चेयरमैन नौशाबा खानम ने हिंदुस्तान की मशहूर व मारूफ़ शायरा अंजुम रहबर का बैज लगाकर स्वागत किया मुशायरे की कामयाबी पर उन्हें मुबारकबाद भी दी। मुशायरे में देश के नामचीन शायरों डॉ.माजिद देववन्दी, अंजुम रहबर, मंजर भोपाली, जौहर कानपुरी आदि ने अपने-अपने शानदार कलाम से मुशायरा प्रेमियों की जमकर वाहवाही लूटी। मुशायरे की सदारत डॉ.माजिद देववन्दी ने की और मुशायरे का शानदार संचालन नदीम फरुख ने किया।

इटावा महोत्सव के विशाल पंडाल में हुए कुल हिन्द मुशायरे में देश के नामबर शायरों ने बीती रात कुछ इस तरह पढ़ा...

हमसे सब्र का तू इम्तेहान मत लेना कि तुमको जिससे बिठाया वही उतरेगा। पहले यह तय करो कि वफादार कौन है, फिर वक्त खुद बताएगा गद्दार कौन है।

**डॉ.माजिद देववन्दी**

ये बलन्दी कहाँ मयस्सर थी, कुछ दुआये है कुछ वसीले है। अंजुम इस शहर के जवा लड़के, मोतियों की तरह रंगीले है।

इकरार भी नहीं इनकार भी नहीं है, है प्यार भी उसी से और प्यार भी नहीं है।

**अंजुम रहबर**

यह आइना है सदाक़त बयान करता है कि इसके आगे अदा कारिया नहीं चलती। यही सुना था बड़ो से यही समझते है, अदालतों में तरफ़दारिया नहीं चलती।

**डॉ.मंज़र भोपाली**

कुछ गरीबों के भी दिन सवर जायेंगे, आप अपनी जरूरत को कम कीजिये। शहर के दुख से अनजान कोई नहीं, कैसे कह दूं परेशा कोई नहीं। ईश्वर भी वही खुदा भी वही, जाने क्यू उसके बंदे अलग हो गए।

**शबीना अदीब**

ख्वाब जो पूरे करने हो तो जुर्रत करनी पड़ती है, किस्मत भी होती है लेकिन मेहनत करनी पड़ती है। आप बड़े है बेशक साहब आप मगर यह भूल गए, इज़्ज़त करवाने से पहले इज़्ज़त करनी पड़ती है।

**डॉ.नदीम शाद**

नदीम फर्रुख ने निज़ामत करते हुए कहा हिन्दू मुस्लिम आपके माथे पर चाहे जो भी हो, आपके सीने में हिंदुस्तान होना चाहिए। शायर राहुल शर्मा मुरादाबादी ने कहा कलमकारों सियासत से बनाकर रखना दूरी, ये तुमसे ले तो सकती है कुछ दे नहीं सकती। डा.ओम शर्मा लखनऊ ने कहा जिस्म से जान निकल लेते कैसे वो खुद को ढाल लेते हैं, बूढ़े मां बाप को भगाकर लोग कुत्ते पाल लेते हैं।

# जिला कारागार में किया कंबल व मोजा वितरण



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिला कारागार हमीरपुर में शीतलहर के बीच बंदियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर के सचिव डॉ. महेंद्र कुमार पाण्डेय रहे। उनके करकमलों से पुरुष बंदियों को कंबल तथा महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों को मोजों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष विभा भारती एवं कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन के अध्यक्ष जिरगाम सिद्दीकी उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से बंदियों को कंबल प्रदान कर मानवता और सामाजिक सरोकार का संदेश दिया।

इस अवसर पर डॉ. महेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि बंदी भी समाज का ही हिस्सा हैं और उनके अधिकारों एवं मानवीय जरूरतों का ध्यान रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बंदियों के मनोबल को बढ़ाने का कार्य करते हैं। कंबल व मोजा वितरण के दौरान तबस्सुम परवीन, ऊषा गुप्ता, मनोज कुमार, अल्ताफ मंसूरी, अभितेज सक्सेना एडवोकेट, मो. तौसीफ एडवोकेट सहित कौमी एकता फाउंडेशन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सुगरा वास्ती ट्रस्ट ने बांटे कंबल



**बिलग्राम (हरदोई)/अवधनामा संवाददाता।** बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर की प्रसिद्ध खानकाह, खानकाह ए कादरीया सुगरविया बड़ी सरकार मोहल्ला मैदानपुरा से संचालित सैयद मोहम्मद सुगरा वास्ती ट्रस्ट की ओर से हर साल की तरह इस साल भी गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से ठंड से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली। कार्यक्रम हज़रत सैयद उवैस मुस्तफा वास्ती बिलग्रामी के ज़ेरे-एहतिमाम संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार बिलग्राम यशवंत सिन्हा उपस्थित रहे। अतिथियों ने जरूरतमंद महिला-पुरुषों को अपने हाथों से कंबल वितरित किए और इस सामाजिक पहल की सराहना की। इस अवसर पर सैयद फैज़ान मुस्तफा वास्ती, एडवोकेट सज्जाद हुसैन, वाजिद हुसैन तथा एडवोकेट रेहान रिसालत हुसैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गरीब महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची इबादत है और आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर राहत और संतोष साफ नजर आया।

## पौष पूर्णिमा पर छिबरामऊ राजघाट पर उमड़ी आस्था की भीड़,गंगा स्नान से भक्तिमय हुआ माहौल



**बिलग्राम (हरदोई)/अवधनामा संवाददाता।** पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर बिलग्राम क्षेत्र के छिबरामऊ राजघाट पर श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। शनिवार तड़के से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए घाट पर पहुंचने लगे। हर-हर गंगे और जय गंगा मैया के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पवित्र गंगा में स्नान कर पुण्य अर्जित किया और परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने गुड़, तिल, वस्त्र, अनाज और धन का दान किया। घाट पर साधु-संतों के सान्निध्य में पूजा-पाठ, मंत्रोच्चार और हवन भी संपन्न हुए, जिससे धार्मिक उल्लास और बढ़ गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गए थे। एसडीएम एन. राम ने बताया कि घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा और शुद्धिकरण की विशेष व्यवस्था की गई थी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए गोताखोरों की तैनाती के साथ-साथ पेयजल के लिए पानी के टैंकर लगाए गए। वहीं सीओ रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि गंगा स्नान क्षेत्र को तीन जोन और सेक्टर में बांटकर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रभावी व्यवस्थाओं के चलते पूरे आयोजन के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनी रही।

## खानकाह ए जहूरिया में मौला अली के जन्मदिवस पर महफिल का आयोजन



**बिलग्राम (हरदोई)/अवधनामा संवाददाता।** मौला अली के जन्मदिवस के मौके पर बिलग्राम नगर स्थित खानकाह ए जहूरिया में अकीदत और एहतराम के साथ महफिल का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज हाफिज रिजवान ने तिलावत ए कुरान के बाद नाते पाक से किया इस अवसर पर हज़रत अली की शान में हाफिज रिजवान कमरुल खान कमर बिलग्रामी असगर अली जहूरी ने मनकबत पढ़ी , जिससे माहौल रूहानी हो गया। महफिल के अंत में सलातो सलाम पढ़कर फातिहा ख्वानी की गई। खानकाह के सज्जादानशीन हजरत अनीस मियां ज़हुरी ने मुल्क व कौम की तरक्की, अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की। इसके बाद तबर्रुक तकसीम किया गया। इस मौके पर अफसर अली जहूरी, असगर अली जहूरी, हाफिज़ रिज़वान सहित बड़ी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे। सभी ने मौला अली की सीरत पर चलने और उनके बताए रास्ते पर अमल करने का संकल्प लिया।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

**मौदहा (हमीरपुर)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सिसोलर पुलिस को सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी मौदहा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वांछित वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त राममनोहर पुत्र गंगादीन, उम्र लगभग 63 वर्ष, निवासी ग्राम टोलामाफ, थाना सिसोलर को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हमीरपुर द्वारा जारी वारंट के आधार पर उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक शिवम दत्त एवं कांस्टेबल निलेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# बिहूनी में निकली माँ कालिका की भव्य झांकी



**जयकारों से गूंज उठा पूरा क्षेत्र**

**अवधनामा संवाददाता**

**मुस्करा (हमीरपुर)।** हमीरपुर जनपद के मुस्करा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिहूनी में रामलीला मंचन के चौथे दिन पूर्णिमा के पावन अवसर पर माँ कालिका की भव्य झांकी निकाली गई। झांकी के दर्शन के लिए गांव ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े।

ग्रामीणों के अनुसार बिहूनी गांव में माँ कालिका की झांकी निकालने की परंपरा सदियों पुरानी है। पूर्णिमा की शाम जैसे ही माँ काली का अलौकिक स्वरूप गांव की गलियों से निकला, पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। झांकी में बैंड-बाजे और डीजे की धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए, वहीं खप्पर लिए भक्त माँ के रथ के आगे-आगे चलते दिखाई दिए।

झांकी का सबसे भावुक क्षण तब आया जब माँ काली का रथ रामलीला मंच पर पहुँचा। यहाँ माँ कालिका ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के दर्शन किए तथा मंच पर भव्य आरती उतारी गई। मान्यता है कि इस अद्भुत मिलन के दर्शन से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। रथ के पीछे घोड़े चल रहे थे, जिससे दृश्य और भी आकर्षक बन गया।

## पाइपलाइन लीकेज से सड़कें खराब, हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

**मौदहा (हमीरपुर)।** सरकार जहां 'पानी बचाओ' अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए लगातार जागरूकता फैला रही है, वहीं जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा में पिछले एक सप्ताह से पाइपलाइन फटी होने के कारण पानी सड़कों पर बह रहा है। लगातार जलभराव के कारण गांव की गलियां और सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। भीषण ठंड में कीचड़ और पानी से होकर गुजरने को ग्रामीण मजबूर हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी ग्राम पंचायत और संबंधित विभाग ने समस्या के समाधान की कोई सुध नहीं ली है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। यदि शीघ्र पाइपलाइन की मरम्मत नहीं कराई गई तो सड़क पूरी तरह खराब होने के साथ-साथ जल संकट और गहरा सकता है।

**खण्डेह महोत्सव के दूसरे दिन विराट दंगल**

# हलवानों ने दिखाए दांव-पेंच



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा (हमीरपुर)।** प्राचीन मंदिरों और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध खण्डेह गांव में आयोजित खण्डेह महोत्सव के दूसरे दिन जंगल के समीप स्थित महाराज बीरादेव मंदिर प्रांगण में विराट इनामी दंगल का आयोजन किया गया। दंगल से पहले हवन-पूजन और पारंपरिक दिवारी नृत्य का आयोजन हुआ।

आयोजक लालू दुबे ने बताया कि खण्डेह गांव अपनी पुरानी सभ्यता, पांच सौ वर्ष पुराने राम-जानकी मंदिर, शिवालय तथा चार सौ बीघे में फैले सागौन के जंगल के लिए जाना जाता है। दंगल में दूरदराज से आए नामी पहलवानों ने अपने-अपने दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मुख्य मुकाबले में नीरज पहलवान (मार्का बांदा केसरी) और हुकुम पहलवान (कुसमरा, बुंदेलखंड केसरी) की कुश्ती बराबरी पर छूटी। वहीं पूनम (कानपुर) ने प्रिया (गोरखपुर) को चित किया।

इसके बाद माही पहलवान (अयोध्या) और निर्जला पहलवान (हरियाणा) के बीच हुई कुश्ती में निर्जला ने जीत दर्ज की, जो दंगल का मुख्य आकर्षण रही। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद, ग्राम प्रधान गुसियारी असरार अहमद खान, अनुराग दुबे, अशोक दुबे, जनार्दन द्विवेदी, प्रधान कामता प्रसाद श्रीवास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्रीराम कथा के दूसरे दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग पर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**चोपन/सोनभद्र।** शनिवार को नर्वदेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास दिलीप कृष्ण भारद्वाज महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती के मंगल विवाह की कथा का अत्यंत सजीव और भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के दौरान उपस्थित श्रद्धालु स्वयं को शिवङ्कपार्वती विवाह का साक्षी अनुभव करते हुए भजनों में झूमते नजर आए। कथाव्यास श्री भारद्वाज महाराज ने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए गुरु महर्षि नारद के निर्देश पर कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भोलेनाथ ने पार्वती को पत्नी रूप में स्वीकार किया और शिव पार्वती का पावन विवाह संपन्न हुआ। भगवान शिव की अद्भुत बारात और इस अनोखे विवाह का वर्णन सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे। उन्होंने भगवान शिव के प्रथम विवाह की कथा का भी विस्तार से वर्णन किया। कथा में बताया गया कि एक बार भगवान शिव अगस्त्य ऋषि के आश्रम से कथा श्रवण कर लौट रहे थे, तभी उन्हें भगवान राम के दर्शन हुए। शिवजी ने दूर से ही प्रभु राम को प्रणाम किया और माता सती से भी प्रणाम करने को कहा।

# दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी के तत्वावधान में दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बालक एवं बालिका का आयोजन दिनाँक 2 जनवरी एवं 3 जनवरी 2026 को प्रातः10 बजे से महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम इटावा में किया गया। प्रतियोगिता में माध्यमिक विद्यालयों के अधिकतम 19 वर्षीय बालक बालिका वर्ग के लगभग 150 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उद्घाटन प्रतियोगिता संयोजक गौरव पाठक ने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर किया। जिसमें 100 मीटर 14 वर्ष से कम बालक वर्ग में आर्यन सेंट मेरी प्रथम रुद्रप्रताप सेंट मेरी द्वितीय तेजस संस्कृति विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अर्पिता यूपीएस जैनपुर नागर जसवंतनगर ने प्रथम संजू धनुआ द्वितीय दिव्या संस्कृति विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक वर्ग में मनीष बाबू धनुआ प्रथम रुद्रप्रताप सेंट मेरी द्वितीय जानसल डीके स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अर्पिता यूपीएस जैनपुर नागर ने प्रथम संजू धनुआ ने द्वितीय व श्रष्टि संस्कृति विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 19 वर्ष से कम बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में सत्यपाल जनसहयोगी कालेज ने प्रथम डॉनसल धनुआ ने द्वितीय पीयूष एसएवी भरथना तृतीय रहे। बालिका वर्ग में कामनी जीजीआईसी प्रथम साक्षी मुलायम सिंह कॉलेज द्वितीय मुस्कान चौधरी सुघर सिंह तृतीय रही। 200 मीटर बालक वर्ग में सत्यपाल जनसहयोगी कॉलेज भरथना प्रथम अभिनव यादव अर्चना मेमोरियल द्वितीय रितिक ब्लूवर्ड कॉलेज तृतीय रहे। मुस्कान जीजीआईसी प्रथम शिल्पी चौधरी सुघर सिंह द्वितीय मुस्कान चौधरी सुघर सिंह तृतीय रही। 400 मीटर बालक वर्ग में रितिक ब्लूवर्ड प्रथम बालिका वर्ग में मुस्कान जीजीआईसी प्रथम रही। 800 मीटर बालक वर्ग में अनिकेत केके इंटर कालेज प्रथम स्वार्थी धनुआ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर बालक वर्ग में मोहित आरडी पब्लिक स्कूल ने प्रथम बालिका वर्ग में सुरभि मुलायम सिंह इंटर कालेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया बालक वर्ग लम्बी कूद में सुमित धनुआ प्रथम रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में ग्राम प्रधानों संग संवाद बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख संदीप नायक ने सामुदायिक सहभागिता को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से निकटवर्ती ग्रामों के ग्राम प्रधानों के साथ एक संवादात्मक बैठक आयोजित की। इस बैठक में कोटा ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान प्रमोद तिवारी, चिलकाटांड ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान हीरालाल तथा परसवार राजा ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान अविनाश भारती की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर नायक ने सभी सम्मानित ग्राम प्रधानों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं, एनटीपीसी सिंगरौली को निरंतर मिल रहे उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा क्षेत्रीय विकास एवं जनहित से जुड़े विविध विषयों पर सार्थक एवं गहन विचार-विमर्श किया। उन्होंने विशेष रूप से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, एनटीपीसी टाउनशिप एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, तेज एवं रेस ड्राइविंग की रोकथाम तथा यातायात अनुशासन सुनिश्चित करने हेतु व्यापक जनजागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। नायक ने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली चिलकाटांड, कोटा एवं परसवार राजा ग्रामों में जनसुविधाओं के विस्तार और आधारभूत विकास कार्यों को वृहद स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कोन तथा कचनरवा लैम्पस मे धान डिलीवरी न होने से गोदाम में जगह नही

**कोन/सोनभद्र।** सहायक आयुक्त एवं सहायकनिबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ सदर अवधेशसिंह ने कोन विकासखंड अंतर्गत कोन लैम्पस और कचनरवा लैम्पस मे खुले धान क्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया। कचनरवा मे 4600 कुंटल खरीद पाई गयी। केन्द्र प्रभारी उदयवीर ने बताया कि डिलीवरी न होने के कारण गोदाम मे जगह नही है।

एडीसीओ ने प्रभारी को निर्देशित किया कि क्रय एजेंसी से संपर्क कर तत्काल डिलीवरी सुनिश्चित करायें। कोन लैम्पस मे 12ः30 बजे तक प्रभारी आशुतोष अनुपस्थित पाए गए। उनके द्वारा मोबाइल फोन भी नही उठाया जा रहा था। आस पास के किसानो द्वारा शिकायत की गई कि प्रभारी अक्सर पलायित रहते है तथा बगैर तौल हुए आनलाईन खरीद कर ली जाती है।एडीसीओ ने बताया कि केन्द्र पर 3500 कुंटल के लक्ष्य के सापेक्ष 6000 से अधिक खरीद की रिपोर्टिंग है तथा डिलीवरी शून्य है। उन्होने किसानो को आश्वस्त किया कि स्थानीय सभी किसानो की धान खरीद सुनिश्चित कराई जाएगी तथा पूर्व मे हुई खरीद के किसानो का सत्यापन भी कराया जाएगा।चूंकि कल हजरत अली जयंती तथा परसो रविवार का अवकाश है अतः सोमवार से पुनः खरीद प्रारंभ होगी। एडीसीओ ने कहा कि धान खरीद मे पारदर्शिता और नियमबद्धता सबसे जरूरी है ।नियमो से विचलन की स्थिति मे दोषी केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध सुसंगत धाराओ मे प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। किसानों का आरोप है क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा धान न खरीदकर बिचौलिए के माध्यम से खानापूर्ति किया जा रहा है। किसानों ने क्रय केंद्रों पर की गई खरीददारी की जाँच कराकर सूची सार्वजनिक करने की मांग किया है।

# जो अली का नहीं वो खुदा का नहीं, जो नबी का नहीं वो अली का नहीं

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** मौलाए कायनात हज़रत अली की पैदाइश के खुशनुमा मौके पर राहत अक़ील की ओर से शरीफ मंज़िल सैदबाड़ा में मेहफ़िल का आयोजन किया गया। महफ़िल में शायरों ने मौला अली की शान में बेहतरीन कलाम पेश किए।

महफ़िल का शुभारंभ मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कुरान पाक की तिलावत से करते हुए कहा मौला अली की पैदाइश काबे में हुई यह मर्तबा न किसी और को मिला है और न ही कयामत तक किसी को मिलेगा। इसी तरह खाने काबे पर अली के बाद खुतबा देने का मर्तबा मौला अब्बास को मिला। इसके अलावा काबे में खुतबा देने का किसी को मर्तबा नहीं मिला। सलीम रज़ा ने कहा रंजो अलम मिटाते हैं मौलाये कायनात, मुश्किल में काम आते हैं मौलाये कायनात। अख्तर अब्बास मोंटू ने कहा निशा दीवार का ये आज भी इकरार करता है, काबा टूटकर मौला अली से प्यार करता है। तनवीर हसन ने कहा अली अली है खुदा नहीं है मगर खुदा से जुदा नहीं है, खुदा नहीं है तुम्हारे दिल मे अगर अली की विला नहीं है। तसलीम रज़ा, सफीर हैदर, ताबिश रिज़वी, आबिद रज़ा, अर्श ने भी कलाम पेश किए। महफ़िल में हाजी अरशद मरगूब, मो.मियां, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़वी, अयाज हुसैन, आदिल अख़्तर गुड्डू, ज़हूर नक़वी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर हज़रत मौला अली की पैदाइश का जश्न मनाया।

# जाप कार्यकर्ताओं ने मनाया भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले का जन्मदिन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज आज दिनांक 03 जनवरी 2026 दिन शनिवार को राबर्ट्सगंज के सिंचाई डाक बंगला में जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा एवं संस्थापक तथा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा जी के निर्देशानुसार पार्टी कार्यकर्ताओं ने नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका महान समाज सेविका क्रांतिज्योति माता सावित्री बाई फुले की जयंती धूम धाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ भागीरथी सिंह मौर्य प्रदेश प्रमुख महासचिव जन अधिकार पार्टी ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले ने महिलाओं के लिए शिक्षा का मार्ग खोला, और दलित व महिलाओं को शिक्षित करने के लिए आजीवन संघर्ष किया उन्होंने विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा दिया, बाल विवाह का विरोध करते हुए सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई और स्त्यशोधक समाज के माध्यम से सामाजिक समानता और न्याय के लिए आजीवन काम किया जिससे माता सावित्री बाई फुले को भारत का प्रथम शिक्षिका कहा जाता है। विशिष्ट अतिथि सुमंत सिंह मौर्य मंडल प्रभारी वाराणसी ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले महिलाओं के लिए पहला स्कूल 1848 में महाराष्ट्र के पुणे में खोला और उन्होंने पुणे में महिलाओं के लिए कुल 18 स्कूल खोलने का काम किया जब वे स्कूल जाती थी तो मनुवादी लोग उनके ऊपर गोबर, कीचङ फेंका करते थे परंतु वे अपने रस्ते से विचलित नहीं हुई और महिलाओं, पिछड़ों, आदिवासियों के लिए आजीवन संघर्ष करती रही। जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य एवं मंडल सचिव श्रीपति विश्वकर्मा ने कहा कि सावित्री बाई फुले को भारत में महिला शिक्षा और सशक्तिकरण का प्रतीक माना जाता है, जिन्होंने सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ने के साथ ही समानता के लिए वकालत किया।

# निर्वाचन आयोग ने विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियाँ बदलीं

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी बी0 एन0 सिंह ने अवगत कराया है की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से सम्बन्धित कार्यकम की तिथियों को संशोधित कर दिया गया है आयोग द्वारा संशोधित कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन की तिथि 06 जनवरी, 2026, दावे एवं आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी,2026 तक, नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 6 जनवरी से 27 फरवरी,2026 तक, मतदाता सूचियों के निर्धारित मापदंडों की जाँच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने की तिथि 03 मार्च,2026 तक तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन की 06 मार्च,2026 तक निर्धारित की गयी है। उन्होंने समस्त BLO सम्बन्धित राजनैतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त किये गये BLA के साथ मतदान स्थल पर उपस्थित होकर दिनांक 04 व 05 जनवरी, 2026 को बैठक करेगें और निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-1) पर कार्यवृत्त तैयार करते हुए अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक और डुप्लीकेट नामों की सूचियों को सम्बन्धित BLA को उपलब्ध कराते हुए अनुलग्नक 3 पर हस्ताक्षर प्राप्त करेंगे। उक्त कार्यवृत्त तथा अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक और डुप्लीकेट नामों की सूचियाँ बी0एल0ओ0, बी0एल0ओ ऐप पर अपलोड़ कर देगें। बीएलओ उक्त बैठक में मौजूद रहे BLA की उपस्थिति भी (अनुलग्नक-3) अपने पास सुरक्षित रखेगें। उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

# यूपी के 70 संस्थानों पर अब केंद्रीय निगरानी

अवधनामा ब्यूरो

- महिला कल्याण विभाग का स्टेट डेटा मैनेजमेंट सेंटर शुरू
- बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम
- बाल गृहों में पारदर्शिता बढ़ाने की नई पहल

**लखनऊ।** निदेशक महिला कल्याण संदीप कौर ने जानकारी दिया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला एवं बाल सुरक्षा, संरक्षण तथा संस्थागत व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल की गई है। इसके तहत विभाग द्वारा संचालित बाल गृहों एवं महिला शरणालयों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी हेतु स्टेट डाटा मैनेजमेंट सेंटर का संचालन महिला कल्याण निगम, बंगला बाजार स्थित भवन में माह अप्रैल 2025 से 24×7 आधार पर किया जा रहा है। इस व्यवस्था के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के 60 बाल गृहों एवं 10 महिला शरणालयों, कुल 70 संस्थाओं, में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं, जिससे इन संस्थाओं में निवासरत बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा, देख-रेख तथा समग्र व्यवस्थाओं पर निरंतर नजर रखी जा सके।

निगरानी व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं विकेन्द्रित बनाने के उद्देश्य से संबंधित 17 मंडल के सापेक्ष 15 मंडलीय कार्यालय में एवं 31 जनपदों के सापेक्ष 28 जनपदीय कार्यालय में भी मॉनिटरिंग हेतु डिस्प्ले लगाए जा चुके हैं, शेष 2 मंडल कार्यालय यथा चित्रकूट एवं अयोध्या एवं 3 जनपद कार्यालय यथा चित्रकूट, अयोध्या, सहारनपुर में कार्य प्रक्रियाधीन है जो कि 1 सप्ताह के भीतर पूर्ण कर दिया जाएगा। ताकि मंडल एवं जिला स्तर पर भी अधिकारी संस्थाओं की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सकें। इसके साथ ही मुख्यालय स्तर पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेट डाटा मैनेजमेंट सेंटर की स्थापना की गई है, जो पूरे प्रदेश की सभी संस्थाओं की केन्द्रीय निगरानी का कार्य कर रहा है। मुख्यालय स्थित एसडीएमसी में कुल 6 प्रशिक्षित कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, जो 2-2 कर्मियों की 3 शिफ्टों में कार्य करते हुए 24म7 इस केंद्र का संचालन कर रहे हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी समय निगरानी व्यवस्था बाधित न हो और संस्थाओं की गतिविधियों पर लगातार नजर बनी रहे।



एसडीएमसी द्वारा प्रदेश की समस्त 70 संस्थाओं में नियमित रूप से निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर विशेष निगरानी की जाती है- 1. संस्थाओं में साफ-सफाई एवं स्वच्छता की स्थिति।

2. समस्त स्टाफ की उपस्थिति एवं ड्यूटी के प्रति उनकी नियमितता।

3. बच्चों के प्रति स्टाफ का व्यवहार, संवेदनशीलता एवं अनुशासन।

4. किचन में स्वच्छता, भोजन की तैयारी की स्थिति एवं गंदगी की संभावना।

5. ड्यूटी के समय सुरक्षा गार्ड की सतर्कता, जागरूकता एवं निर्धारित स्थान पर उपस्थिति।

6. संस्था में निवासरत सभी बच्चों की समुचित देख-रेख, सुरक्षा, रहन-सहन एवं सुव्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित करना।

स्टेट डाटा मैनेजमेंट सेंटर के माध्यम से किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा मानकों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचना दी जाती है, जिससे समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# गणित प्रतियोगिता में सिद्धार्थ ने जीता गोल्ड

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के कक्षा-5 के मेधावी छात्र सिद्धार्थ वर्मा ने रीजनल एबेकस प्रतियोगिता में गोल्ड टॉपर का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित करने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने सिद्धार्थ की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र सिद्धार्थ के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष रूप से प्रेरित करता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप छोड़कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

## लखनऊ में बंद मकान को बनाया निशाना

# लाखों की नकदी और जेवरात चोरी

अवधनामा ब्यूरो



**दुबग्गा लखनऊ।** दुबग्गा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली योजना में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

पीड़िता संगीता रावत परिवार सहित मायके गई हुई थीं, इसी दौरान चोरों ने उनके घर से लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। पीड़िता के अनुसार वह 31 दिसंबर को अपने बच्चों के साथ ग्राम रनियामऊ गई थीं। जब वह वापस लौटीं तो घर का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि घर में रखी करीब 3.50 लाख रुपये नकद और भारी मात्रा में कीमती जेवरात गायब हैं। कई तरह के गहने और मोबाइल भी चोरी चोरी गए सामान में सोने का हार, झुमकी, झाला, 8 अंगूठियां, 2 चेन, 3 जोड़ी कटिया, मांग टीका, नथुनी, कंठ माला, सोने के सिक्के शामिल हैं। इसके अलावा चांदी की कमर पेटी, पायजेब, बिछिया और एक सैमसंग गैलेक्सी A34 5G मोबाइल फोन भी चोर ले गए। पुलिस ने दर्ज किया केस, CCTV खंगाले जा रहे। सूचना मिलते ही दुबग्गा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पीड़िता की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा (निवास स्थान में चोरी) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## भाकपा ने कॉमरेड जीरा भारती की गिरफ्तारी की निन्दा

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड सुधाकर यादव व प्रदेश स्थायी समिति की सदस्य कॉमरेड जीरा भारती को दोपहर बाद मिर्जापुर जिले में तानाशाही पूर्ण तरीके से गिरफ्तार कर लेने की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने गिरफ्तार नेताओं की अविलंब बिना शर्त रिहाई की मांग की है। साथ ही, योगी सरकार की दमनकारी कार्रवाई के खिलाफ छह जनवरी को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी व पोलित ब्यूरो सदस्य का. कुणाल ने बताया कि आज दिन में करीब 3.30 बजे दोनों साथियों को चुनार के अदलहाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने बिना कोई कारण बताये एवं बगैर कोई वारंट दिखाये गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि उन्हें किस कारण या किस मामले में ले जाया जा रहा है। यह भी नहीं पता चला है कि इन नेताओं को कहां ले जाया गया है। प्रदेश प्रभारी ने बताया कि का. सुधाकर यादव व का. जीरा भारती मिर्जापुर जिले में वनाधिकार कानून के तहत वहां के आदिवासियों के वनाधिकारों को बहाल करने, उनका विस्थापन रोकने व बुलडोजर कार्रवाई वापस कराने के संघर्ष का नेतृत्व कर रहे हैं।

# डबल इन्जन सरकार- जनता के द्वार

- 'ग्राम चौपालो ( गांव की समस्या गांव मे समाधान) के माध्यम से किया जा रहा है ग्रामीणों की समस्याओ का समाधान'
- 'ग्राम चौपालों में 06 लाख से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का किया गया निस्तारण'
- 'अब तक 01 लाख 80हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप



मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1326 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3295 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3295 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5599 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 64 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुरू से अब तक 01 लाख 80 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है और 06 लाख से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# प्रो. जय प्रकाश सैनी लखनऊ यूनिवर्सिटी के नए वीसी नियुक्त

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** गोरखपुर की मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी को लखनऊ यूनिवर्सिटी का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उनकी नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया है। राज्यपाल और विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा-12 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रो. जय प्रकाश सैनी को लखनऊ विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है। बताया जा रहा है कि प्रो. जय प्रकाश सैनी झांसी जिले के रहने वाले हैं। वो साल 2023 में गोरखपुर के मदन मोहल मालवीय विवि के कुलपति बने थे। प्रो. जेपी सैनी मदन



मोहन मालवीय विवि के आखिरी प्रिंसिपल भी रह चुके हैं। इनके कार्यकाल के दौरान ही तत्कालीन इंजीनियरिंग कॉलेज को प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का दर्जा मिला था। एमएमएमयूटी के कुलपति बनने से पहले प्रो. जेपी सैनी नई दिल्ली की नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति भी रह चुके हैं। जानकारी के मुताबिक, प्रो. जेपी सैनी ने केएनआईटी सुल्तानपुर से साल 1987 में इलेक्ट्रॉनिक्स से बीटेक किया था, जबकि आईआईटी कानपुर से एमटेक किया है। 2001 में पीएचडी प्राप्त की है। प्रो. जेपी सैनी के पास 30 साल से ज्यादा का अनुभव है।

## अहमद हसन न्यायप्रिय पुलिस अधिकारी और आदर्श सियासी नेता थे

**लखनऊ।** अहमद हसन वेलफेयर ट्रस्ट, लखनऊ की ओर से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्व अहमद हसन की 92वीं जयंती के अवसर पर परिवारजनों द्वारा मदरसों में क़ुरआन ख़्वानी और ईसाल-ए-सवाब किया गया। ट्रस्ट की ओर से अहमद हसन जीवन और व्यक्तिव विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पुलिस विभाग के उनके पुराने साथी शारिक़ अलवी ने की। वेबिनार में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए ट्रस्ट के संयोजक और अहमद हसन के क़रीबी सहयोगी डॉ. अब्दुल क़ुद्दूस हाशमी ने कहा कि अहमद हसन साहब अनेक गुणों के मालिक होने के बावजूद कभी अपने व्यक्तित्व-प्रचार में रुचि नहीं रखते थे। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री के रूप में शासन स्तर पर आम जनता, अल्पसंख्यकों, विशेषकर पिछड़े पसमांदा मुसलमानों के अधिकारों की बहाली के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने मुलायम सिंह हुकूमत में बुनकरों को फ़्लैट रेट पर बिजली उपलब्ध कराई।

# राजधानी में दिखा जाम से छुटकारा का प्रयास

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार देर रात कानून व्यवस्था समेत कई मुद्दों को लेकर हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का असर दिखने लगा है आज सुबह से ही राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में जाम से छुटकारा दिखाने के लिए पुलिस सक्रिय नज़र आयी जहां चौराहों के आस पास टेम्पो टैक्सी ई रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई दिकहि दी वहीं पुराने लखनऊ के ठाकुर गंज चौक थाना क्षेत्रों में खुद थाना प्रभारी सक्रिय दिखे हालाँकि जनवरी के पूरे माह को यातायात जागरूकता के रूप में मनाने की घोषणा हुई थी लेकिन इसका पालन बहुत ही काम दिख रहा था

घंटा घर से लेकर हुसैनाबाद तक लगने वाले जाम से जनता बहुत बुरी तरह से त्रस्त है 2 मिनट का रास्ता 15 से 20 मिनट में तय होता है वहीं आधी से ज़्यादा सड़क पर होटलों की मेज़ और वाहनों ने जाम कर रखा है इसमें पुलिस की भूमिका मूक दर्शक की नज़र आती थी।



**लखनऊ। नव वर्ष पर ट्रैफिक जाम मामले में बड़ी कार्रवाई सतखंडा, रूमी गेट,हुसैनाबाद चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर। डीसीपी वेस्ट ने चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर। रिवर बैंक कॉलोनी, पुराना हाइकोर्ट चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई। दोनों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए। चौक ट्रैफिक इंस्पेक्टर पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी। कार्रवाई के लिए डीसीपी ट्रैफिक को रिपोर्ट भेजी गई है। सभी पर अतिक्रमणकारियों पर एक्शन ने लेने का आरोप। अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं, जिस कारण लगा भीषण जाम। कल ट्रैफिक को लेकर सीपी ने बैठक में जताई थी नाराजगी।**

सीएम राजधानी सहित अन्य शहरों में जाम की समस्या का संज्ञान लेते हुए अवैध टैक्सी स्टैंड , बस स्टैंड और वेंडरों को हटाकर निर्धारित स्थलों पर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। योगी ने शुक्रवार रात अधिकारियों संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में ये निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि भूमि कब्जा करने वाले माफिया एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। आमजन की भूमि एवं संपत्ति की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। जिला स्तर पर नियमित जनसुनवाई आयोजित कर शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। इसमें लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी।

# राइफल क्लब मैदान बच्चों के खेलने का एक महत्वपूर्ण स्थान है : अजय राय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस ने बांदा शहर में स्थित राइफल क्लब मैदान में व्यावसायिक भूखण्ड नीलाम करने की बांदा विकास प्राधिकरण के विज्ञापन को लेकर कड़ी आलोचना करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर नीलामी को तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे अपने पत्र में कहा कि बांदा स्थित राइफल क्लब मैदान बच्चों के खेलने का एक महत्वपूर्ण स्थान है, जो युवाओं और बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांदा विकास प्राधिकरण ने राइफल क्लब मैदान को नीलाम करने का विज्ञापन जारी किया है। श्री राय ने अपने पत्र में कहा कि शहरों में बढ़ती आबादी और शहरीकरण के चलते खुले स्थानों की कमी हो रही है, जिससे बच्चों का विकास प्रभावित हो रहा है। श्री राय ने अपने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री से बच्चों के स्वस्थ भविष्य और जनहित को ध्यान में रखते हुए नीलामी को तत्काल रोकने का आदेश जारी करने की मांग करते हुए मैदान को व्यावसायिक गतिविधियों का केन्द्र बनने के स्थान पर खेल के मैदान में संरक्षित करने की मांग की। पत्र में श्री राय ने समाज के सभी वर्गों के सुझाए विचार के अनुसार भारत रत्न मेजर ध्यानचंद की याद में मिनी स्टेडियम का निर्माण कर खेल विकास को बढ़ावा देने की मांग की।



## कांग्रेस ने मनाई सावित्री बाई फुले की जयंती

भारत की पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारक और नारी सशक्तीकरण की अग्रदूत सावित्री बाई फुले की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह की मौजूदगी में मनायी गयी। श्री सिंह ने सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने उस दौर में शिक्षा की अलख जगाई जब महिलाओं और दलितों को पढ़ने से वंचित रखा जाता था। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, जातिगत भेदभाव और लैंगिक असमानता के खिलाफ संघर्ष करते हुए शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम बनाया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता अनीस अंसारी, शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. अमित कुमार राय सहित अन्य कांग्रेसियों ने भी सावित्री बाई फुले को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# मनरेगा बचाओ अभियान चलाएगी कांग्रेस

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश में मनरेगा बचाओ अभियान चलाएगी। अभियान को गति देने और सशक्त रूप से क्रियान्वित करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेस एक्टिविस्ट को मनरेगा बचाओ अभियान के कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा कांग्रेस शासनकाल की केवल एक सरकारी योजना ही नहीं बलिक ग्रामीण भारत के करोड़ों गरीब परिवारों की जीवनरेखा है। यह योजना भूख, बेरोजगारी और पलायन के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच है। श्री राय ने कहा कि मनरेगा योजना ने देश में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं और भूमिहीन मजदूरों को सम्मान क साथ काम का अधिकार दिया। भाजपा सत्ता में आने के बाद योजना में एक नया बदलाव कर इस अधिनियम को पूरी तरह खत्म करने का कुत्सित प्रयास कर रही है। कांग्रेस भाजपा सरकार को इस मजदूर विरोधी बदलाव को न करने देने को प्रतिबद्ध है। श्री राय ने बताया कि कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय के निर्देश पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी के निर्देश पर मनरेगा बचाओ अभियान को प्रदेश में गति देने और सशक्त रूप से क्रियान्वित करने के लिए सभी जनपदों में जिला-शहर अध्यक्षों के सहयोग में वरिष्ठ कांग्रेस एक्टिविस्ट को कोआर्डिनेटर के तौर पर नामित किया गया है। यह कोआर्डिनेटर जिला संगठन और जनपद के वरिष्ठ कांग्रेसियों के सहयोग से केन्द्रीय नेतृत्व की ओर से दी गयी कार्ययोजना को मूर्त रूप देते हुए चौपाल और अन्य कार्यक्रम संचालित करेंगे।




# शिया यतीमखाने में मना यौम-ए-अली

- इमामबाडा कसरे हुसैनी में भी सजी महफ़िल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) की यौमे विलादत के मौके पर इदारा-ए-वारिसे काबा ने शिया यतीमखाना काजमैन रोड में यौमे अली शीर्षक से राष्ट्रीय एकता पर आधारित अखिल भारतीय महफिले मकासिदा का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना अम्मार काजिम जरवली ने की। महफिल का आगाज तिलावते कुराने पाक से किया गया। उलमा की तकरीर के बाद महफिल में शायरों ने मौला अली की शान में अपने कलाम पेश किये। जिसे लोगों ने सुनकर खूब दाद दी। इस खुशी के अवसर पर आतिशबाजी का प्रदर्शन भी किया गया व शिया यतीमखाने में भव्यरूप से सजावट की गयी। इमामे जमाना हाल दरगाह वज़ीरबाग में महफ़िले मक़ासिदा का आयोजन किया गया। महफिल को मौलाना बाकर मशहदी ने खिताब किया। इसके बाद शायरों ने मौला अली की शान में कसीदे पढ़े। जिसके बाद जुलूस ए मौलूदे काबा निकला। जश्न का आयोजन विलायत फाउंडेशन ने किया था। इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा में महफिल को मौलाना कल्बे जव्वाद और मौलाना हसनैन बाकरी ने खिताब किया। इसके बाद शायरों ने कलाम पेश किये। मस्जिद तहसीन अली खां चौक में मौलाना यासूब अब्बास ने महफिल को खिताब किया।

## विलादत पर लंगर व सबीलों का आयोजन

हजरत अली (अ.स) की विलादत पर विभिन्न इदारों की तरफ से सबीलों व लंगर का आयोजन किया गया। शहर के विक्टोरिया स्ट्रीट, नूरबाड़ी, हसनपुरिया, दरिया वाली मस्जिद, कश्मीरी मोहल्ला बुनियादबाद, सरफराजगंज, मौला नगरी व मुफ्तीगंज सहित अन्य इलाकों में सबील लगाकर लोगों तक इमाम का पैगाम पहुंचाया गया, वहीं इन सबीलों पर बिरयानी, पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल के साथ मिठाईयां, चाय-काफी का वितरण किया गया।

## घरों में दी इमाम अली अस की नज्र, कई इलाकों में लगीं सबीलें

**लखनऊ।** अमीरुल मोमेनीन हजरत अली अलैहिस्सलाम की विलादत की खुशी में शनिवार को 13 रजब का त्यौहार बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर होने वाली महफिलों में देर रात तक नारा-ए-हैदरी-या अली की सदाएं गूंजती रही। शायर हजरत अली (अ.स) की शान में कसीदे पढ़ते रहे। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। अकीदतमंदों ने एक-दूसरे के गले लगकर इमाम (अ.स.) की विलादत की मुबारकबाद दी। इस विशेष मौके लोगों ने घरों, इमामबाड़ों, कर्बलाओं-दरगाहों व इलाकों में बिजली आदि की भव्य सजावट की। इस मौके पर घरों में तरह-तरह के पकवान बनाये गये और बाजार से मिठाईयां खरीद कर विशेषकर खीर पर नज्र दी। पुराने शहर के इलाकों में सुबह से ही लोग नज्रों में शिरकत करने के लिए निकल पड़े। सुबह तड़के नज्र के साथ शुरु हुआ सिलसिला देर रात जश्न में बदल गया। इस मौके पर बड़ों के साथ बच्चों में त्योहार को लेकर काफी उत्साह था वह नये-नये कपड़े पहने नज्रों में शरीक हुए। विलादत की खुशी में आतिशबाजी भी की गई।

# अली अख़्तर ज़ैदी की मजलिसे चहल्लुम आज

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** अली अख्तर ज़ैदी के इसाले सवाब के लिए मजलिसे चहल्लुम कल इतवार को चौक स्थित गुफ़रान-मआब इमामबाड़ा में सुबह 10 बजे आयोजित होगी। इस मजलिस में ख़िताबत मौलाना गुलज़ार जाफ़री करेंगे। इसी समय महिलाओं की मजलिस इमामबाड़ा मलिका जहाँ, तहसीनगंज लखनऊ में होगी। ज्ञात रहे पिछले 16 दिसंबर को बायोलॉजी के प्रवक्ता अली अख़्तर ज़ैदी का हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया था। उनकी तदफ़ीन इमामबाड़ा गुफ़रान-मआब में की गई थी। मरहूम सलेमपुर देवरिया के एक कॉलेज में लेक्चरर थे। सेवानिवृत्ति के बाद वे नानक नगर मुफ़्तीगंज लखनऊ में अपने बेटों के साथ स्थायी रूप से रह रहे थे।

सभी देशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

